ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष नवमी 11:54 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 4 जून 2025
वर्ष 35, अंक 129, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार



# रॉयल चैलेंजर्स आईपीएल के नए किंग

अहमदाबाद, एजेंसी

आईपीएल के 18 साल गुजरने के बाद रॉयल चैलेंजर बेंगलुरू का इंतजार आखिरकार खत्म हुआ। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में बेहद रोमांचक फाइनल में पंजाब किंग्स को 6 रन से हराकर रॉयल चैलेंजर्स इस लीग के आठवें नए चैंपियन बन गए।

## 18 साल में पहली बार चैंपियन बनी विराट की आरसीबी

मैच के आखिरी ओवर में पंजाब किंग्स के सामने 29 रन बनाने का मुश्किल लक्ष्य था। हैजलवुड का सामना कर रहे शशांक सिंह पहली दो गेंदों पर कोई रन नहीं बना सके, इसी के साथ रॉयल चैलेंजर्स का चैंपियन बनना तय हो गया और स्टेडियम में उसके प्रशंसकों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया। आखिरी चार गेंदों में शशांक ने तीन छक्के और एक चौका लगाकर 22 रन बनाए लेकिन तब तक मैच हाथ से फिसल चुका था।

मैच खत्म होते ही सबकी निगाहें विराट कोहली पर टिक गईं जो अंतिम क्षणों में काफी भावुक हो गए थे। टीम के खिलाड़ियों ने कोहली को घेर लिया। इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने पंजाब किंग्स को 191 रन का लक्ष्य दिया था। इसका पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की उम्मीदें तब बिखरनी शुरू हुईं जब 10वें ओवर में 80 रन के स्कोर पर श्रेयस अय्यर के रूप में उसने तीसरा विकेट गंवाया। इसके बाद मैच में लगातार उतार-चढ़ाव आते रहे।

### आईपीएल के पिछले चैंपियन

इससे पहले राजस्थान रॉयल्स, चेन्नई सुपर किंग्स, डेक्कन चार्जर्स, मुंबई इंडियंस, गुजरात टाइटंस, कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम चैंपियन बन चुकी हैं।

## आंसुओं में डूबे कोहली



मैच के आखिरी ओवर में जैसे ही आरसीबी की जीत तय हुई, विराट कोहली भावुक हो गए। उन्होंने खुद पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन फिर भी आंखों से आंसू टपकने शुरू हो गए। मैच की अंतिम गेंद के साथ जैसे ही टीम ने खिताब अपने नाम किया, विराट ने आंसुओं में डूबा अपना चेहरा मैदान पर रख दिया और कुछ सेकेंड वैसे ही बैठे रहे। आईपीएल के पहले सत्र से आरसीबी का हिस्सा रहे विराट कोहली का अब तक खिताब न जीत पाने का मलाल भी उनके आंसुओं के साथ धुल गया। मैदान से बाहर निकलने के बाद पत्नी अनुष्का शर्मा ने उन्हें गले लगाकर जीत की बधाई दी तो एक बार फिर वह भावुक हो गए। कुछ पल के लिए उन्होंने अपना चेहरा अनुष्का के कंधे की ओट में छिपाए रखा। आईपीएल के इतिहास में आरसीबी इससे पहले तीन बार फाइनल में पहुंची थी लेकिन खिताब जीतने में सफल नहीं हो पाई थी।

### ई साला कप नामुड़ु

**बेंगलुरू।** जोश हेजलवुड ने जैसे ही मैच की आखिरी गेंद फेंकी, बेंगलुरू की सड़कों पर लाल जर्सी पहने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के समर्थकों का सैलाब उमड़ पड़ा। आरसीबी और कोहली के शोर से आसमान गूंज गया। 'ई साला कप नामडे (इस साल कप हमारा होगा) का नारा 'ई साला कप नामुड़ु (इस साल कप हमारा है) में बदल गया। कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार और आरसीबी के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने एक्स पर टीम को बधाई दी।

# अग्निवीरों को मिलेगा 20% आरक्षण

## पुलिस आरक्षी, पीएसी, घुड़सवार आरक्षी एवं फायरमैन की सीधी भर्ती में लागू होगा कोटा

- आयु में तीन वर्ष की छूट के साथ सामान्य, एससी, एसटी, ओबीसी समेत सभी वर्गों पर लागू
- अग्निवीरों को इतने आरक्षण की व्यवस्था देने वाला देश का पहला राज्य बना उत्तर प्रदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अग्निपथ योजना के तहत अपना चार साल का कार्यकाल पूरा करने वाले अग्निवीरों को राज्य की पुलिस भर्ती में 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण मिलेगा। मंगलवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए पुलिस आरक्षी, पीएसी, घुड़सवार आरक्षी एवं फायरमैन की सीधी भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई।

आवेदन करने वाले अग्निवीरों को आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट भी दी जाएगी। सरकार की मंशा है कि इस निर्णय से न केवल पूर्व अग्निवीरों को लाभ मिले, बल्कि राज्य को प्रशिक्षित, अनुशासित और प्रेरित बल मिले। कैबिनेट में कुल 11 प्रस्ताव अनुमोदन को रखे गए, जिसमें 10 प्रस्तावों को स्वीकृति मिली। गौरतलब है कि, अग्निपथ योजना के तहत पहले बैच के अग्निवीर वर्ष 2026 में सेवामुक्त होकर लौटेंगे।

इसके बाद वे सीधे उत्तर प्रदेश पुलिस की इन चार श्रेणियों में भर्ती प्रक्रिया का हिस्सा बन सकेंगे। खास बात यह कि जहां केंद्र सरकार और हरियाणा और ओडिशा जैसे कई राज्यों ने केवल 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की है, वहीं उत्तर प्रदेश ने 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देकर बड़ा उदाहरण पेश किया है।

इस निर्णय की जानकारी लोकभवन में पत्रकारों से साझा करते हुए वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि यह आरक्षण सभी श्रेणियों (सामान्य, एससी, एसटी और ओबीसी) पर लागू होगा। अगर कोई अग्निवीर एससी श्रेणी से संबंधित है, तो आरक्षण एससी के भीतर लागू होगा। वहीं, अगर ओबीसी है, तो ओबीसी के भीतर होगा। उन्होंने कहा कि आरक्षी पुलिस, आरक्षी पीएसी, घुड़सवार पुलिस और फायरमैन जैसी श्रेणियों के लिए आवेदन करने वाले अग्निवीरों को आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट भी दी जाएगी।



**पासिंग आउट परेड :** 197 अग्निवीर जवानों ने 31 सप्ताह का कठिन सैन्य प्रशिक्षण पूरा किया। मंगलवार को वाराणसी के गोरखा ट्रेनिंग सेंटर में सभी ने कर्तव्य पालन की शपथ ली। पासिंग आउट परेड में जवानों के कदमताल से ट्रेनिंग कैंपस गूंज उठा।

### योगी कैबिनेट के अन्य महत्वपूर्ण फैसले

- सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण
- पांच मेगा श्रेणी की इकाइयों को प्रोत्साहन धनराशि की स्वीकृति
- तीन निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना के लिए प्रस्तावों को स्वीकृति
- दो ग्रिड लाइनों से बिजली आपूर्ति का लाभ प्रदान करने को मंजूरी
- नोएडा में हल्दीराम की 662 करोड़ की निवेश परियोजना स्वीकृत
- एक जिला-एक उत्पाद योजना की नई नीति 2.0 को मंजूरी मिली
- शहरों में हरियाली को बढ़ावा देने को अर्बन ग्रीन नीति पर मुहर

## अपने घर को बना सकेंगे पर्यटकों के लिए स्टे होम, योजना स्वीकृत

**लखनऊ।** अगर आपका वन रूम सेट फ्लैट या मकान खाली पड़ा है तो इसे आप पर्यटकों के लिए स्टे होम बनाकर मुनाफा कमा सकते हैं। राज्य सरकार ने कैबिनेट से मंगलवार को जिस नीति को हरी झंडी दिखाई है उसके तहत अब धार्मिक और पर्यटन स्थलों में कोई भी व्यक्ति अपने 1 से 6 कमरों तक की इकाई को होमस्टे के रूप में रजिस्टर करा सकता है। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 500 से 750 रुपये तक जबकि शहरी या सिल्वर श्रेणी के होमस्टे के लिए 2000 रुपये आवेदन शुल्क देना होगा। अधिकतम 12 बेड की अनुमति होगी। कैबिनेट में उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) एवं होमस्टे नीति-2025 को मंजूरी दी गई। पर्यटन विभाग के प्रस्ताव के अनुसार, अक्सर देखने में आता है कि प्रमुख धार्मिक या पर्यटन स्थलों पर होटल फुल हो जाते हैं, जिससे पर्यटकों को रुकने में परेशानी होती है। इसी समस्या के समाधान के लिए यह नीति तैयार की गई है। पर्यटक लगातार 7 दिन तक यहां ठहर सकता है। इससे अधिक ठहरने की स्थिति में रिन्यूअल कराना होगा। अनुमति डीएम और एसपी-एसएसपी की अगुवाई वाली कमेटी देगी।

# कारोबारी की बेटी ने दौड़ाई कार, साइकिल सवार को रौंदा

- सड़क पार कर रहे बच्चे और वृद्धा को मारी टक्कर, गंभीर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** खदरा स्थित शिया पीजी कॉलेज के सामने मंगलवार दोपहर करीब 3:30 बजे कार चला रही रियल एस्टेट कारोबारी की बेटी ने साइकिल सवार एलआईसी एजेंट वीरेंद्र पांडेय उर्फ रवींद्र (45) को रौंद दिया। इसके बाद कार अनियंत्रित हो गयी। बेकाबू कार ने सड़क पार कर रहे बच्चे और भीख मांगती एक वृद्धा को भी टक्कर मार दी। इसके बाद कार बिजली के खंभे से टकराकर रुक गई। घटना देख राहगीर व स्थानीय लोग दौड़े और कार सवार महिला को घेर लिया। मदेयगंज पुलिस चालक महिला व उसकी मां को लेकर थाने लेकर चली आई। घायलों को मदेयगंज पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने वीरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। दो लोगों का इलाज बलरामपुर अस्पताल में चल रहा है।



इंस्पेक्टर मदेयगंज राजेश सिंह ने बताया कि हादसे में मृत वीरेंद्र कुमार उर्फ रवींद्र थाना क्षेत्र के खदरा स्थित ज्वाला देवी मंदिर के पास रहते थे। वह एलआईसी एजेंट थे। घायलों में बांसमंडी भानू टोला का रहने वाला 10 वर्षीय दक्ष सोनकर और भीख मांगने वाली वृद्धा है। इंस्पेक्टर ने बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला कि कार चालक सआदतगंज की रहने वाली तनु गुप्ता है। उनके पिता चीनू गुप्ता रियल एस्टेट कारोबारी हैं। वह मां रजनी गुप्ता के साथ मड़ियांव इलाके में एक रिश्तेदार के घर आयोजित समारोह में शामिल होकर घर जा रही थी। इसी दौरान स्टेयरिंग से उनका नियंत्रण खो गया था। इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक के भाई के तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कर ली गयी है।

## सरकार ने नियुक्त किए 12 अपर महाधिवक्ता

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट और इसकी लखनऊ खंडपीठ में राज्य सरकार की ओर से पैरवी के लिए 12 अधिवक्ताओं को बतौर अपर महाधिवक्ता आबद्ध किया गया है। इस आशय की सूचना विशेष सचिव लोकेश नागर ने महाधिवक्ता और हाईकोर्ट के महानिबंधक और लखनऊ खंडपीठ के वरिष्ठ निबंधक को भेजी है। इलाहाबाद के लिए सात जबकि लखनऊ पीठ के लिए कुल पांच अधिवक्ताओं को नियुक्त किया गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के लिए बतौर अपर महाधिवक्ता आबद्ध किए गए अधिवक्ताओं में अमित सक्सेना व अनूप त्रिवेदी के साथ दुर्गाविजय सिंह, महेंद्र नारायण सिंह, राहुल अग्रवाल, संजीव सिंह व कार्तिकेय सरन हैं। लखनऊ के लिए अनुज कुदेसिया, सुदीप कुमार, प्रितीश कुमार, ज्योत्सना पाल व सूर्यमणि सिंह रैकवार को आबद्ध किया गया है।

# नीट-पीजी परीक्षा 2025 तीन अगस्त को कराने की तैयारी

- एक पाली में परीक्षा कराने के लिए एनबीई ने सुप्रीम कोर्ट से मांगी अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर नीट-पीजी, 2025 परीक्षा को 15 जून की जगह शीर्ष अदालत के निर्देशों के अनुरूप तीन अगस्त को एक पाली में आयोजित करने के लिए अनुमति मांगी है।

एनबीई की याचिका में कहा गया है कि वह परीक्षा को सुबह नौ बजे से अपराह्न 12:30 बजे के बीच आयोजित करेगा। एनबीई की याचिका में अन्य बातों के अलावा शीर्ष अदालत से नीट-पीजी 2025 को तीन अगस्त को निर्धारित करने की अनुमति मांगी गई है, जो इसके प्रौद्योगिकी साझेदार यानी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड द्वारा दी गई सबसे पहले उपलब्ध तिथि है। याचिका में न्यायालय द्वारा 30 मई, 2025 के आदेश द्वारा पारित निर्देशों के अनुसार परीक्षा आयोजित करने का हवाला दिया गया है। याचिका में कहा गया है कि एनबीई ने पहले 15 जून को निर्धारित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी) को स्थगित करने का फैसला किया था, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने इसे दो पाली के बजाय एक ही पाली में आयोजित करने का निर्देश दिया था।

## मोदी करेंगे छह को कटरा-श्रीनगर रेल लिंक का लोकार्पण

**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह जून को बहुप्रतीक्षित कटरा-श्रीनगर रेल लिंक का उद्घाटन करेंगे। इससे पहले 19 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस रेल लिंक का उद्घाटन कार्यक्रम खराब मौसम के पूर्वानुमान के कारण स्थगित कर दिया गया था।

पहलगाम में आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बात प्रधानमंत्री का जम्मू-कश्मीर में पहला दौरा होगा। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि इतिहास रचा जा रहा है, बस तीन दिन बाकी हैं।

# बाघ ने ली एक और जान, भड़के ग्रामीण

- हजारा क्षेत्र में हुई घटना, घर से पानी लेने निकली थी महिला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** जंगल से आबादी क्षेत्र में निकले एक बाघ में महिला को निवाला बना लिया। महिला पानी लेने के लिए घर के बाहर निकली थी। सूचना पर हजारा पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव बरामद कर लिया है। ग्रामीण आए दिन होने वाली घटना को लेकर आक्रोशित दिखे। पुलिस उन्हें शांत कराती रही।

घटना मंगलवार देर शाम की है। हजारा थाना क्षेत्र के गांव शांतिनगर के रहने वाले राम किशोर खेती करते हैं। उन्होंने खेत में ही घर बना रखा है और वहीं परिवार के साथ रहते हैं। बताते हैं कि देर शाम उनकी पत्नी 40 वर्षीय रेशमा देवी घर के बाहर पानी भरने गई थीं। नजदीक में ही सम्पूर्णानगर का जंगल है। वहां से निकले बाघ ने महिला पर हमला कर दिया और जान ले ली। शोर पर ग्रामीण जमा हुए और सूचना पुलिस, वन विभाग को दी। महिला पर हमला करने के बाद बाघ उसके शव को करीब तीन सौ मीटर तक खींचकर जंगल के भीतर ले गया।

### घर में सो रहे बच्चे को उठा ले गया भेड़िया

**बहराइच।** बहराइच जिले में महसी तहसील के गदामार कलां गांव में घर में सो रहे दो वर्षीय बच्चे को भेड़िया उठाकर ले गया, क्षत-विक्षत शव मंगलवार सुबह एक खेत में मिला। मृत बच्चे की मां खुशबू ने बताया कि सोमवार की रात दो साल के आयुष एवं बेटी के साथ घर के बरामदे में सोए हुए थे, तभी भेड़िया बच्चे को उठा ले गया। सुबह गन्ने के खेत में शव मिला। यह मामला उसी इलाके का है जहां गत वर्ष भेड़िए के हमले का प्रकोप था।

# अब मतदान खत्म होते ही अपडेट करना होगा डाटा

- निर्वाचन आयोग ने बनाई आंकड़े अपडेट करने की नई व्यवस्था
- बिहार विधानसभा चुनाव के साथ शुरू की जाएगी यह प्रक्रिया

नई दिल्ली, एजेंसी

चुनाव आयोग मतदान के आंकड़े अद्यतन करने की एक नई व्यवस्था करने जा रहा है जिसमें प्रत्येक मतदान केंद्र का पीठासीन अधिकारी (पीआरओ) को मतदान बंद होने के बाद तुरंत, मतदान केंद्र छोड़ने से पहले मतदान के आंकड़े आयोग के एकीकृत डिजिटल ऐप ईसीआईएनईटी में दर्ज करना होगा, ताकि क्षेत्र-वार मतदान प्रतिशत की सूचना में विलम्ब कम से कम हो।

यह व्यवस्था बिहार विधानसभा चुनाव के साथ शुरू की जाएगी। बिहार में अक्टूबर में चुनाव कराए जाने हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेंद्र कुमार के नेतृत्व में आयोग का यह निर्णय आखिरी दो घंटों के मतदान प्रतिशत को जारी होने में विलम्ब को लेकर पार्टियों और प्रत्याशियों द्वारा प्रायः उठाए जाने वाले सवालों के मद्देनजर एक महत्वपूर्ण फैसला है। आयोग के एक अधिकारी ने कहा कि अभी तक पीठासीन अधिकारी ईवीएम जमा कराने के बाद अंतिम आंकड़े अपडेट करते हैं।

## सैन्य कर्मचारियों की गोपनीयता जरूरी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को मीडिया को आगाह किया कि वरिष्ठ सशस्त्र बल कर्मियों और उनके परिवारों की जरुरत से ज्यादा मीडिया कवरेज से उनकी सुरक्षा को जोखिम हो सकता है इसलिए उनकी गोपनीयता बनाए रखना जरूरी है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मंत्रालय भारतीय सशस्त्र बलों की गतिविधियों को कवर करने में मीडिया की निरंतर रुचि और समर्थन की सराहना करता है। ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों के संदर्भ में, सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी लोगों की नज़रों में आए हैं लेकिन पेशेवर कवरेज अधिकारियों और उनके परिवारों के निजी जीवन तक पहुंच गया है।

# पाकिस्तान ने अब माना, भारत ने आकर खूब धोया

## ऑपरेशन सिंदूर पर पड़ोसी देश का कुबूलनामा, भारत ने सात और ठिकानों पर भी किया था हमला

नई दिल्ली, एजेंसी

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पाकिस्तान ने एक नया दस्तावेज जारी किया है जिसमें पिछले महीने चार दिनों तक भारत से चले सैन्य संघर्ष में पाकिस्तानी ठिकानों पर भारत के सटीक हमलों की जानकारी दी है, उसने सात ऐसे ठिकानों का जिक्र किया है, जिनके बारे में पहले पता नहीं था।

पाकिस्तान ने कहा है कि भारत ने खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के पेशावर, सिंध प्रांत के अटक, बहावलनगर, छोर और हैदराबाद तथा पंजाब प्रांत के गुजरात और झंग में विभिन्न ठिकानों को निशाना बनाया।

पाकिस्तान की ओर से ऑपरेशन बनयान-उम-मर्सूस पर जारी किए गए दस्तावेज में उपरोक्त जानकारी शामिल है, जिसे भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के जवाब में शुरू किया गया था। पाकिस्तानी मीडिया के साथ साझा किए गए दस्तावेज में आठ, नौ और 10 मई को भारत की ओर से पाकिस्तान में किए गए ड्रोन हमलों का विस्तृत ब्योरा दिया गया है। भारत ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के जवाब में सात मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया था, जिसके तहत पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में लंबी दूरी के हथियारों से आतंकवादी ठिकानों पर सटीक हमले किए गए थे।

भारतीय सशस्त्र बलों ने मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा के मरकज तैयबा, बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद के मरकज सुभान अल्लाह और सियालकोट में हिजबुल मुजाहिदीन के महमूना जोया सहित नौ ठिकानों को निशाना बनाया था। भारतीय सशस्त्र बलों ने बरनाला के मरकज अहले हदीस में लश्कर के अड्डे और मुजफ्फराबाद के शवाई नाला में संगठन के शिविर पर भी हमला किया था।

### पाकिस्तान ने आठ घंटे में ही टेक दिए थे घुटने : सीडीएस



**पुणे।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को कहा कि पेशेवर सेनाएं अस्थायी नुकसान से प्रभावित नहीं होतीं, क्योंकि समग्र परिणाम ऐसे नुकसान से कहीं अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। शीर्ष सैन्य कमांडर ने कहा कि पाकिस्तान भारत को हजारों जख्म देकर लहूलुहान करने की नीति पर चल रहा है, लेकिन नई दिल्ली ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए सीमापार आतंकवाद के खिलाफ नई लक्ष्मण रेखा खींच दी है। कहा कि पाकिस्तान ने 48 घंटे तक लड़ने का दम भरा था लेकिन भारत उसे आठ घंटे में ही घुटने पर ला दिया। सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय में जनरल चौहान ने कहा कि युद्ध में मनोबल बनाए रखना होता है।

## एक नजर

### दिव्यांगजनों से दुर्व्यवहार पर परिवहन कर्मी होंगे दंडित

**अमृत विचार, लखनऊ :** दिव्यांगजनों से दुर्व्यवहार करने वाले परिवहन निगम कर्मी दंडित होंगे। पिछड़ा वर्ग कल्याण व दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने इस सिलसिले में अधिकारियों को निर्देश दिये। राज्यमंत्री मंगलवार को विधानभवन में परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक में राज्यमंत्री ने दिव्यांगजनों की यात्रा सुविधाओं पर चर्चा की। यात्रियों का विस्तृत रिकॉर्ड बनाने व चालक-परिचालकों को संवेदनशील व्यवहार का प्रशिक्षण देने के निर्देश दिये। राज्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों की यात्रा का विस्तृत रिकॉर्ड तैयार किया जाय। यह रिपोर्ट समयबद्ध ढंग से तैयार कर विभाग को प्रस्तुत की जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि एक कार्यशाला आयोजित की जाय, जिसमें मास्टर ट्रेनरों के माध्यम से सभी चालकों-परिचालकों को प्रशिक्षण दिया जाए।

### ट्रांसपोर्टेशन का हब बन सकता है धुरियापार

**अमृत विचार, लखनऊ :** औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नन्दी की अध्यक्षता में मंगलवार को पिकप भवन में एक बैठक हुई। इस दौरान गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा गोरखपुर के दक्षिणांचल में गोला तहसील में विकसित किए जा रहे धुरियापार औद्योगिक क्षेत्र के प्रस्तावित मास्टर प्लान का प्रस्तुतिकरण किया गया। बैठक में मंत्री नंदी ने कहा कि रेलवे लाइन के साथ ही महत्वपूर्ण एक्सप्रेसवे से नजदीकी के कारण धुरियापार औद्योगिक क्षेत्र कनेक्टिविटी और ट्रांसपोर्टेशन का हब बन सकता है। इसे इसी आधार पर विकसित किया जाए और मास्टर प्लान भी इसी के अनुसार बनाया जाए, ताकि यहां उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को कनेक्टिविटी और ट्रांसपोर्टेशन के लिए परेशान न होना पड़े।

# मोदी सरकार के 11 वर्ष की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

- प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में योगी ने कार्यकर्ताओं को समझाई रणनीति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा की ओर से मंगलवार को आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को जनजागरण की रणनीति समझाई और बूथ स्तर तक संवाद करने का मंत्र दिया। कहा कि आजादी के अमृत वर्ष में देश को मोदी जैसा नेतृत्व मिलना हम सबका सौभाग्य है।

'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष' थीम पर हुई इस कार्यशाला की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि से हुई। मुख्यमंत्री योगी ने 9 जून से 21 जून तक कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संवाद का मंत्र देते हुए कहा कि मोदी सरकार की 11 साल उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाना हम सब की जिम्मेदारी है। योगी ने प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह और राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की रूपरेखा का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों को अखिल भारतीय स्तर पर प्रचारित करने का समय है, जिसमें राज्य और राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियां शामिल होंगी। योगी ने केंद्र सरकार की योजनाओं से यूपी में आए व्यापक बदलावों और विकास की विस्तार से चर्चा की।

इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, भाजपा प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा, बसंत त्यागी, भूषण सिंह, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल समेत भाजपा के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



लखनऊ में कार्यशाला के दौरान मुख्यमंत्री योगी, राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी व अन्य पार्टी नेता।

### पेशेवर समूहों को भी पार्टी से जोड़ें

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केवल पार्टी कार्यकर्ताओं तक सीमित न रहें, बल्कि आम जन, पेशेवर समूहों, और लाभार्थियों को भी अभियान से जोड़ें। इन समूहों के साथ गोष्ठियां आयोजित कर, उनके बीच से वक्ताओं को चुनकर योजनाओं का प्रभावी प्रचार किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जन्म का श्रेय भी मोदी सरकार को दिया।

## तीन नए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस होंगे स्थापित

**अमृत विचार, लखनऊ :** उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार व कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि तीन जिलों मिर्जापुर, बाराबंकी व झांसी में नये 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' की स्थापना होगी। इन केंद्रों के जरिये ड्रैगन फ्रूट, खजूर, सिट्रस फ्रूट (नींबू, लेमन, किन्नो, मौसमी) और फूल-सब्जी के क्षेत्र में किसानों को नवीन प्रजातियों-विधाओं का प्रशिक्षण व उन्नत तकनीक उपलब्ध कराई जाएगी। राज्यमंत्री मंगलवार ने अपने आवास पर पत्रकारों को बताया कि इंडो-डच सहयोग से सेंटर की स्थापना की जाएगी।

# सरकारी राशन बांटने को बनेंगे अन्नपूर्णा भवन

## यूपी कैबिनेट का फैसला : हर जिले में प्रतिवर्ष 75 से 100 भवन बनाए जाएंगे, सरकारी खजाने से होगा निर्माण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और मजबूत बनाने एवं राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के लिए अन्नपूर्णा भवन योजना शुरू करने जा रही है। हर जिले में प्रतिवर्ष 75 से 100 अन्नपूर्णा भवन बनाए जाएंगे। इन भवनों के निर्माण को गति देने के लिए मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में सरकारी खजाने से भी इनका निर्माण कराने का फैसला लिया गया है। यह भवन ग्राम समाज की आय का साधन भी बनेंगे। यहां राशन के अलावा अन्य सामान की भी बिक्री हो सकेगी।

इस बाबत वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि अब मनरेगा के अतिरिक्त राज्य वित्त आयोग, सांसद निधि, विधायक निधि, पूर्वांचल विकास निधि, बुंदेलखंड विकास निधि या अन्य किसी राज्य या केंद्र सरकार की योजना से अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जा सकेगा। जहां इन योजनाओं के माध्यम से धनराशि उपलब्धता नहीं हो सकेगी, वहां खाद्य एवं रसद विभाग बचत से धनराशि की व्यवस्था करेगा।सुरेश खन्ना के अनुसार, 484 वर्ग फुट में इसे बनाया जाएगा। वर्ष 2025-26 में 200 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक अन्नपूर्णा भवन का निर्माण 8.50 लाख रुपये में कराया जा रहा है।


जानकारी देते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना।

### विश्वविद्यालयों की स्थापना को मंजूरी

अयोध्या में महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय शुरू करने के प्रस्ताव पर मुहर लग गई है। इसके लिए लेटर आफ परमिशन (एलओपी) जारी किया गया है। वहीं, गाजियाबाद स्थित अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कालेज को निजी विश्वविद्यालय का दर्जा देने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) सौंपा गया है। इसके अलावा, सिद्धार्थनगर जिले में स्थित सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु के भवन निर्माण को भी स्वीकृति मिल गई है।

**5 मेगा श्रेणी की इकाइयों को प्रोत्साहन धनराशि की स्वीकृति :** कैबिनेट ने उप्र. औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2017 के तहत मेगा श्रेणी के औद्योगिक उपक्रमों के द्वारा 5 इकाइयों को प्रोत्साहन धनराशि दिए जाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत, एसएलएमजी बेवरेज प्रालि., बाराबंकी को अनुमन्य वितीय प्रोत्साहन व सुविधाओं की प्रथम किस्त के रूप में 38,73,01,888 रुपए, सिल्वरटन पल्प एंड पेपर्स प्रालि. मुजफ्फरनगर को 1,88,99,905 रुपये, एसीसी लि., अमेठी को 17,28,07,828 वंडर सीमेन्ट लि. अलीगढ़ को 38,32,30,659 और मून वेबरेजेज हापुड़ को अनुमन्य वित्तीय प्रोत्साहन व सुविधाओं की प्रथम किस्त की धनराशि 8,68,31,672 रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी गई।

**नोएडा में हल्दीराम की 662 करोड़ की निवेश परियोजना स्वीकृत :** हल्दीराम स्नैक्स प्रा.लि. गौतमबुद्ध नगर में 662 करोड़ रुपये से खाद्य पदार्थों की पैकेजिंग तैयार करने की इकाई स्थापित करेगी। कैबिनेट की बैठक में इस संदर्भ में एलओसी (लेटर आफ कंफर्ट) जारी करने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

**दो ग्रिड लाइनों से बिजली आपूर्ति :** राज्य में डाटा सेंटर (प्रथम संशोधन) नीति-2021 के अंतर्गत निवेशक मेसर्स एसटी टेलीमीडिया ग्लोबल डाटा सेंटर्स इंडिया प्रालि. को दो ग्रिड लाइनों द्वारा विद्युत आपूर्ति का लाभ प्रदान किए जाने के संबंध में कैबिनेट से प्रस्ताव को मंजूरी मिली है।

# सरकारी अस्पतालों में सीटी स्कैन अब निशुल्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के सभी जिलों में अब निःशुल्क सीटी स्कैन जांच की सुविधा मिलेगी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर लागू हुई इस सुविधा से मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।

दरअसल, सभी जिला अस्पतालों में पैथोलॉजी, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड समेत दूसरी जांचों की भांति सीटी स्कैन भी निःशुल्क हो रहा है, लेकिन छह जिलों में सीटी स्कैन जांच के एवज में मरीजों से 500 रुपये शुल्क जमा कराया जा रहा था। लखनऊ, आगरा, गोरखपुर, कुशीनगर, मुरादाबाद एवं रायबरेली में सीटी स्कैन जांच के लिए रोगी कल्याण निधि में बतौर यूजर चार्जेज 500 रुपये जमा कराए जा रहे थे। ब्रजेश पाठक की पहल पर यह शुल्क माफ कर दिया गया है।



उप मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के 12 मेडिकल कॉलेज व कानपुर के दो संस्थानों में मरीजों के हितों में सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। इसमें आगरा, कानपुर, प्रयागराज, मेरठ, झांसी, गोरखपुर, बांदा, आजमगढ़, सहारनपुर, अम्बेडकर नगर, जालौन, कन्नौज व बदायूं और कानपुर के हृदय रोग संस्थान, जेके कैंसर संस्थान के लिए 464.70 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# लखनऊ में बनेगी देश की पहली स्वदेशी फैब लाइन

- आईआर डिटेक्टरों का होगा निर्माण, परियोजना पर खर्च होंगे 2000 करोड़
- आईआरडीई देहरादून और यूपीडा के बीच हुआ एमओयू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में आईआर डिटेक्टरों के निर्माण के लिए देश की पहली स्वदेशी फैब-लाइन स्थापित होगी। यूपी डिफेंस कॉरिडोर के लखनऊ नोड में 25 एकड़ क्षेत्र में इसका निर्माण होगा। इस परियोजना पर दो हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। लगभग 650 नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।


समझौता ज्ञापन दिखाते मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह व अधिकारी।

सोमवार को लोकभवन में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की उपस्थिति में यंत्र अनुसंधान एवं विकास संस्थान (आईआरडीई) देहरादून और उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। एमओयू के तहत रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के अधीन एक अग्रणी प्रयोगशाला आईआरडीई, आईआर डिटेक्टरों के विकास और निर्माण के लिए फैब-लाइन की स्थापना होगी।

## बिहार में नाबालिग के साथ दुष्कर्म व हत्या चिंतनीय

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि बिहार के मुजफ्फरपुर में अनुसूचित वर्ग के नाबालिग के साथ दुष्कर्म, चाकू से गोदकर मारने व पटना अस्पताल में इलाज में लापरवाही से मौत की घटना बदहाल कानून व स्वास्थ्य व्यवस्था का जीता जागता प्रमाण है। यह अति निंदनीय व चिंतनीय है। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट के जरिये कहा कि बिहार सरकार दोषियों के खिलाफ त्वरित सख्त कानूनी कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना सुनिश्चित करे, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।



# पांच डॉक्टर होंगे बर्खास्त, कई अन्य पर भी गिरी गाज

- उप मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव को बछरावां में तैनात चिकित्सकों पर कार्रवाई के दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मरीजों के प्रति असंवेदनशील और कार्य में लापरवाह पांच चिकित्सक बर्खास्त होंगे। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पांचों डॉक्टरों को बर्खास्त करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा को दिए हैं।

बछरावां में तैनात डॉ. नीलिमा आर्या, डॉ. अंजू वर्मा, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. प्रशांत कुमार और डॉ. अभिलाषा भारद्वाज लगातार अपने कार्यों के प्रति लापरवाही बरत रही थीं। मरीजों के प्रति असंवेदनशील व्यवहार भी था। ब्रजेश पाठक के मुताबिक, बछरांवा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अव्यवस्था की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। अपर निदेशक, लखनऊ मंडल के निरीक्षण में कई शिकायतें सही पाई गईं। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार को बछरांवा से बलिया में स्थानांतरित करते हुए आरोप-पत्र देकर उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं। वहीं, अनधिकृत रूप से बिना सूचना लंबे समय से अनुपस्थित डॉ. इन्द्रभूषण जायसवाल के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई की गयी है।

उन्होंने बताया कि अमेठी के गौरीगंज स्थित जिला संयुक्त चिकित्सालय में तैनात रेडियोलॉजिस्ट डॉ. संदीप कुमार को शासन ने 3 जनवरी को जिला चिकित्सालय, बलिया स्थानान्तरित किया था। इसके बावजूद डॉ. संदीप ने बलिया जिला चिकित्सालय में ज्वाइन नहीं किया। रेडियोलॉजिस्ट डॉ. बृजेश यादव की पीजी पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद उनकी तैनाती जिला चिकित्सालय, हरदोई (वर्तमान में स्वशासी मेडिकल कॉलेज, हरदोई) में 21 जनवरी 2021 को की गई थी, लेकिन डॉ. बृजेश यादव ने तैनाती स्थल पर अब तक ज्वाइन नहीं किया। ऐसे में दोनों चिकित्साधिकारियों को शासन के आदेशों को न मानने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के बाद डॉ. बृजेश यादव को लखनऊ मंडलीय अपर निदेशक कार्यालय, जबकि डॉ. संदीप कुमार को आजमगढ़ मंडलीय अपर निदेशक कार्यालय में सम्बद्ध कर दिया गया है।

### लखनऊ के चिकित्सकों पर भी कार्रवाई

लखनऊ के लोक बंधु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय में तैनात डॉ. ऊषा चन्द्रा बिना सूचना गैरहाजिर हैं। उनके विरुद्ध भी विभागीय कार्रवाई के निर्देश हैं। बलरामपुर स्थित मेमोरियल चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शारदा रंजन के विरुद्ध भी चिकित्सालय की साफ-सफाई न रखने, मरीजों के चिकित्सकीय कार्यों एवं पदीय दायित्वों में लापरवाही बरतने के लिए आरोप-पत्र देकर विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को दिये गये हैं।

# अध्यक्ष के बयान पर बिजली कर्मियों ने खोला मोर्चा

- कहा, घंटों तक चलने वाली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से प्रभावित होती है बिजली व्यवस्था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण को लेकर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन व बिजली कर्मियों के बीच टकराव और बढ़ गया। सरकार की नीति में कर्मचारी संगठनों की भूमिका न होने को लेकर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष के बयान पर कर्मियों ने पलटवार करते हुए कहा कि जब कर्मचारी नहीं, तो वितरण निगमों को लेकर बनाया गया एसोसिएशन भी नीति नहीं तय कर सकता। कर्मियों ने कहा कि घंटों तक चलने वाली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बिजली आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक शैलेंद्र दुबे व अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार की नीति कथित आल इंडिया डिस्कॉम एसोसिएशन भी नहीं तय करेगा, जिसके जनरल सेक्रेटरी कॉरपोरेशन के वर्तमान अध्यक्ष हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि नवंबर 2024 के दूसरे सप्ताह में लखनऊ में वितरण निगमों की एक बैठक पांच सितारा होटल में हुई। इसी बैठक में सुधार के नाम पर विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण का निर्णय लिया गया था।

## मांस की खुले में बिक्री और प्रदर्शन पर प्रतिबंध

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने निर्देश दिए कि ईद-उल-अजहा के अवसर पर नगर निकायों को कुर्बानी स्थलों का पूर्व-चिन्हांकन, व्यापक सफाई, पशु नियंत्रण एवं अपशिष्ट निस्तारण की जिम्मेदारी निभानी होगी। खुले में रक्त या मांस के प्रवाह की अनुमति नहीं होगी और मांस की खुले में बिक्री और प्रदर्शन पर भी प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने त्योहारों के दौरान सिंगल यूज्ड प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाते हुए स्वच्छता पर विशेष फोकस के निर्देश दिए। नगर विकास विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने आगामी पर्वों पर प्रदेश के नगर निकायों की तैयारियों की गहन समीक्षा की।

# पंचायत चुनाव लड़ेगा अपना दल एस

## कार्यकर्ता सम्मेलन में अनुप्रिया पटेल ने कहा-गठबंधन में अभी चर्चा नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि पार्टी पंचायत चुनाव में मजबूती से उतरेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में है, पर पंचायत चुनाव पर अभी कोई चर्चा नहीं हुई है। वह मंगलवार को गांधी भवन में पार्टी के प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन व मासिक बैठक को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय की लड़ाई को और तेज करने की जरूरत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की विचारधारा को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाने, संगठन को मजबूत बनाने और अनुशासन का पालन करते हुए समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया। सम्मेलन में राष्ट्रीय महासचिव आरबी सिंह, राष्ट्रीय सचिव केके पटेल, विनोद गंगवार, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ओपी कटियार, राज्यमंत्री रेखा पटेल आदि मौजूद रहे।


दीप जलाकर कार्यकर्ता सम्मेलन की शुरुआत करतीं अनुप्रिया पटेल।

**'स्वाभिमान दिवस' के रूप में मनेगी जयंती :** सम्मेलन में पार्टी के संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल की जयंती पर 2 जुलाई को लखनऊ में 'स्वाभिमान दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही, हौसला प्रसाद पाल को बौद्धिक मंच का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया। इस दौरान मैनपुरी से विवेक पाल, राजेश गौतम, प्रीवेश पाल समेत कई जिला पंचायत सदस्य व पार्षद, कांग्रेस पार्टी से छोटेलाल आदि ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# भू-उपयोग परिवर्तन और विकास शुल्क में मिलेगी छूट

- प्लेज पार्क योजना के लिए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग ने तैयार किया खाका
- कई सहूलियतें देने का प्रस्ताव, 10 प्रतिशत व्यवसायिक व वाणिज्यकीय गतिविधियां ही स्वीकृत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग ने प्लेज पार्क योजना को बढ़ावा देने के लिए नई कार्ययोजना बनाई है। विकासकर्ता को भूमि के उपयोग परिवर्तन व विकास शुल्क में छूट के साथ कई सहूलियतें देने पर जल्द मुहर लगेगी। विकासकर्ता को 10 प्रतिशत तक ही व्यावसायिक व वाणिज्यकीय गतिविधियां अनुमन्य होंगी।

प्लेज पार्क योजना का पूरा नाम प्रमोटिंग लीडरशिप एंड एंटरप्राइज फॉर डेवलपमेंट ऑफ ग्रोथ इंजन है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग (एमएसएमई) द्वारा प्रस्तावित संशोधनों को लेकर एक खाका तैयार किया गया है, जिसे स्वीकृति मिलने पर योजना में नए प्रावधानों को शामिल किया जाएगा। योजना तहत निजी औद्योगिक पार्कों की स्थापना के लिए निजी निवेशक 10 से 50 एकड़ जमीन का उपयोग करके एक औद्योगिक पार्क बना सकते हैं। प्रस्तावित नई कार्ययोजना में प्लेज पार्क के अंतर्गत अधिकतम 10 प्रतिशत व्यावसायिक व वाणिज्यकीय गतिविधियों को अनुमन्य करने का प्रावधान शामिल किया गया है। प्लेज पार्क नीति में नवीनतम संभावित संशोधन में भू-उपयोग परिवर्तन तथा विकास शुल्क में छूट के प्रावधान को भी शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त, ले-आउट व भवन मानचित्र की मंजूरी के लिए निदेशक व आयुक्त (उद्योग) को अधिकृत किया जा सकता है। वहीं, प्लेज पार्क के लिए स्टाम्प ड्यूटी में एकरूपता लाने पर विशेष तौर पर फोकस किया जा रहा है।

**बड़ा कदम** | 24 जिलों में ज्वार, 38 में बाजरा, 13 में कोदो व 12 में सावां की खेती की तैयारी

# 47 जिलों में मोटे अनाज की खेती को आगे आई सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने और पोषण सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। 47 जिलों में न्यूट्री सीरियल्स (मोटे अनाज/श्री अन्न) की खेती को बढ़ावा देने की व्यापक योजना तैयार की गई है।

यह योजना वर्ष 2025-26 की राज्य कार्ययोजना के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के अंतर्गत संचालित की जाएगी। अयोध्या, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी, रायबरेली, सीतापुर समेत प्रदेश के 47 जिलों में इसकी पूरी योजना तैयार कर ली गई है। सरकार का उद्देश्य इस योजना के जरिए छोटे और मझोले किसानों को लाभान्वित करना है। जिससे एक ओर किसानों की आमदनी में इजाफा हो और दूसरी ओर लोगों को पोषणयुक्त अनाज उपलब्ध कराया जा सके। इसमें ज्वार, बाजरा, कोदो और सावां जैसे परंपरागत और स्वास्थ्यवर्धक अनाजों की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है।



**इन जिलों में ज्वार की खेती :** अयोध्या, बाराबंकी, बांदा, चित्रकूट, कानपुर नगर, कानपुर देहात, फतेहपुर, जालौन, हमीरपुर, सुल्तानपुर, कौशाम्बी, महोबा, रायबरेली, प्रयागराज, अमेठी, सोनभद्र, सीतापुर, हरदोई, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, उन्नाव, जौनपुर, गाजीपुर, वाराणसी।

**इन जिलों में बाजरे की खेती :** आगरा, बदायूं, अलीगढ़, फिरोजाबाद, सम्भल, हाथरस, एटा, मथुरा, कासगंज, इटावा, औरैया, प्रयागराज, कानपुरदेहात, मैनपुरी, गाजीपुर, बरेली, जालौन, मिर्जापुर, बुलन्दशहर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, चित्रकूट, भदोही, फतेहपुर, वाराणसी, फर्रुखाबाद, जौनपुर, चन्दौली, बांदा, कन्नौज, शाहजहांपुर, हरदोई, अमरोहा, मुरादाबाद, गौतमबुद्धनगर, रामपुर, कानपुरनगर एवं सीतापुर।

**इन जिलों में सावां की खेती :** जालौन, सोनभद्र, चित्रकूट, मिर्जापुर, जौनपुर, हरदोई, प्रतापगढ़, फर्रुखाबाद, भदोही, वाराणसी, चन्दौली एवं हमीरपुर।

**इन जिलों में कोदो की खेती :** जालौन, सोनभद्र, चित्रकूट, मिर्जापुर, फर्रुखाबाद, चन्दौली, भदोही, प्रतापगढ़, जौनपुर, हरदोई, वाराणसी, मुरादाबाद एवं हमीरपुर।

# श्रमिकों को मिलेगा डिजिटल न्याय, जल्द शुरू होगा ई-कोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार सिर्फ निवेश ही नहीं, बल्कि श्रमिक सम्मान का राष्ट्रीय मानक गढ़ने के लिए औद्योगिक विवादों के समाधान में डिजिटल तकनीक अपनाने की तैयारी है। श्रम न्यायालयों और अधिकरणों के निर्णयों का शत-प्रतिशत अनुपालन के साथ पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और त्वरित बनाने के लिए ई-कोर्ट व्यवस्था लागू होगी। साथ ही, श्रम आयुक्त की अनुमति के निरीक्षण नहीं होगा और निरीक्षण के 48 घंटे में रिपोर्ट सार्वजनिक करनी होगी।

श्रम एवं सेवायोजन विभाग डिजिटल तकनीक के माध्यम से श्रम विवादों के समाधान को आसान बनाएगा। जल्द ही ई-कोर्ट के जरिए केस फाइलिंग से लेकर सुनवाई तक की सुविधा शुरू होगी। इससे धन व समय की बचत के साथ पारदर्शिता भी आएगी। इससे आनुतोषिक भुगतान, कर्मचारी प्रतिकर, वेतन भुगतान, समान पारिश्रमिक, मातृत्व लाभ, और श्रमजीवी पत्रकारों से संबंधित मामलों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित होगा।

सीएम योगी के निर्देश पर नई नीति के तहत अनावश्यक निरीक्षणों पर रोक लगाई गई है, और उद्यमियों को श्रम कानूनों के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया जा रहा है।

RUKMANI DEVI GIRLS DEGREE COLLEGE
VILLAGE-DAULATPUR, POST-PAHARPUR, BAKSHI KA TALAB, LUCKNOW
UNDER THE AEGIS OF R.R. GROUP OF INSTITUTIONS
INVITES
Application for the posts of Principal, Professor, Associate Professor, Assistant Professor in Subjects - Economics, English Literature, History, Home Science, Political Science, Sociology & Hindi for B.A. Course and B.Com Course.
APPLICATIONS ARE ALSO INVITED FOR LIBRARIAN, OFFICE ASSISTANT & RECEPTIONIST.
Eligibility as per UGC & Lucknow University Norms.
INTERESTED CANDIDATE CAN SEND THEIR CVs TO
E-mail : rukmanidevimanager@gmail.com
CONTACT - 6393200019

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ••• भी है।•••
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390


## मौसम

बादल छाए रहेंगे और बारिश होने की संभावना है।

35.3° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अन्तरराष्ट्रीय समपार जागरूकता दिवस का आयोजन– सुबह 8:00 बजे।
- डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय में ऑनलाइन हैकाथन में छात्रों को एआई का प्रशिक्षण दिया जाएगा– 9:00 बजे।
- गोसाईंगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत हुसैनाबाद व बाजूपुर पंचायत भवन में जनकल्याणकारी योजनाओं के शिविर – 10:00 बजे।
- इंदिरा भवन में उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी की ओर से गुरमति साहित्य में भगत कबीर की वाणी एवं सामाजिक समरसता विषयक संगोष्ठी का आयोजन–11 बजे।
- अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में कशिश आर्ट्स एवं वेल्फेयर सोसाइटी की ओर से तीन दिवसीय नृत्य समारोह के अंतिम दिन नाटक कफन का मंचन– 7:00 बजे।

## एक नजर

### अतिक्रमण हटाए ठेले गुमटी व काउंटर जब्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम ने मंगलवार को अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर नो वेंडिंग जोन से ठेले व गुमटियां जब्त कीं। जोन पांच में सरोजनी नगर द्वितीय, नादरगंज चौराहे से ट्रांसपोर्ट नगर तक 9 ठेले, 4 गुमटी और 5 काउंटर हटवाए गए। जोन 6 में वार्ड बालागंज व कन्हैया माधोपुर प्रथम में सीतापुर बाईपास से दुबग्गा सब्जी मंडी और कैम्पल रोड से एकता नगर चौराहे तक 15 ठेले, 8 गुमटी और 8 अस्थायी दुकानें हटवायीं।

### पानी की बंद बोतल में निकला मच्छर

**अमृत विचार लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के कैंटीन में पानी की बंद बोतल में मच्छर मिलने की शिकायत हुई है। छात्रों ने कैंटीन संचालक का बताया कि बोतल के पानी में मच्छर है। जिसके बाद कैंटीन संचालक ने उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज करने की बात कही है। कैंटीन संचालक ने छात्रों की शिकायत का तुरंत संज्ञान लेते हुए दूसरी पानी की बोतल दिया और जिस ब्रांड के पानी में मच्छर पाया गया उसे वापस भेज दिया है। कैंटीन संचालक का कहना है कि हाईजीन का ध्यान नहीं रखा जाता इसे लेकर वह उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज कराएंगे।

# 98 लाख खर्च, शोध खत्म, शोधकर्ता नए विश्वविद्यालय में

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

- रिसर्च में क्या निकला यह जानकारी विवि के पास नहीं
- डॉ. पंकज नो ड्यूज प्रमाण पत्र में ही पेच

**अमृत विचार:** बाबा साहब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफ़ेसर डॉ. पंकज कुमार अरोड़ा ने भारत सरकार से मिली शोध की परियोजना पर 5 साल तक काम किया। इस दौरान प्रति माह 92 हजार 500 रुपये पारिश्रमिक लिया। शोध की समय सीमा खत्म होने के समय वह रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफ़ेसर बनने के लिए बाबा साहब आंबेडकर विश्वविद्यालय से 2 वर्ष का असाधारण अवकाश लेकर बरेली चले गए। जाते समय उन्होंने शोध के लिए खरीदे गए उपकरण और केमिकल के लिए विभागाध्यक्ष से नो ड्यूज ले लिया, लेकिन शोध के विषय में नो ड्यूज प्रमाण पत्र पर ही लिखकर दिया कि उसे साथ लेकर जा रहा हूं और समय पर जमा कर दूंगा।

डॉ. पंकज ने जो नो ड्यूज प्रमाण पत्र अमृत विचार को दिया है उसमें कई पेच हैं। उन्होंने इस प्रमाण पत्र में पीएचडी के शोधार्थी आशीष कुमार और विनीता वर्मा के लिए अनुरोध किया कि उन्हें उनके शोध के बचे हुए केमिकल और उपकरणों को अपने शोध कार्यों में प्रयोग किये जाने की अनुमति दी जाए। भारत सरकार ने जिस शोध पर 98 लाख रुपये खर्च किये उसकी नियमावली में स्पष्ट लिखा है कि उन्हें शोध कार्य खत्म होने के बाद उपकरण और केमिकल वापस लौटाने होंगे और उनका किसी दूसरे शोध में इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।

### विवि छोड़ने से पहले शोध की तैयार होनी थी कॉपियां



नो ड्यूज प्रमाण पत्र में दूसरी नियम विरुद्ध बात यह है कि शोध के कागजात मेरे पास हैं, उसे समय से पूरा कर जमा करा दूंगा। यह नो ड्यूज 6 जून 2023 का है जबकि 8 जून 2023 को उन्होंने बरेली में एसोसिएट प्रोफ़ेसर का काम संभाल लिया। डॉ. पंकज अरोड़ा ने बताया कि उन्होंने शोध पत्र फंडिंग एजेंसी के पास जमा कर दिया जबकि नियमानुसार उन्हें विश्वविद्यालय छोड़ने से पहले अपने शोध की 5 कापी तैयार करनी थी। उस कापी के साथ ही शोध से बचे हुए धन की जानकारी वित्तीय एजेंसी, विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष और डीन के साथ साझा करनी चाहिए थी। जो नो ड्यूज उन्होंने अमृत विचार को उपलब्ध कराया वह भी विश्वविद्यालय की फाइल में नहीं है।

> शोध डॉ. पंकज अरोड़ा ने किया। वही जवाबदेह हैं, उनसे आप बात कर चुके, एक शोध के लिए आप पूरे विश्वविद्यालय को कटघरे में खड़ा नहीं कर सकते। जिसने उनसे शोध कराया, शोधपत्र उसी के पास जाएगा, इसका विश्वविद्यालय से कोई लेना देना नहीं।
>
> –डॉ. रचना गंगवार, जनसंपर्क अधिकारी, बाबा साहब भीमराव आंबेडकर विवि

### शोधकर्ता का अब लौटना मुश्किल

डॉ. पंकज अरोड़ा की दो साल की छुट्टी 7 जून को खत्म हो रही है लेकिन बाबा साहब विश्वविद्यालय में अब उनका वापस लौटना नामुमकिन है क्योंकि वह बरेली में रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफ़ेसर के रूप में स्थाई हो चुके हैं, तो फिर वह यहां सहायक प्रोफेसर बनने के लिए क्यों लौटेंगे। उन्हें इस विश्वविद्यालय से गये दो साल पूरे होने को हैं लेकिन विश्वविद्यालय के कुलपति सचिवालय के पास अभी भी शोध के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

### विभाग बता रहे हैं कोई रिकार्ड नहीं

हद तो यह है कि शोधकर्ता ने तो विश्वविद्यालय को यह जानकारी देना भी जरूरी नहीं समझा कि उपकरण और केमिकल कितने धन में खरीदे गए। बचा हुआ केमिकल कितना है जो जमा किया जा रहा है यह भी नहीं बताया। जो उपकरण और केमिकल विश्वविद्यालय को देकर नो ड्यूज ले लिया उसे भी दो शोधार्थियों को सौंप दिया कि वह उससे अपना शोध कार्य पूरा कर लें। सवाल यह भी उठना चाहिए कि अगर डॉ. पंकज ने 6 जून 2023 को उपकरण और केमिकल जमा कर विभागाध्यक्ष से नो ड्यूज का प्रमाण पत्र ले लिया था तो फिर विभागाध्यक्ष डॉ. रामचन्द्र ने पूछने के बावजूद कुलपति सचिवालय को यह जानकारी क्यों नहीं दी जबकि सूचना के अधिकार से जब उपकरण और केमिकल का मुद्दा उठा था तो स्टोर से लेकर इस विभाग ने यही जवाब दिया था कि उनके पास कोई रिकार्ड नहीं है।

## 27 वाहन सीज, 41 का किया चालान

**अमृत विचार, लखनऊ:** आरटीओ प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार को शहर में अभियान चलाकर वाहनों की जांच की। एआरटीओ प्रशासन प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी ने स्टैंडों के खिलाफ कार्रवाई निर्देश दिए थे। सिटी मजिस्ट्रेट, अपर नगर मजिस्ट्रेट दो, तीन व सात और एडीएम लखनऊ के नेतृत्व में यात्रीकर अधिकारी और स्थानीय पुलिस ने अभियान चलाया। टीमों ने होटल क्लार्क के पीछे, घंटाघर चौक, सीतापुर रोड स्थित मड़ियांव और पॉलीटेक्निक में चल रहे अवैध स्टैंडों पर जांच की। इसमें 13 बसों समेत 27 वाहन सीज किए गए। सड़कों के किनारे अवैध रूप से खड़े किए गए 41 वाहनों का चालान किया गया। एआरटीओ ने बताया कि अवैध स्टैंडों और सड़क पर वाहन खड़े करने से जाम की स्थिति बनती है।

# आरक्षित बोगियों में पैर रखने की जगह नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ट्रेनें निरस्त होने और रूट बदलने से बढ़ी यात्रियों की दिक्कत
- चारबाग स्टेशन पर ट्रेन रुकते ही होने लगती है धक्का मुक्की
- धक्का मुक्की के चलते कई यात्रियों की ट्रेन छूट भी गई

**अमृत विचार:** गोरखपुर मंडल में चल रहे नॉनइंटर लॉकिंग कार्य के चलते कई ट्रेनें निरस्त होने और कई के रूट परिवर्तन से लखनऊ के स्टेशन पर यात्रियों की परेशानियां बढ़ गई हैं। चारबाग स्टेशन पर ट्रेन रुकते ही बोगियों में चढ़ने के लिए धक्का मुक्की शुरू हो जाती है। यात्री खिड़कियों से बोगियों में प्रवेश कर रहे हैं। हालत ये है कि आरक्षित बोगियों में पैर रखने तक की जगह नहीं मिल रही है। मंगलवार को आनंद विहार-पुरी एक्सप्रेस और हिमगिरी एक्सप्रेस में धक्कामुक्की से कई यात्रियों की ट्रेन छूट गई।

गोरखपुर मंडल में नॉनइंटर लॉकिंग कार्य के चलते दर्जनों ट्रेनों को निरस्त कर दिया गया है। कई ट्रेनों के रूट बदल दिए गए हैं। इससे राजधानी से गुजरने वाली इन रूट की ट्रेनों में यात्रियों का दबाव बढ़ गया है। आनंद विहार से चलकर पुरी जाने वाली आनंद विहार-पुरी एक्सप्रेस जब चारबाग रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो अपनी आरक्षित सीट पर बैठे यात्री पंकज मिश्रा ने भीड़ को लेकर कहा की रिर्जवेशन कराने का कोई लाभ नहीं उधर, जम्मू तवी से चलकर हावड़ा जाने वाली हिमगिरी एक्सप्रेस के यात्री अमित कुशवाहा ने बताया कि आरामदायक सफर के लिए महीनों पहले आरक्षण करा लिया था। आरक्षित बोगी में चढ़े तो जनरल यात्रियों की भरमार थी। लखनऊ मंडल में प्रवेश करने पर भी जब यह भीड़ कम न हुई। गोरखधाम एक्सप्रेस से सफर कर रहे कौशल ने भी बोगी में जनरल यात्रियों की भीड़ और गंदगी को लेकर डीआरएम के एक्स पर पोस्ट किया।




चारबाग स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर जम्मूतवी से हावड़ा जाने वाली ट्रेन के जनरल डिब्बे में चढ़ने के लिए धक्का मुक्की करते यात्री।



सीट पाने के लिए खिड़की से ट्रेन में घुसता यात्री। अमृत विचार

### मंडलायुक्त ने अवैध चौराहे पर अंडरपास निर्माण कार्य देखा

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने मंगलवार को अवध चौराहे का औचक निरीक्षण किया। सेतु निगम के संबंधित अधिकारी ने मंडलायुक्त को बताया कि अवध चौराहे के निर्माणाधीन अंडरपास की लंबाई 887.36 मीटर है, जिसमें 100 मीटर बॉक्स पोसिंग का कार्य किया जाना है। 2 रिंग मशीन, 1 हाइड्रा, 1 जेसीबी, 2 कंक्रीट पंप व 1 मिनी स्केक्टर द्वारा मौके पर कार्य कराया जा रहा है। 26 दिसंबर 2026 तक निर्माणाधीन अंडरपास का सिविल कार्य पूरा करने की अवधि निर्धारित है। मंडलायुक्त ने कहा कि मैन पावर व मशीनरी बढ़ाकर दिन–रात कार्य कराया जाए। उन्होंने कहा कि कार्य के दौरान यातायात व्यवस्था बाधित न हो।

## अवैध निर्माण के नाम ब्लैकमेल करने वाले 28 चिह्नित

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने शहर में अवैध निर्माण की झूठी शिकायत करके ब्लैकमेल करने वाले 28 शिकायतकर्ता चिह्नित किए। यह आईजीआरएस पर अवैध निर्माण की फोटो समेत शिकायत करके लोगों पर कार्रवाई का भय बनाते हैं और उनसे वसूली करते हैं। इनकी सूची शासन को भेजी है। साथ ही गिरोह की आशंका पर इनकी जांच कराई जाएगी।

एलडीए से संबंधित आईजीआरएस की शिकायतों की समीक्षा की गई। इसमें जनवरी 2024 से मई 2025 तक सबसे ज्यादा 2,114 शिकायतें आवासीय व व्यावसायिक अवैध निर्माण की मिली। जो गलत पाई गईं। यह बात भी सामने आई कि शिकायतकर्ता इस तरह से पोर्टल पर निर्माण की फोटो अपलोड करके निर्माणकर्ता पर कार्रवाई का भय बनाकर जनसामान्य का शोषण करते हैं। ऐसे बराबर शिकायत करने वाले 28 शिकायतकर्ताओं को चिह्नित किया है। साथ ही इनके नाम व शिकायत सम्बंधित ब्योरा शासन को कार्रवाई के लिए भेजा है। आशंका है कि इस तरह का यह बड़ा गिरोह सक्रिय है। जोकि निर्माणकर्ताओं को डरा-धमका कर उनसे वसूली करता है। इसकी भी जांच कराकर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



निराश्रितों के पुनर्वासन के लिए आयोजित बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी।

# निराश्रित लोगों को रैन बसेरों में पहुंचाएगी टीम

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- आज से जिला प्रशासन संस्था के सहयोग से चलाएगा रेस्क्यू अभियान
- चार रूटों पर दो-दो रेस्क्यू वाहन और अधिकारी अभियान में होंगे शामिल

**अमृत विचार :** भिक्षावृत्ति से मुक्त कराए गए बच्चों और सार्वजनिक स्थलों पर जीवन यापन करने वाले आश्रयहीन, असहाय व्यक्तियों को चिह्नित कर अस्पतालों व रैन बसेरों में पहुंचाया जाएगा। इसके लिए प्रशासन 4 जून से अपना घर आश्रम संस्था के सहयोग से रेस्क्यू अभियान चलाएगा। अभियान चलाने के लिए चार रूट चिह्नित किए गए हैं।

जिलाधिकारी विशाख जी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। इसमें बताया गया कि चिह्नित चारों रूटों पर 2-2 रेस्क्यू वाहनों से अभियान चलाया जाएगा। रेस्क्यू वाहनों के साथ रूट के स्थानीय अपर नगर मजिस्ट्रेट और एसीपी भी अभियान में शामिल होकर सहयोग प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि अभियान के नोडल अफसर अपर नगर मजिस्ट्रेट तृतीय ब्रजेश वर्मा होंगे।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, एसीपी, अपर नगर मजिस्ट्रेट, प्रथम, द्वितीय, पंचम, सप्तम, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, प्रभारी एन्टी ह्यूमन टैफिकिंग यूनिट, अपना घर संस्था के पदाधिकारी, सेन्टर मैनेजर, वन स्टाप सेन्टर, प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर, चाइल्ड हेल्पलाइन, स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधि व कर्मचारी उपस्थित थे।

### गोमती नगर में निर्माणाधीन इमारत सील

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने मंगलवार को गोमती नगर में अवैध रूप से निर्मित की जा रही एक बहुमंजिला इमारत सील कर दी। प्रवर्तन जोन–1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि राजेश सिंह व अन्य द्वारा गोमती नगर के विजयंत खंड में लगभग 120 वर्गमीटर में अवैध रूप से बहुमंजिला बिल्डिंग का निर्माण करवाया जा रहा था। जिसके विरूद्ध विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश पारित किये थे।

# जहरीली बिरयानी खिलाकर पांच कुत्तों को मार डाला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- तालकटोरा थाने में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** तालकटोरा के राजाजीपुरम स्थित सपना कालोनी में किसी ने जहरीली बिरयानी खाने से पांच कुत्तों को मार डाला। पांच गंभीर रूप से बीमार हो गए, उन्हें गोमतीनगर स्थित नगर निगम के पशु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सपना कालोनी निवासी पशु प्रेमी गौरव जुनेजा की तहरीर पर तालकटोरा थाने में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

इंस्पेक्टर कुलदीप दुबे के मुताबिक सपना कॉलोनी में अज्ञात व्यक्ति ने बिरयानी में जहरीला पदार्थ मिलाकर कुत्तों को दिया है। जहर देने वाले की जानकारी के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। मौके से बिरयानी और दस्ताना मिले हैं। नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। गौरव के मुताबिक मंगलवार सुबह लोग घरों से बाहर निकले तो मृत पड़े कुत्तों को देखकर नगर निगम को सूचना दी। पुलिस भी बुलाई गई।

छानबीन के दौरान सड़क पर ही जगह जगह जहरीला पदार्थ रखा था। पुलिस ने पशु चिकित्साधिकारी को मामले की जानकारी दी। मौके पर पशु चिकित्साधिकारी की टीम पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए लेकर गए। अस्पताल में भर्ती पांचों कुत्तों की हालत नाजुक बताई जा रही है। इंस्पेक्टर कुलदीप ने कहा कि साक्ष्यों के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

## सचिवों को चेतावनी जल्द कराएं अधूरे कार्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में ग्राम पंचायतों की समीक्षा में विकास कार्य अधूरे मिले। इस पर जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र कुमार ने सचिवों पर नाराजगी जताई और चेतावनी देकर जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मंगलवार को विकास भवन स्थित कार्यालय में जिला पंचायत राज अधिकारी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से सभी सचिवों के साथ बैठक की। इस दौरान गांव में बने अन्त्येष्टि स्थल, पंचायत भवन व स्वच्छ भारत मिशन के तहत बने आरआरसी सेंटर की समीक्षा की। जो कुछ जगह अधूरे मिले। जबकि बजट पहले ही जारी हो चुका है। खराब प्रगति पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने नाराजगी जताई और सम्बंधित सचिवों को कार्रवाई की चेतावनी दी। एक सप्ताह में निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# डेढ़ से दो घंटे में पूरी हुई 30 मिनट की दूरी

## बड़े मंगलवार को रूट डायवर्जन के बावजूद जगह-जगह लगा जाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बड़े मंगलवार पर रूट डायवर्जन के बाद भी शहर में लगभग सभी मार्गों पर जाम की स्थिति रही। 30 मिनट की दूरी डेढ़ से दो घंटे में पूरी हो पाई। यातायात सुचारु कराने में ट्रैफिक पुलिस के पसीने छूट गए।

बड़ा मंगल पर शहर में भंडारों के आयोजन को देखते हुए 14 मार्गों पर रूट डायवर्ट किया गया था। यातायात सुचारु करने के लिए जगह-जगह पुलिस फोर्स तैनात किया गया था। किंतु भंडारों में आने वाले ज्यादातर लोगों ने सड़क तक वाहन खड़े कर दिए। इससे गुजर रहे अन्य वाहनों की रफ्तार कम होने लगी। धीरे-धीरे कर वाहनों का दबाव बनने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। हनुमंत धाम मंदिर व हनुमान सेतु पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ और परिवर्तन चौक के पास लगे भंडारे के कारण परिवर्तन चौक, शहीद स्मारक मार्ग और हजरतगंज की तरफ से आने वाले ट्रैफिक पर दबाव बढ़ने लगा। जिसके कारण हजरतगंज, केडी सिंह बाबू स्टेडियम, जिलाधिकारी कार्यालय की तरफ जाम लगने लगा। कुछ देर के लिए वाहनों के पहिए थम गए। ट्रैफिक पुलिस को काफी मशक्कत कर वाहनों को निकलवाया।

वहीं, वीआईपी मूवमेंट के कारण शहीद पथ, विक्रमादित्य मार्ग और पार्क रोड की तरह भी दोपहर में जाम की स्थिति बनी। अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिस कर्मचारी लगा कर जाम खत्म कराया गया। कैसरबाग चौराहे के पास आयोजित भंडारों में आने वालों ने अपने वाहन सड़क किनारे ही वाहन पार्क कर दिए। जिसकी वजह से चौराहे से गुजरने वाली रोडवेज बसें और एक एंबुलेंस कुछ देर के लिए फंसी रहीं।



परिवर्तन चौक पर लगा जाम। अमृत विचार

**लापरवाही** — शकुंतला मिश्रा विवि, राजाजीपुरम, मवैया, केकेसी, सदर होते हुए 1090 चौराहे के पास गोमती में मिलता है नाला

# 16 किलोमीटर लंबे हैदर कैनाल नाले पर अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** 16 किलोमीटर लंबे हैदर कैनाल नाले पर अतिक्रमण का बोलबाला है। शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय से राजाजीपुरम, मवैया, केकेसी, सदर होते हुए 1090 चौराहे के पास गोमती में मिलने वाले इस नाले में गंदगी और सिल्ट भरी पड़ी है। नाला देख यह लगता है कि कई वर्षों से इसकी सफाई नहीं हुई।

नाले में सफाई के लिए जेसीबी तक जाने की जगह नहीं, तो सफाई कैसे हो। इससे बारिश में नाले के आस-पास के कई इलाके डूबने का खतरा है। नगर आयुक्त गौरव कुमार और महापौर सुषमा खर्कवाल के आदेश के बाद भी नाले साफ नहीं हो रहे तो बारिश में जलभराव तो होगा ही।



हैदर कैनाल में दोनों तरफ अवैध तरीके से बने मकान। अमृत विचार

> 6 किलोमीटर लंबे इस नाले पर अतिक्रमण हैं। नाले की सफाई कराना बड़ा चुनौतीपूर्ण कार्य है। किसी तरह छोटी जेसीबी मशीन नाले में उतारने के लिए जगह बनाई गयी है। सिल्ट बाहर निकालने के लिए भी जगह नहीं मिल पाती है।
>
> –मनोज प्रभात, मुख्य अभियंता आरआर विभाग, लखनऊ नगर निगम

### कागजों पर सफाई का दावा, हजम कर रहे बजट

जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नगर निगम अब साल में दो बार नाले और नालियों की सफाई कराने का दावा कर रहा है। इसके बाद भी नाले और नालियों की सफाई के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। अभियंताओं और ठेकेदारों की मिलीभगत से सफाई का बजट हजम किया जा रहा है। नगर निगम ने नालों और नालियों की सफाई के लिए 15 करोड़ रुपये बजट का प्रावधान किया है। इसके बाद भी सफाई में लापरवाही से इस बार भी आम जनता को बारिश में जलभराव की समस्या झेलनी पड़ेगी।

### प्रभारी मंत्री ने नाले से अतिक्रमण हटाने के दिए थे निर्देश

शहर में जलभराव की समस्या को देखते हुए प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री एवं प्रभारी मंत्री लखनऊ सुरेश खन्ना ने निरीक्षण के दौरान हैदर कैनाल नाले से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। महापौर सुषमा खर्कवाल ने इसके लिए नगर आयुक्त को निर्देश भी दिए थे। जब सर्वे किया गया तो पूरे नाले के दोनों ओर पक्के अतिक्रमण मिले। नाले तक पहुंचने के लिए सैकड़ों मकान तोड़े जाते। इसे देखते हुए पुलिस–प्रशासन से लेकर नगर निगम बैकफुट पर आ गया और आज तक अतिक्रमण तोड़े नहीं जा सके।

# अपर नगर आयुक्त को साफ नहीं मिले नाले

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह ने मंगलवार को जोन-3 के त्रिवेणी नगर और फैजुल्लागंज क्षेत्र में साफ-सफाई और निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। कुछ स्थानों पर नाले पूरी तरह साफ नहीं थे। इस पर उन्होंने नाराजगी जताई और जोन के अधिकारियों व अभियंताओं को नालों की नियमित सफाई कराने के निर्देश दिए। कहा कि, कहीं भी जल जमाव की स्थिति न बनने पाए।

अपर नगर आयुक्त ने कहा कि मानसून से पहले सभी नालों की सफाई का कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने सड़कों और नालियों के साथ इंटरलाकिंग टाइल्स की गुणवत्ता की जांच की।



फैजुल्लागंज द्वितीय वार्ड का निरीक्षण करतीं अपर नगर आयुक्त। अमृत विचार

- फैजुल्लागंज व त्रिवेणी नगर का किया निरीक्षण, जताई नाराजगी

उन्होंने संबंधित अभियंताओं को निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया। अपर नगर आयुक्त ने अधिकारियों से वार्ड वार रिपोर्ट मांगी और कहा कि प्रतिदिन की प्रगति की निगरानी की जाएगी। लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से सफाई व्यवस्था में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि कचरा नालियों में न डालें। निरीक्षण में जोन 3 के नगर अभियंता सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप



प्रसाद का वितरण करते स्टेशनरी समिति के पदाधिकारी व सदस्य। अमृत विचार

### स्टेशनरी समिति व व्यापारी संगठनों ने कराए भंडारे

लखनऊ व्यापार मंडल ने गणेशगंज, अमीनाबाद, आलमबाग, नाका समेत कई स्थानों पर भंडारे कराए। स्टेशनरी विक्रेता समिति की ओर गुइन रोड पर भंडारा देर शाम तक चलता रहा। इनमें कचौड़ी, छोला, चावल, मट्ठा, कोल्ड ड्रिंक, फल परोसे गए। स्टेशनरी समिति के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान और गौरव महेश्वरी ने बताया कि राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश ने प्रसाद ग्रहण किया। लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र एवं चेयरमैन राजेंद्र अग्रवाल ने भी व्यापारियों की ओर से भंडारे लगवाए। इब्जा के स्टेट हेड अनुराग रस्तोगी ने गोमतीनगर समेत कई स्थानों पर बाबा बजरंगबली का प्रसाद छका।



मदन मोहन मालवीय मार्ग पर भंडारे में फ्रूटी का वितरण करते लोग। अमृत विचार

### विराज सागर और अलका ने बांटा प्रसाद

डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन ने बीआर अंबेडकर पार्क चौराहा, गोमतीनगर में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन और यूपी ओलंपिक संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास और राज्य सूचना आयुक्त दिलीप अग्निहोत्री ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन अलका दास, देवांशी दास, सोनाक्षी दास, आरके अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



भंडारे में आइसक्रीम वितरण करते समिति के पदाधिकारी व सदस्य।

### चखा प्रसाद और जांच भी कराई

पंडितखेड़ा समग्र विकास समिति ने ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल पर घई प्लाजा पंडितखेड़ा में सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति द्वारा निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 200 लोगों ने हीमोग्लोबिन, शुगर, यूरिक एसिड, थायराइड, एलएफटी जांच कराई। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष विनीत मिश्रा, अरुण शुक्ला, अमित सिंह, प्रदीप राजपाल, अनुज तिवारी, वीरेंद्र सिंह, अरुण दूबे, पूनम चौरसिया, बाबू शुक्ला, राजेन्द्र सिंह, बृजेश श्रीवास्तव, अभिनव सक्सेना, रजनीश दूबे सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



नवयुग कन्या महाविद्यालय में प्रसाद बांटतीं प्राचार्या डॉ मंजुला उपाध्याय।

# पूजा से मन और कोल्डड्रिंक-आइसक्रीम से शीतल किया तन

## भक्तों ने मंदिरों में हनुमान जी के दर्शन-पूजन कर भंडारों में छका पूड़ी-सब्जी, छोले चावल, बूंदी, फल और छांछ का प्रसाद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को श्रद्धालुओं ने हनुमान मंदिरों में दर्शन पूजन किया और जगह-जगह लगे भंडारों में आइसक्रीम, जलेबी, शर्बत, मैंगो शेक, टैंगो शेक समेत विभिन्न प्रकार के व्यंजनों को प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया।

हनुमान सेतु, हनुमंत धाम, पुराना हनुमान मंदिर, नया हनुमान मंदिर, अमीनाबाद हनुमान मंदिर, लेटे हुए हनुमान मंदिर समेत अन्य मंदिरों में सुबह से भक्तों की कतारें लगी रहीं। भक्तों ने श्रीराम के जयकारे के साथ मंदिर में प्रवेश किया।

प्रमुख मंदिरों में विशेष पूजन के साथ आधी रात से हनुमान जी का श्रृंगार किया गया है। अलीगंज के हनुमान मंदिर में सोने का मुकुट पहनाया गया। भक्तों ने हनुमान जी को फूलों की माला, सिंदूर, जनेऊ, अर्पण कर बूंदी, बेसन के लड्डू आदि का भोग लगाकर आशीर्वाद लिया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने हजरतगंज दक्षिणमुखी हनुमानजी मंदिर में भंडारा कराया। उन्होंने कहा कि बड़ा मंगल राजधानी लखनऊ में विशिष्ट धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। ये उत्तर भारतीय लोक आस्था का एक महत्वपूर्ण त्योहार बन गया है।

उन्होंने कहा कि हनुमान जी समाज को शक्ति, भक्ति और सेवा का संदेश देते हैं। हम सब एक-दूसरे की मदद करेंगे, तभी सच्चे अर्थों में धर्म की विजय होगी और मानवता का कल्याण होगा। उप मुख्यमंत्री राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल के आवास पर आयोजित भंडारे में भी सम्मिलित हुए। संतोष पांडेय ने आइसक्रीम का भंडारा कराया। उन्होंने बताया कि गर्मी होने के कारण आइसक्रीम वितरण शुरू होने के कुछ ही देर में खत्म हो गई। सुषमा पांडेय, तेज नारायण मिश्रा, प्रतीक सहाय, सोमिल मिश्रा, अमित मिश्रा, नितिन श्रीवास्तव, शिवम, अदम्या, तृप्ति और अन्य लोगों ने सहयोग किया।





चौथे बड़े मंगलवार को राजधानी के अमीनाबाद स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन और हनुमत धाम में भजन कीर्तन करते भक्त। अमृत विचार

### फूलों से सजाए गए मंदिर

बड़े मंगल की तैयारियां सोमवार देर रात तक कर ली गई थी। मंदिरों को झालरों और विभिन्न तरह के फूलों से सजाया गया। हनुमान जी को भी कई तरह के फूलों की माला पहनाई गई।

**चौथा बड़ा मंगल**



हनुमान जी के दर्शन और पूजन करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

### कई मंदिरों में हुआ रामायण का पाठ

भक्तों ने मंदिरों में दर्शन करने के साथ ही हनुमान चलीसा का पाठ किया। शहर के कई हनुमान मंदिरों में सुंदरकाण्ड और रामायण का पाठ किया गया।



प्रसाद वितरित करते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, नीरज सिंह और अन्य।

### 11 प्रकार के फलों से किया हनुमान जी का श्रृंगार

केले, आम, लीची, सेब, अनानास, खरबूजा, तरबूज, अनार समेत 11 प्रकार के फलों ने भक्तों ने हनुमान जी का श्रृंगार किया। भंडारा ट्रस्ट के सचिव पंकज सिंह भदोरिया, सर्वेश सिंह व शैलेश सिंह ने पनीर की सब्जी, पुलाव एवं देसी घी का हलुवा भोग लगाया। इसके बाद चिन्मय आश्रम के अध्यक्ष स्वामी कौशिक चैतन्य ने भंडारे की शुरुआत की। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बाबा के दर्शन और पूजन किया। हरदोई के सवायजपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू, पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप भी मौजूद रहे। ट्रस्ट के मुख्य सेवादार डॉ. विवेक तांगड़ी ने हनुमान जी की आरती उतारी।मंदिर के कोषाध्यक्ष ऋद्धि किशोर गौड़, अलकेश सोती, राजेश आनंद, प्रहलाद अग्रवाल, आनंद मोहन, जगदीश, आशीष अग्रवाल, अखिलेश कुमार, शिवम् सिन्हा व अजय मेहरोत्रा मौजूद रहे।

### संगीत नाटक अकादमी में हुआ सुंदरकांड पाठ

उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी ने अकादमी परिसर में चौथे बड़े मंगल पर सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे का आयोजन किया। इसमें अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत, उपाध्यक्ष विभा सिंह, निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर के अलावा अकादमी व रेडियो जयघोष के कर्मचारीतथा कार्यशालाओं के प्रशिक्षक मौजूद रहे। सुंदर कांड पाठ के बाद भंडारा शुरू किया गया। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह, प्रमुख सचिव नवीन कुमार, सुहास एलवाई, संस्कृति निदेशालय के सहायक निदेशक तुहिन द्विवेदी, वित्त नियंत्रक दिलीप गुप्ता तथा बड़ी संख्या में विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



भवानी प्राइवेट आईटीआई अलीगंज हनुमान चालीस का पाठ करते भक्त। अमृत विचार

### उप मुख्यमंत्री मौर्य के साथ नीरज सिंह ने बांटा प्रसाद

आम्रपाली स्वीट में अजय जायसवाल की ओर से आयोजित भंडारे में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और भाजपा नेता नीरज सिंह ने प्रसाद वितरण किया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल की ओर से आयोजित भंडारे में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा और पार्टी वरिष्ठ नेताओं के साथ सम्मिलित हुए। राम-राम बैंक चौराहे पर पार्षद मानसिंह और महानगर में जितेंद्र प्रताप सिंह की ओर से आयोजित भंडारों में भी सम्मिलित हुए। इसके अलावा सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा ने भी विभिन्न स्थानों पर आयोजित भंडारे में शामिल होकर प्रसाद का वितरण किया।

### नवयुग महाविद्यालय में हुआ संगीतमय सुंदरकांड का पाठ

**अमृत विचार, लखनऊ :** अहिल्याबाई होल्कर सांस्कृतिक क्लब नवयुग कन्या महाविद्यालय ने राजेन्द्र नगर स्थित नवयुग कन्या महाविद्यालय में संगीतमय सुंदरकांड का पाठ और भंडारे का आयोजन किया। क्लब संयोजक प्रो. मंजुला यादव, उनकी टीम के अलावा महाविद्यालय के प्रबंधक विजय दयाल, प्राचार्य प्रो. मंजुला उपाध्याय ने गौरी गणेश के पूजन के बाद सुंदरकांड का संगीतमय पाठ किया। भजन का गान किया गया। मंडली प्रमुख पुराण प्रवाचक आचार्य अनुराग बाजपेई एवं उनकी टीम ने सुंदरकांड का पाठ किया। उन्होंने अशोक वृक्ष के प्रसंग में पर्यावरण संरक्षण की ओर सबका ध्यान आकृष्ट किया। इस अवसर पर एपी सेन महाविद्यालय से डॉ. ऊषा पाठक, जवाहरलाल नेहरू स्मारक पीजी कॉलेज बाराबंकी से डॉ. अर्चना सिंह, लखनऊ बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री कुलदीप नारायण मिश्रा, पट्टी महाविद्यालय प्रतापगढ़ के प्राचार्य प्रो. अखिलेश पांडे, अधिवक्ता हेमंत उपाध्याय, अनीता वाजपेयी, कालीचरण पीजी कॉलेज के प्राचार्य चंद्र मोहन उपाध्याय, क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी आशुतोष श्रीवास्तव, पीके घोष, प्रो. सिद्धार्थ सिंह, विशाल शुक्ल और डॉ. प्रवीण मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### सुंदरकांड, हनुमान चालीसा पाठ में बाल निकुंज इंटर कॉलेज बॉयज विंग प्रथम

**अमृत विचार, लखनऊ :** भवानी प्राइवेट आईटीआई अलीगंज के परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया। इसके पहले 9 बजे से पांचों शाखाओं के शिक्षकों एवं बच्चों की मंडलियों ने भजन, सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ किया। इसमें बाल निकुंज इंटर कॉलेज बॉयज विंग प्रथम, बाल निकुंज गर्ल्स एकेडमी द्वितीय, बाल निकुंज इंटर कालेज गर्ल्स विंग तृतीय, बाल निकुंज विद्यालय डे बोर्डिंग को चतुर्थ और बाल निकुंज इंग्लिश स्कूल पलटन शाखा को पांचवां स्थान मिला। प्रबंधिका पुष्पा जायसवाल ने प्रशंसा पत्र व नकद पुरस्कार प्रदान किया। शिक्षक भजन मंडली में बाल निकुंज इंटर कॉलेज बॉयज विंग को प्रथम पुरस्कार में 751 रुपये, बाल निकुंज विद्यालय डे बोर्डिंग शाखा को द्वितीय पुरस्कार में 551 रुपये, बाल निकुंज गर्ल्स एकेडमी को तृतीय पुरस्कार में 351 रुपये, बाल निकुंज इंटर कॉलेज गर्ल्स विंग को चतुर्थ पुरस्कार में 251 रुपये एवं बाल निकुंज इंग्लिश स्कूल पलटन शाखा को पांचवें पुरस्कार में 151 रुपये दिए गए। प्रबंध निदेशक एच एन जायसवाल, कोषाध्यक्ष अलका जायसवाल, कोऑर्डिनेटर सुधीर मिश्रा तथा सभी शाखाओं के प्रधानाचार्य इंचार्जेस एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एव शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित हुए और प्रसाद ग्रहण किये।

### एलडीए कर्मचारियों ने कराया भंडारा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण के जोन-7 में एलडीए कर्मचारियों ने बंसतकुंज योजना में जार्गस पार्क के पास भंडारा कराया। इसमें भक्तों को पूड़ी-सब्जी और बूंदी प्रसाद वितरित की गई। आयोजन में एलडीए के एई अतुल मिश्र, अलका वर्मा, जेई गिरजाशंकर, सत्यप्रकाश, ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, गुरुताल सिंह, देवेंद्र सिंह, रामभूल फुलेरिया, संजय भाठी, सरोज यादव, सुपरवाइजर आफाक रिजवी और निशीनाथ अवस्थी मौजूद रहे।

### केजीएमयू में लगाया गया भंडारा



केजीएमयू में कर्मचारी परिषद् के महामंत्री अनिल कुमार की ओर से भंडारे का आयोजन कराया गया। बड़ी संख्या में मरीजों-तीमारदारों ने प्रसाद ग्रहण किया। कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानद, चिकित्सक और कर्मचारी में मौजूद रहे।

### मलिन बस्तियों के बच्चों व बुजुर्गों ने बांटा प्रसाद



हरेला बाखई वेल्फेयर सोसाइटी ने इंद्रप्रस्थ नगर, महानगर में भंडारे का आयोजन किया। प्रसाद वितरण मलिन बस्तियों के बच्चों व बुजुर्गों ने किया। भंडारे में आनंद कुमार ब्रजवासी, गोदम्बरी उपाध्याय, निर्मला पंत व धन बाफिला अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

### सुंदरकांड का पाठ और भंडारा हुआ

**अमृत विचार, लखनऊ :** सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था उड़ान ने महालक्ष्मी मार्केट चांदन रोड इंदिरा नगर में भंडारे का आयोजन किया। इसके पहले हनुमत स्मरण के साथ सुंदरकांड पाठ किया गया। उड़ान की अध्यक्ष सरिता सिंह और सचिव नरेंद्र यादव ने हनुमान जी की पूजा कर भोग लगाया। समूह की महिलाओं ने पूड़ी- सब्जी, छोला-चावल, मट्ठा, बूंदी, केला, आम का प्रसाद बांटा।

## सार-संक्षेप



भंडारे में जलेबी का प्रसाद वितरित करती महिला व अन्य। अमृत विचार



भंडारे में प्रसाद वितरित करतीं महिलाएं। अमृत विचार



राजेन्द्र नगर में महाकाल मंदिर के समीप भंडारे में आईसक्रीम विरतरण करते भक्त।

आस्था | 1945 में स्थापित की गई थी 5 फीट की मूर्ति, दरबार में श्रीराम व सीताजी भी विराजीं

# अमीनाबाद हनुमान मंदिर का इतिहास है पुराना



अमीनाबाद में आयोजित भंडारे में प्रसाद वितरित करते व्यापारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** अमीनाबाद हनुमान मंदिर महिमा विख्यात है लेकिन ज्येष्ठ मास के बड़े मंगल में इस मंदिर का अपना एक विशिष्ट स्थान है। मन्दिर में स्थापित प्रतिमा की स्थापना वर्ष 1945 के पास हुई थी। लगभग 5 फीट की हनुमान जी की प्रतिमा के ऊपर चांदी का छत्र है। हनुमान जी के पीछे चांदी धातु की ही श्रीराम, माता सीता और भ्राता लक्ष्मण की भी प्रतिमा है।

माता दुर्गा, राम दरबार और लक्ष्मी नारायण जी की प्रतिमा भी मंदिर भवन में है। दूर दूर से भक्त यहां आते है और अपनी मनौती मांगते हैं। प्रभु भी भक्तों को मनचाहा वरदान देकर उनकी मनोकामना को पूर्ण करते हैं।

मंदिर की परिक्रमा का भी यहां विशेष महत्व है। सभी धर्म संप्रदाय के लोग यहां आते है और अपने आराध्य के दर्शन कर स्वयं को धन्य मानते हैं। मंदिर खुला हो या बंद भक्त मंदिर परिक्रमा करना नहीं भूलते।

अमीनाबाद हनुमान मंदिर बड़े मंगल मेले के लिए खास तौर से जाना जाता है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंदिर में महिला और पुरुष अलग अलग पंक्ति में मंदिर में प्रवेश कर प्रभु के दर्शन करते है। इस अवसर पर मंदिर के चारों द्वार खोल दिए जाते हैं ताकि भक्तों को किसी प्रकार से कोई असुविधा न हो।



### भंडारे में पहुंचे पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष

चिनहट ब्लॉक के मल्होर रोड स्थित कस्बा चौकी के पास किसान सरकार ट्रस्ट कि और से हुआ भव्य भंडारे का आयोजन। इस मौके पर पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीश मंसूरी के साथ वाजिद अली, दिलीप कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस भंडारे का आयोजन किसान नेता आशु चौधरी, सतेंद्र सिंह, आलोक वर्मा द्वारा किया गया।

## एक नजर

### शार्ट सर्किट से लगी आग

अमृत विचार, लखनऊ : मलिहाबाद के शीतलनटोला मोहल्ले मे सोमवार देर रात 2 बजे शार्ट सर्किट से घर में आग लग गई। आग से मजदूर की गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित राहुल कश्यप ने बताया कि घर में धुंआ उठता देख पड़ोसियों ने शोर मचाया। तब नींद खुली तो देखा कि घर के अन्दर आग लगी हुई थी। घर में रखे टीवी, फ्रिज, कूलर व गृहस्थी का अन्य सामान जल रहा था। पुलिस व दमकल को सूचना दी गई। दमकल कर्मियों ने एक गाड़ी की मदद से कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया।

### फंदा लगाकर युवक ने दी जान

अमृत विचार, गोसाईंगंज : गोसाईंगंज के बेगरियामऊ गांव में मंगलवार की शाम को अजीत (18) ने घर की दूसरी मंजिल पर छत कुंडे से साड़ी का फंदा लगाकर जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक पिता मुनेश्वर ने बेटे को लटका देख सूचना दी थी। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। पुलिस के मुताबिक युवक की आत्महत्या का कारण अभी पता नही चल सका।

### मोबाइल चोरी में ई-रिक्शा चालक गिरफ्तार

अमृत विचार, गोसाईंगंज : गोसाईंगंज पुलिस ने मंगलवार को मोबाइल चोरी करने वाले ई-रिक्शा चालक को गिरफ्तार किया है। उसके पास चोरी का मोबाइल व ई-रिकशा बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक 26 मई की रात्रि में प्रीति सोनी निवासी ठाकुरगंज, लखनऊ ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था कि सुल्तानपुर नर्सरी, मलौली पुलिया के पास एक ई-रिक्शा चालक ने उनका ओप्पो मोबाइल व लावा मोबाइल चोरी कर लिया। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर बहराइच के सैफुल्लाह उर्फ सैफ को गिरफ्तार किया गया है।

# लामार्ट चौराहे के पास युवक ने किया आत्मदाह का प्रयास

## पुलिस ने पकड़कर पहुंचाया गौतमपल्ली थाने, मकान मालिक से चल रहा था किरायेदारी का विवाद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पूछताछ में पता चला कि उक्त युवक का मकान मालिक से किराएदारी को लेकर विवाद चल रहा है

**अमृत विचार:** गौतमपल्ली इलाके में लामार्ट चौराहे के पास मंगलवार दोपहर एक व्यक्ति ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। माचिस जलाने से पहले पुलिस कर्मियों ने उन्हें पकड़ लिया। थाने में हुई पूछताछ में पता चला कि उक्त युवक का मकान मालिक से किराएदारी को लेकर विवाद चल रहा है। मकान मालिक पर दबाव बनाने के लिए अनिल ने आत्मदाह का प्रयास किया। पुलिस ने अनिल को हिरासत में लेकर मामले की जांच कर रही है।

मूल रूप से बहराइच के विशेश्वर गंज निवासी अनिल कुमार गिरी कई महीनों से चिनहट के हरदासी खेड़ा स्थित एकता नगर में राम स्नेही के मकान में किराए पर रहते थे। मकान मालिक से किरायेदारी को लेकर विवाद चल रहा था। मकान मालिक ने उसने घर खाली करने को कहा था। मंगलवार दोपहर अनिल बाइक से लामार्ट कालेज चौराहा टैंगो श्री गेट के पास पहुंचा। वहां मोटरसाइकिल खड़ी की। इसके बाद बाइक से पेट्रोल निकालकर खुद पर



आत्मदाह करने पहुंचे युवक को पकड़ते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

उड़ेल लिया। यह देख पुलिस कर्मी दौड़े और माचिस जलाने से पहले ही अनिल को पकड़ लिया।

इसके बाद पुलिसकर्मी उसे लेकर गौतमपल्ली थाने पहुंचे। सूचना मिलते ही एसीपी हजरतगंज विकास कुमार जायसवाल गौतमपल्ली थाने पहुंचे।

पूछताछ के दौरान अनिल ने मकान मालिक पर प्रताड़ना का आरोप लगाया। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि अनिल का मकान मालिक से किराएदारी को लेकर विवाद चल रहा था। एसीपी ने बताया कि मकान मालिक को भी बुलाया गया है। मामले की जांच की जा रही है। अगर पता चला कि अनिल मकान मालिक पर कोई दबाव बना रहा था तो उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# आइस्क्रीम विक्रेता के गले पर ब्लेड मारने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने की पहचान

**अमृत विचार:** ताड़ीखाना के पास सोमवार रात नशे में आइस्क्रीम विक्रेता पर ब्लेड से हमला करने वाले दो आरोपियों को मड़ियांव पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त सर्जिकल ब्लेड बरामद किया है।

त्रिवेणीनगर तृतीय निवासी अजय कुमार (40) ताड़ीखाना के पास आइस्क्रीम का ठेला लगाता है। सोमवार रात करीब 1:30 बजे नशे में धुत दो युवक अजय के ठेले पर आए। आरोपियों ने आइस्क्रीम मांगी। मनचाहा फ्लेवर नहीं मिलने पर युवक गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे बुरी तरह से पीटा। इस बीच एक युवक ने सर्जिकल ब्लेड से हमला कर दिया। गर्दन में ब्लेड लगने से अजय खून से लथपथ होकर गिर पड़ा। राहगीरों की मदद से अजय ने बड़े भाई पप्पू जायसवाल को सूचना दी। देर रात घायल को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानन्द मिश्र ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान कर दोनों को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम केशवनगर निवासी राकेश शर्मा और अग्रसेन नगर निवासी नन्दन बाजपेई बताया।

# पीजी संचालक ने छात्रा से किया दुष्कर्म का प्रयास, विरोध पर धमकाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कैसरबाग कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** कैसरबाग कोतवाली में पीजी संचालक के खिलाफ छात्रा ने दुष्कर्म के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज करायी है। छात्रा का आरोप है कि हास्टल में अकेला पाकर उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए गलत काम करने की कोशिश की। विरोध पर धमकाने लगा। कैसरबाग पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

इंस्पेक्टर कैसरबाग अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि पीजी में रह कर छात्रा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है। मंगलवार को एक छात्रा की तबीयत बिगड़



गई। इस बहाने से पीजी संचालक निर्मल जगरानी (73) कमरे में पहुंचा। छात्रा की रूम पार्टनर को कुछ जरूरी सामान लेना था। इसलिए वह बाजार चली गई। वहीं, निर्मल देखभाल करने के बहाने से कमरे में रुका रहा।

पीड़िता ने बताया कि निर्मल ने अकेला देख छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए धमकाया। किसी तरह उनके चंगुल से छूटी और आसपास के लोगों से मदद मांगी। फिर डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पीड़िता के शोर मचाने पर पकड़े जाने के डर से आरोपित निर्मल भाग गया।

इंस्पेक्टर ने बताया कि मौके पर पहुंचकर आसपास के लोगों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। पीड़िता का मेडिकल करवाया गया है। साथ ही आरोपी से पूछताछ की जा रही है। उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मकान में चोरी करने वाला गिरफ्तार, माल बरामद

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बिजनौर पुलिस ने मकान में चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से चोरी का माल बरामद किया और जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर बिजनौर अरविंद कुमार राणा के मुताबिक चमन कॉलोनी निवासी संतोष कुमार सरोजनी नगर के ट्रांसपोर्ट नगर में एक कंपनी में काम करते हैं। संतोष ने 1 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह 19 मई की रात परिवार सहित घर में सो रहे थे। चोरों ने दो लाख रुपये के जेवर व 20 हजार रुपये नकदी साफ कर दिया। आरोपी को सोमवार देर रात को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी घसियारी मोहल्ला का शुभम रावत है। आरोपी के पास से चोरी का मोबाइल, सोने का हार, कान का झाला, अंगूठी समेत कई सामान बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक शुभम के खिलाफ बिजनौर, बंथरा, सरोजनीनगर, कृष्णानगर थाने में कई मामले दर्ज है।

# दहेज के लिए किया प्रताड़ित, दिया तीन तलाक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एसी और कार लाने का बनाया जा रहा था दबाव
- पीड़िता ने काकोरी थाने में दर्ज करायी रिपोर्ट

**अमृत विचार:** निकाह के बाद विवाहिता पर दहेज में एसी और कार लाने का दबाव बनाया। मांग पूरी न होने पर महिला को मारपीट कर जलाकर मारने की साजिश रची गई। पीड़िता ने पुलिस और मायकेवालों को सूचना दी। दोनों पक्ष बातचीत के लिए बैठे, तभी पति ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने काकोरी थाने में पति समेत 12 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

काकोरी निवासी 30 वर्षीय महिला का निकाह करीब डेढ़ साल पहले हरदोई संडीला निवासी वसी अहमद से से हुई थी। महिला के छह माह की बेटी है। पीड़िता ने बताया कि ससुराल पहुंचने के बाद से ही उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। पति





वसी अहमद के साथ उसके परिवार वालों ने मिल कर महिला को कई बार पीटा। दहेज में एसी और कार लाने का दबाव बनाया गया। 27 मई को दहेज की बात को लेकर महिला की पिटाई करते हुए उसे जला कर मारने की साजिश रची गई। पीड़िता ने समय रहते डॉयल 112 पर कॉल की थी।

जिस पर पुलिस कर्मियों के हस्तक्षेप करने पर वसी अहमद ने माफी मांग ली। पीड़िता ने मायकेवालों को फोन कर सूचना दी। वहीं, 28 मई को महिला के मायके पक्ष से कुछ लोग ससुराल आए। दोनों पक्षों के बीच बातचीत चल रही थी। इसी दौरान वसी अहमद ने पत्नी को तीन तलाक देकर घर से भगा दिया। जिंदगी बर्बाद होती देख पीड़िता ने काकोरी थाने में शिकायत की। शुरुआती जांच के बाद पुलिस ने पति वसी अहमद, भाई नवी अहमद, जकी अहमद, समी अहमद, शिबली उर्फ हुसना, अफसरी, शबाना, बबली, शमसुद्दीन, ताहिर, सैफ और बदरुन्निसा के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, मारपीट, मुस्लिम महिला एक्ट समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर काकोरी सतीश राठौर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।



अभिलेख नष्ट करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

# मृत 6 हिस्ट्रीशीटर के रिकार्ड पुलिस ने किए नष्ट

अमृत विचार, नगराम : मोहनलालगंज व नगराम थाना क्षेत्रों के छह हिस्ट्रीशीटर की मौत के बाद मंगलवार को उनका खाका नष्ट किया गया। एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने बताया कि मंगलवार को 6 हिस्ट्रीशीटर के अभिलेखों को जलवाकर नष्ट कराया। इनमें हिस्ट्रीशीटर भोपाली सिंह निवासी इन्द्रजीतखेड़ा, अशोक कुमार उर्फ झूरी सिंह निवासी पुरसैनी, लेकराम निवासी इंद्रजीतखेड़ा, नगराम थाना क्षेत्र के ढोड़े पासी निवासी डोभिया, रामलखन निवासी हुसैनाबाद, ओमकार सिंह निवासी छतौनी के रिकार्ड जलाकर नष्ट कराये गये। एसीपी ने बताया कि सर्किल के अन्य थानों के अन्य मृत हिस्ट्रीशीटरों के अभिलेख भी जल्द नष्ट किए जाएंगे।

# डॉक्टर की बेटी और पत्नी से की कॉल पर अश्लील बातें, परिवार को धमकाया

संवाददाता, पीजीआई

- दिल्ली से लखनऊ रिश्तेदारी में आया है परिवार, पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में रिश्तेदारी में आए डॉक्टर की बेटी को एक सिरफिरे ने फोन कर अश्लील बातें की। विरोध पर आरोपी ने उसकी मां से भी अश्लील बातें की। फिर डॉक्टर पिता को परिवार संग जान से मारने की धमकी दी। डॉक्टर की पत्नी की शिकायत पर पीजीआई पुलिस ने सिरफिरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

नई दिल्ली में रहने वाले डॉक्टर पत्नी और बच्चों के साथ गर्मी की छुट्टियां बिताने पत्नी की बड़ी बहन के यहां आए हैं। पत्नी का आरोप है कि रविवार रात करीब 12 बजे उनकी 13 वर्षीय बेटी पढ़ाई कर रही थी। तभी बछरावां के कस्बे के महाराजगंज रोड निवासी हिमांशु भाटिया नाम के युवक ने उनकी बेटी के मोबाइल पर फोन कर अश्लील बातें करने लगा। बच्ची डर गई तो उसने अपनी मां को फोन पकड़ा दिया, इसपर आरोपी हिमांशु भटिया भड़क गया।

वह किशोरी की मां से अश्लील बातें करते हुए गाली-गलौज व धमकी देने लगा। मां ने फोन डॉक्टर पति को पकड़ा दिया तो उस युवक उनके साथ भी जमकर अभद्रता की और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। डॉक्टर और उसका परिवार पूरी तरह से दहशत में हैं, उन्हें रिश्तेदार के घर से बाहर निकलने में भी डर लग रहा है। डॉक्टर की पत्नी ने महिला हेल्पलाइन में शिकायत करने के बाद पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# असिस्टेंट बैंक मैनेजर पर दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, मोहनलालगंज

- पुलिस कर रही मामले की जांच

**अमृत विचार:** मोहनलालगंज थाने में रेलवे कर्मी ने असिस्टेंट बैंक मैनेजर पति पर दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि बेटी पैदा होने के के बाद से लगातार परेशान किया जा रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कनकहा निवासी शिवकुमारी रावत रेलवे में ट्रैकमैन के पद पर कार्यरत हैं। वर्ष 2021 में शिवकुमारी की शादी रायबरेली बछरावां निवासी असिस्टेंट बैंक मैनेजर राज कुमार से हुई थी। पीड़िता के मुताबिक ससुराल पहुंचने के बाद से ही कम दहेज लाने पर प्रताड़ित किया जाने लगा। अगस्त 2023 में बेटी का जन्म होने के बाद प्रताड़ना और बढ़ गई। दहेज में कार लाने का पति दबाव बनाने लगा। मांग पूरी नहीं होने पर शिवकुमारी के साथ ससुराल में मारपीट की जाने लगी। पीड़िता के मुताबिक 2 अक्तूबर 2024 को पति ने मारपीट करने के बाद शिवकुमारी को घर से निकाल दिया। जिसके बाद से ही पीड़िता मायके में रहने को विवश है। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज दिलेश कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# मददगार बनकर बदला कार्ड, खाते से उड़ाए 80 हजार

अमृत विचार, लखनऊ : निगोहां थाना क्षेत्र में एटीएम बूथ में रुपये निकालने गए किसान को मददगार बनकर उचक्कों ने कार्ड बदल दिया। जिसके बाद खाते से 80 हजार रुपये निकल गायब कर दिए। ब्रह्मदासपुर निवासी किसान महेश का केनरा बैंक में खाता है। दस दिन पूर्व उन्होंने एटीएम से 3 हजार रुपये निकालने के बाद वापस आ रहे थे। इसी बीच एक युवक ने उन्हें आवाज देकर रोका। बोला कि अंकल आपका ट्रांजेक्शन पूरा नहीं हुआ है। इसके बाद युवक ने महेश से एटीएम पिन डलवाया। इस बीच बातों में उलझा कर उनका एटीएम कार्ड बदल दिया। महेश ने बताया कि घर आने के बाद उन्हें ट्रांजेक्शन मैसेज आने पर खाते से 80 हजार रुपये निकाले जाने का पता चला।

# परिवार गया था वैष्णो धाम, मकान में हुई चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए दो चोर, इंदिरानगर की घटना
- चिनहट में मकान में घुसे चोर, आलमारी तोड़कर 4 लाख के गहने किए पार

**अमृत विचार :** इंदिरानगर में चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने जेवर व नकदी समेत करीब 6 लाख के माल पर हाथ साफ कर दिया। सीसी कैमरे में दो चोरों की करतूत कैद हुई है। घटना के दौरान पीड़ित परिवार संग बच्चे का मुंडन कराने वैष्णो देवी गया था। वहीं, चिनहट में चोरों ने घर की आलमारी तोड़कर नकदी व जेवर समेत करीब 4 लाख का माल चोरी कर लिया। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

तकरोही स्थित विवेकानंद कालोनी में रहने वाले पंकज कुमार पत्नी और परिवार के साथ बच्चे का मुंडन कराने 23 मई को जम्मू वैष्णो देवी मंदिर गए थे। मुंडन कराकर 28 मई को लौट रहे थे। वह बरेली पहुंचे थे। इस बीच पड़ोस में रहने वाली संध्या ने घर के मुख्य गेट का ताला टूटा पड़ा देखकर पत्नी को फोन कर जानकारी दी। देर रात घर पहुंचे तो सभी कमरों समेत अलमारियों और बक्सों के ताले टूटे पड़े थे। सारा सामान अस्त व्यस्त था।

चोर करीब पांच लाख रुपये के जेवर और हजारों रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल में पता चला कि चोर रात 1:43 बजे दाखिल हुए और 2:15 बजे सारा माल समेत कर भाग निकले। सीसी कैमरों में दो चोरों की करतूत कैद हुई है। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही इंदिरानगर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की।

वहीं, चिनहट के मटियारी स्थित पीताम्बरा विहार में रहने वाले विशाल वर्मा के घर से चोरों ने 25 हजार की नकदी और करीब 4 लाख के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। विशाल ने बताया कि कुछ दिन से घर में पेंटिंग का काम चल रहा था। मो. अकील कारपेंटर का काम कर रहे थे। आशंका है कि मो. अकील का चोरी में हाथ है। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# नशीली कोल्ड ड्रिंक पिला बनाया वीडियो, किया ब्लैकमेल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आरोपी ने दो बार में ऐंठे 1 लाख रुपये
- परेशान महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास
- पीड़िता ने पारा थाने में दर्ज करायी रिपोर्ट

**अमृत विचार:** पारा इलाके ने परिचित ने नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर महिला का अश्लील वीडियो बनाया। फिर वीडियो वायरल की धमकी देकर ब्लैकमेल कर 1 लाख रुपये ऐंठ लिए। मांग बढ़ने पर परेशान पीड़िता ने आत्महत्या करने का प्रयास किया। पति ने बचते हुए पूछा तो सारी बात सामने आई। शिकायत कर पीड़ित दंपति ने रुपये वापस मांगे तो आरोपी और उसके भाई ने धमकाया। पारा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

मूल रूप से रायबरेली निवासी 30 वर्षीय महिला परिवार संग पारा इलाके में किराए पर रहती हैं। उन्होंने बताया कि 2 जुलाई को गांव के विमल शुक्ला उर्फ रिंकू की कॉल आई। उसके बाद उनके बीच बातचीत होने लगी। नवंबर माह में विमल उनके घर कोल्ड ड्रिंक लेकर आया था। बातचीत के दौरान आरोपी ने उन्हें कोल्ड ड्रिंक पिलाई। जिसे पीने के बाद वह बेहोश हो गई। होश आने पर पीड़िता के



कपड़े अस्त व्यस्त थे। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी ने बनाया गया अश्लील वीडियो वायरल की धमकी देकर चुप करा दिया। वीडियो के सहारे आरोपी ने ब्लैकमेल कर रुपयों की मांग की। पीड़िता ने बताया कि पति ने पुश्तैनी जमीन बेची थी। जिसके एक लाख रुपये घर पर रखे थे।

आरोपी ने ब्लैकमेल कर नवंबर और दिसंबर में 50-50 हजार रुपये वसूले। पीड़िता ने बताया कि आए दिन की ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर उसने खुदकुशी का प्रयास किया। पति ने किसी तरह उसे बचाया। समझा बुझाकर पूछा तो उसने आपबीती बताई। इसपर पति ने साथ देते हुए आरोपी से रुपये वापस मांगे। न देने पर शिकायत की बात की। इसपर आरोपी विमल और उसके भाई वेद प्रकाश उर्फ राजू ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने मामले की शिकायत पारा थाने में की। पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद दोनों भाइयों के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# प्रॉपर्टी डीलर को बीच सड़क पर पीटा, वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चारबाग में सोमवार रात होटल से खाना पैक करा कर घर जा रहे प्रॉपर्टी डीलर पर कुछ युवकों ने हमला कर दिया। मारपीट होते देख राहगीर मदद के लिए बढ़े तो आरोपी धमकाते हुए भाग गए। मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद नाका पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

निशातगंज निवासी प्रॉपर्टी डीलर राशिद सिद्दीकी ने सोमवार रात वह चारबाग स्थित बालाजी होटल पर खाना पैक कराया था। वह पैकिंग लेकर घर जा रहे थे। रास्ते में ललित चौधरी, रोहित, शनि



और शुभम गुप्ता ने आवाज देकर रोक लिया। सभी नशे में धुत थे। आरोपियों ने राशिद को बीच सड़क पर पीटना शुरु कर दिया। प्रॉपर्टी डीलर के शोर मचाने पर राहगीर मदद के लिए दौड़े पड़े। इसपर आरोपी धमकाते हुए फरार हो गए। इंस्पेक्टर नाका वीरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि राशिद की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

बीबीडी विवि का मामला | फीस के नाम पर लिए 60 हजार नकद, थमाई आरटीजीएस की जाली रसीद

# सहायक अकाउंटेंट पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बीबीडी थाने में छात्र ने बीबीडी विवि के सहायक अकाउंटेंट के खिलाफ 60 हजार रुपये हड़पने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि सहायक अकाउंटेंट ने फीस के नाम पर नकद रुपये लेकर जाली आरटीजीएस रसीद भेज दी थी। आरोपी की करतूत का पता तब चला जब छात्र से दोबारा फीस की मांग की गई। इंस्पेक्टर बीबीडी राम सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

मूल रूप से बस्ती के आवास विकास कॉलोनी निवासी अमन सिंह बीबीडी का छात्र है। उन्होंने बताया





- इंस्पेक्टर बीबीडी ने बताया कि मामले की जांच हो रही है

कि 21 मई को आठवें सेमेस्टर की फीस करीब 60 हजार रुपये उसने सहायक अकाउंटेंट अनुपम शुक्ल को दिए थे। छात्र से रुपये लेने के बाद उसे रसीद दी गई। कुछ वक्त बाद दोबारा से विवि प्रबंधन ने फीस जमा करने के लिए कहा तो पीड़ित अमन सिंह को संदेह हुआ। कॉलेज प्रशासन से शिकायत करने पर पता चला कि सहायक अकाउंटेंट ने छात्र से 60 हजार रुपये लेने के बाद विवि के अकाउंट में जमा नहीं किए थे। फर्जी रसीद भी दी गई थी।

पीड़ित ने बताया कि उसकी तरह ही छात्र सौरभ सिंह, आदर्श यादव, शुभम कुमार, विशाल चौहान, शिवम दुबे, अमन दीप यादव, सुमित तिवारी समेत अन्य छात्रों से ही फीस के नाम पर नकद और यूपीआई से रुपये लिए गए। फिर जाली आरटीजीएस भेज दिया। पीड़ित छात्र अमन ने छात्र ने बीबीडी थाने में जाली दस्तावेज के आधार पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### पड़ोसी ने दंपति को पीटा छत से बुजुर्ग को फेंका

अमृत विचार, लखनऊ : कृष्णानगर स्थित मानसनगर में पड़ोसियों ने रंजिश के चलते दंपति को पीटा। आरोप है कि विरोध करने पर वृद्ध को छत से फेंक दिया। घायल दंपति की बेटी ने कृष्णानगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है। मानसनगर निवासी शीतल ने बताया कि पिता बृजेश शुक्ल को पड़ोसी पिंटू और उसकी पत्नी रानी काफी दिन से परेशान कर रहे हैं। आरोप है कि रविवार देर रात करीब 12 बजे पिंटू ने घर में घुसकर बृजेश शुक्ला के साथ मारपीट की। बीच बचाव करने पर बृजेश की पत्नी को भी पीटा। इसके बाद आरोपियों ने बृजेश को छत से फेंक दिया। गम्भीर रूप से घायल बृजेश को परिवार वाले इलाज के लिए अस्पताल ले गए। शीतल ने बताया कि पिता को गम्भीर चोट लगी है। पुलिस ने पिंटू, रानी व अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# जानवरों की कुर्बानी सड़कों और खुले स्थान पर न करें: सैफ अब्बास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैयद सैफ अब्बास ने कहा कि हजरत इब्राहिम ने अपने बेटे को खुदा की राह में कुर्बान करने का इरादा किया और कुर्बानी करते समय हजरत इस्माइल की पेशानी को ज़मीन पर रखा और उनकी गर्दन पर छुरी फेरी, लेकिन छुरी ने गर्दन को नहीं काटा। जब खुदा ने बाप-बेटे की खूलूस को देखा, तब उनकी कुर्बानी को कुबूल किया और जिब्राइल के साथ एक दुम्बा इस्माइल के बदले कुर्बानी के लिए भेजा। मौलाना सैफ अब्बास ने कुर्बानी की अहमियत को उजागर करते हुए कहा कि इस ईद का मक़सद और पैगाम यह भी है कि हम ईद-उल-अजहा की असल रूह को समझते हुए उसके मकसद को पूरा करके रूहानी सुकून और खुशी हासिल करें। ईद-उल-अजहा जिसे ईद-ए-कुर्बान और बकरीद भी कहा जाता है। इस ईद में हम सुन्नत-ए-इब्राहिमी की पैरवी करते हुए अल्लाह की राह में जानवरों की कुर्बानी करते हैं। मौलाना ने कहा कि ईद-ए-कुर्बान सिर्फ जानवरों को ज़बह करने का हुक्म नहीं देता है और न जानवरों के गोश्त को फ्रिज और कोल्ड स्टोरेज की ज़ीनत का नाम है। इंसान अपने अंदर की असीमित इच्छाओं को लगाम दे और अपने दिल में दूसरों के लिए गुंजाइश पैदा करे।



ध्यान का अभ्यास करती छात्राएं। अमृत विचार

# गोमती नदी में नाव पर छात्रों ने किया जलयोग

## लखनऊ विश्वविद्यालय चला रहा है योग अभियान, प्राकृतिक जलस्रोत के पास योग प्राणायाम से होते हैं कई लाभ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन विभाग ने गोमती नदी में नावों पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के क्रम में योग विभाग की छात्राओं के द्वारा गोमती नदी के कुड़िया घाट में नाव पर योगाभ्यास किया गया।

संकाय के कोऑर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने कहा कि नदी या किसी प्राकृतिक जल स्रोत में योग करने से मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक लाभ कई गुना बढ़ जाता है। नदी में नाव पर योग करने से मानसिक शांति व ज्ञान की गुणवत्ता बढ़ जाती है। नदी के किनारे की नेचर साउंड तनाव, चिंता और डिप्रेशन को कम करती है।

संकाय कोआर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने कहा कि नदी के बहते पानी की आवाज मन को शांत करती है और ध्यान को गहराई देती है। नदी के किनारे की हवा ताजी और ऑक्सीजन से भरपूर होती है यहां पर प्राणायाम करने से फेफड़ों की शुद्धि और मन को शांति मिलती है। योगासनों से सूर्य की रोशनी से विटामिन डी और शरीर को ऊर्जा मिलती है। योग विभाग की छात्राएं मोनिका सिंह, अर्चना वर्मा, प्रीती मनुज, सुष्मिता सिंह, खुशबू गौतम, अमिता शुक्ला, संजना, अंकिता साहू, संजना कुशवाहा, रुचि धवन, पुष्पा, प्रगति तिवारी, वर्षा इत्यादि छात्राओं के द्वारा योगासनों का मनमोहक प्रदर्शन किया गया।

### भाषा विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों ने किया योगाभ्यास

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के योग केंद्र में योग सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों, छात्रों और गैरशिक्षण कर्मचारियों ने भाग लिया। योग सत्र का संचालन एनएसएस समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा और रोवर्स रेंजर्स समन्वयक मो. शारिक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सहायक आचार्य डॉ. हसन मेहदी ने विभिन्न योग आसनों का अभ्यास कराया। इस दौरान प्रतिभागियों ने योग आसनों का अभ्यास किया और दैनिक जीवन में योग के लाभ को समझा। योग के विभिन्न आसनों के अभ्यास से शरीर में लचीलापन, शांति और ध्यान की क्षमता में वृद्धि होती है, जो जीवन की चुनौतियों से निपटने में मददगार सिद्ध होती है।



गोमती नदी में नाव पर सूर्य नमस्कार का अभ्यास करती छात्राएं।

## एक नजर

### बीबीएयू में हुआ ध्यान सत्र का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ:** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में योग विभाग एवं वेलनेस सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में योग महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य एवं कल्याण मिशन को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण पहल है, जिसके अंतर्गत 6 जून तक 5 दिवसीय ध्यान सत्र का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान मुख्य तौर पर योग प्राकृतिक चिकित्सा एवं संज्ञानात्मक अध्ययन विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष प्रो. बी.सी. यादव, योग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दीपेश्वर सिंह, डॉ. नरेंद्र सिंह एवं योग वेलनेस सेंटर के योग विशेषज्ञ डॉ. सागर सैनी उपस्थित रहे। सत्र में प्रतिदिन ध्यान की भिन्न-भिन्न प्रविधियों के माध्यम से सामान्य जन और योग साधकों को ध्यान कराया जाता है।

### बैक पेपर प्रावधान लागू करने को दिया ज्ञापन

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय में बैक पेपर की व्यवस्था लागू करने को लेकर राष्ट्रीय छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने कुलपति डॉ. आलोक कुमार राय को ज्ञापन सौंपा। छात्रों का कहना है कि एक विषय में बैक लगने के कारण पूरा साल बरबाद होता है। इसके चलते कई छात्र मानसिक दबाव व समस्या से घिर जाते हैं।

# भाषा विवि की विशेषताएं नैक टीम के समक्ष दावों को देंगी मजबूती

## भाषा और साहित्य में उत्तर भारत का एकमात्र विश्वविद्यालय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय अपनी स्थापना के बाद प्रथम बार नैक मूल्यांकन के दौर से गुजर रहा है। भाषा विश्वविद्यालय उत्तर भारत का एकमात्र विश्वविद्यालय है जो भाषाओं, साहित्य, संस्कृति और पत्रकारिता के गहन अध्ययन को समर्पित है, जिससे छात्रों को बहुभाषिक और बहुसांस्कृतिक दृष्टिकोण प्राप्त होता है। इसके अलावा अनुसंधान उन्मुख वातावरण है जो कि विश्वविद्यालय में शोध गुणवत्ता बढ़ाने के लिए प्रयास किए हैं। जिसके फलस्वरूप 12 से अधिक शोध परियोजनाएं शिक्षकों को प्राप्त हुई हैं।

विश्वविद्यालय में प्रभावशाली आईक्यूएसी तंत्र कार्यरत है, जो सतत अकादमिक गुणवत्ता और सुधार के लिए कार्य करता रहा है। विश्वविद्यालय ने अपनी शैक्षिक प्रणाली में शिक्षण में आईटीसी टूल्स, केस स्टडी, सेमिनार, फील्ड वर्क और प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग जैसे नवाचार अपनाए गए हैं, जिससे छात्र सक्रिय सहभागिता करते हैं। यहां पर संचालित सभी पाठ्यक्रमों में स्पष्ट कोर्स आउटकम और प्रोग्राम आउटकम निर्धारित हैं। विश्वविद्यालय छात्रों को स्वयम, मूक्स और एलएमएस जैसे प्लेटफ़ॉर्म्स के माध्यम से ऑनलाइन लर्निंग की सुविधाएं उपलब्ध कराता है। पत्रकारिता, कंप्यूटर साइंस, कानून और फार्मेसी जैसे विभागों में कौशल आधारित प्रशिक्षण और इंटर्नशिप की विशेष व्यवस्था है। परिसर में सोलर पैनल लगाए गए हैं और ग्रीन प्रैक्टिसेज को प्रोत्साहित किया जाता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जैसे केंद्र विश्वविद्यालय के बौद्धिक नवाचार के उदाहरण हैं। जो नैक मूल्यांकन में विश्वविद्यालय के दावों को मजबूत आधार प्रदान करते हैं।



### दस विशेषताएं

- भाषाई विविधता
- शोध और अनुसंधान
- सुसंगत पाठ्यक्रम
- ई-लर्निंग और डिजिटल संसाधन
- सांस्कृतिक विविधता और समावेशिता
- केंद्रित कौशल विकास
- सोलर एनर्जी व हरित परिसर
- सक्रिय अनुसंधान केंद्र व पीठ

### नैक ग्रेड प्राप्त करने के होते हैं कई फायदे

नैक ग्रेड प्राप्त करने के बाद संस्थान की गुणवत्ता और विश्वसनीयता को स्वीकार किया जाता है। छात्रों के लिए बेहतर प्लेसमेंट और शिक्षा के अवसर, और सरकारी और निजी फंडिंग के लिए अधिक संभावनाएं होती हैं। इससे विश्वविद्यालय में नामांकन में भी बढोत्तरी होती है और सरकार और निजी फंडिंग के लिए दरवाजे खुल जाते हैं। ऐसे संस्थान के छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त होती है।

### नैक मूल्यांकन का दूसरा दिवस

भाषा विश्वविद्यालय में नैक पीयर टीम द्वारा त्रिदिवसीय निरीक्षण के दूसरे दिन प्रयोगशालाओं की स्थिति, संसाधनों, उपकरणों, सुरक्षा मानकों, विद्यार्थियों की प्रयोगात्मक गतिविधियों आदि की गुणवत्ता और प्रभावशीलता का निरीक्षण हुआ। जिसमें प्रायोगिक कार्यों, तकनीकी संसाधनों, नवाचार इत्यादि के बारे में जांच की गई। दूसरे दिन जिम्नेजियम, मैकेनिकल वर्कशॉप, मीडिया लैब, इंग्लिश लैब, मैकेनिकल इंजियरिंग लैब, उर्दू लैंग्वेज लैब, नेटवर्किंग लैब, पायथन लैब, हाईब्रिड लेक्चर हॉल, एआई लैब, मूट कोर्ट, सोलर पैनल, लीगल एड क्लीनिक, अटल हॉल अवधी शोधपीठ, आईकेइस सेल, आर्ट गैलरी, डिस्पेंसरी, बैंक और फार्मेसी की विभिन्न प्रयोगशालाओं, सेल और वर्कशॉप का निरीक्षण किया।

# प्रमुख सचिव ने किया भातखंडे विवि के जीर्णोद्धार कार्यों का निरीक्षण



भातखंडे विवि के जीर्णोद्धार कार्यों का निरीक्षण करते प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने मंगलवार को भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के निर्माण एवं ऐतिहासिक इमारतों के जीर्णोद्धार के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने विश्वविद्यालय की अधो संरचना के संरक्षण के लिए चल रही परियोजनाओं का सूक्ष्म निरीक्षण किया।

विश्वविद्यालय परिसर में हो रहे निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता की उन्होंने समीक्षा की। प्रमुख सचिव ने विश्वविद्यालय में मुख्य रूप से हरियाली एवं विश्वविद्यालय परिसर में रिक्त स्थानों पर कलाकृतियों से दीवारों तथा गैलरी को आकर्षक रूप देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा छत के मरम्मत कार्य को प्राथमिकता से कराया जाए एवं अलग-अलग कार्य एक साथ संचालित हों जिससे समय की बचत हो।

उन्होंने विश्वविद्यालय के राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में अतिरिक्ति व्यवस्था विकसित करने के साथ ऐतिहासिक भवन के मौलिक स्वरूप को यथावत रखने के लिए ऐतिहासिक धरोधर के अतिरिक्त नवीन निर्माणों को हटाकर मूल स्वरूप में सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने बताया कि प्रमुख सचिव के निर्देशन से विश्वविद्यालय में चल रहे विकास कार्यों की गति एवं गुणवत्ता दोनों में सुधार होगा।

# इंस्पायर अवार्ड मॉनक योजना की पात्रता का दायरा बढ़ा

- सभी बोर्ड के विद्यालय योजना में कक्षा 11 व 12 के विद्यार्थियों के लिए भी कर सकेंगे नामांकन
- अब तक कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थी ही पाते थे योजना का लाभ

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार:** इंस्पायर अवार्ड मॉनक योजना में अधिक से अधिक छात्र छात्राओं को लाभान्वित कर उनके नवाचारी वैज्ञानिक विचारों को पटल पर लाने के उद्देश्य से सत्र 2025-26 में नामांकन परिधि का दायरा बढ़ा दिया गया है। प्रधानमंत्री इंस्पायर अवार्ड मॉनक योजना में इस वर्ष से सभी बोर्ड के कक्षा 11 व 12 के विद्यार्थियों को भी अपने नवाचारी वैज्ञानिक विचारों के नामांकन का अवसर मिलेगा

केन्द्र सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान (एनआईएफ) ने इस वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 15 जून से प्रारम्भ होने वाले नामांकन में सभी बोर्ड के कक्षा 11 व 12 के छात्र छात्राओं को भी सम्मिलित करने का निर्णय लिया है

संयुक्त शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) लखनऊ मण्डल, डॉ प्रदीप कुमार ने लखनऊ मण्डल के सभी 6 जनपदों (हरदोई,सीतापुर, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, उन्नाव,रायबरेली) के डीआईओएस को इस वर्ष होने वाले नामांकन में पात्रता परिधि के बढ़ने का विधिवत प्रचार प्रसार कराते हुए अधिक से अधिक गुणात्मक एवं मौलिक वैज्ञानिक विचारों के नामांकन कराने के निर्देश जारी किए हैं।

# साइकिल रैली निकाल दिया बेहतर पर्यावरण का संदेश

- मुंशी पुलिया से जनेश्वर मिश्र पार्क तक निकाली गई साइकिल रैली
- सभी प्रतिभागियों को एक टीशर्ट तथा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर मंगलवार को साइकिल रैली का आयोजन किया गया जिसमें करीब 80 साइकिलिस्टों ने मुंशी पुलिया से पॉलीटेक्निक चौराहा, 1090 चौराहा, आंबेडकर पार्क होते हुए जनेश्वर मिश्र पार्क तक साइकिल रैली निकाली। रैली का उद्देश्य दैनिक जीवन में साइकिल का प्रयोग को बढ़ावा देना तथा बेहतर स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए साइकिल की भूमिका का प्रचार करना था। रैली के आयोजक साइक्लोपीडिया और लखनऊ साइक्लिंग स्टार्स की ओर से सभी प्रतिभागियों को एक टीशर्ट तथा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर एक पहल मुस्कुराहट की संस्थापक डॉ. अंजू वार्ष्णेय की ओर से पर्यावरण संरक्षण के लिए साइकिल चलाकर साइकिल से सेहत के लाभ और पर्यावरण संरक्षण के लिए साइकिल प्रयोग का संदेश जनमानस को दिया गया। रैली का समापन चायवाला.कॉम पर हुआ जहां पर विशिष्ट साइकिलिस्टों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर मंच संचालक विवेक प्रकाश सिंह, अशोक कुमार, विशाल शर्मा, संदीप श्रीवास्तव, पीसी सिंह, आरपी गुप्ता, कन्हैया दीक्षित, रिटायर्ड कर्नल शरद शुक्ला, नईम अंसारी, आनंद स्वरूप, राज स्मृति, आशीष, सुजाता, चंद्र भूषण अग्रवाल, देवनाथ, ओंकार, डॉ. प्रहलाद, भोजपुरी कवि कृष्णानंद राय के साथ अनेकों साइक्लिस्ट उपस्थित रहे।



साइकिलिस्टों के साथ एक पहल मुस्कुराहट की संस्थापक डॉ अंजू वार्ष्णेय। अमृत विचार

# एकेटीयू ने परीक्षा में आवेदन की समय सीमा बढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय ने शैक्षिक सत्र 2024-25 के सम सेमेस्टर की द्वितीय चरण की परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म भरने और परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि बढ़ा दी है।

सम सेमेस्टर स्नातक व परास्नातक की द्वितीय चरण की लिखित परीक्षाएं आगामी 27 जून से 18 जुलाई के बीच आयोजित की गई हैं। इसमें विश्वविद्यालय के छात्रों और संबद्ध महाविद्यालयों के छात्रों की परीक्षाएं होंगी, साथ ही अन्य सेमेस्टर के कैरीओवर परीक्षाओं का भी आयोजन किया गया है। इन छात्रों के लिए विश्वविद्यालय का ईआरपी पोर्टल खोल दिया गया है, जहां वह अपना परीक्षा शुल्क और आवेदन ऑनलाइन 3 से 15 जून के बीच जमा कर सकते हैं। बीटेक 2 और 4, बीफार्मा 1,2, 3 और 4 सेमेस्टर, बीआर्क, एमबीए, एमसीए, एमटैक, बीएफए, बीएफएडी की दूसरे सेमेस्टर, फार्मडी 1, 2 और तीसरे वर्ष की परीक्षाएं आयोजित होने वाली है। जिसके लिए छात्रों को आवेदन की समय सीमा को बढ़ा दिया गया है।



### नगर निगम डिग्री कॉलेज में आवेदन की तिथि बढ़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुरेंद्र नगर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री शैक्षिक सत्र 2025-26 प्रवेश प्रक्रिया के आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया गया है। अभ्यर्थी ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यम से अब 15 जून तक आवेदन कर सकते हैं। पहले यह तिथि 31 मई निर्धारित की गई थी। इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन फॉर्म ऑनलाइन वे माध्यम और ऑफलाइन आवेदन फार्म कॉलेज कार्यालय से 200 रुपये देकर प्राप्त कर सकते हैं। प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र पांडेय ने बताया कि बीए प्रथम वर्ष में 15 मई से प्रवेश शुरू हो गए हैं।

# ब्रह्माकुमारीज ने निकाली साइकिल रैली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ब्रह्माकुमारीज जानकीपुरम की ओर से मंगलवार को विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य पर्यावरण अनुकूल परिवहन, शारीरिक स्वास्थ्य और सामुदायिक एकता को बढ़ावा देना था।

रैली में सभी उम्र के प्रतिभागियों विशेष रूप से बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी सुमन ने कहा कि साइकिल चलाना न केवल एक परिवहन का साधन है बल्कि यह प्रकृति और स्वयं के साथ जुड़ने व स्वस्थ रहने का प्रभावी तरीका भी है। रैली में सभी ने हरित और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति एकजुट होने का संकल्प लिया।



विश्व साइकिल दिवस पर साइकिल रैली निकालते ब्रह्माकुमारीज जानकीपुरम के सदस्य।

## प्रोजेक्ट के जरिए छात्र सीखेंगे नई तकनीक

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से आइबीएम कंपनी ने प्रोजेक्ट बेस्ड एक्सपीरियंस लर्निंग कार्यक्रम शुरू किया है। वर्चुअल इंटर्नशिप की तरह इस कार्यक्रम में छात्रों को नई उभरती तकनीकी का प्रशिक्षण दिया जाएगा। छात्र इस दौरान विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में प्रोजेक्ट बनायेंगे। इसमें प्रतिभाग करने के लिए 7 जून तक छात्रों को पंजीकरण कराना होगा। विश्वविद्यालय के अच्छा प्रदर्शन करने वाले 2 हजार छात्रों को कंपनी की ओर से स्टाइपेंड भी दिया जाएगा। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने आनलाइन माध्यम से मंगलवार को इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रो. नीलम श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यक्रम चलेगा।

# प्रारम्भ 2025 में छात्र दिखाएंगे अपनी तकनीकी प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से आइबीएम कंपनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आनलाइन हैकथान प्रारम्भ 2025 करा रही है। इस हैकथान में बीटेक चौथे सेमेस्टर, एमबीए आईटी और एमसीए के छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं। हैकथान में करीब 3200 छात्रों ने हिस्सा लिया है। वि

श्वविद्यालय अपने छात्रों को नई उभरती तकनीकी में स्किल्ड बनाने का प्रयास कर रहा है। छात्रों को विभिन्न समस्याओं का एआई आधारित समाधान प्रोजेक्ट के माध्यम से निकालना है। ताकि छात्र पढ़ाई पूरा करने से पहले ही एआई का उपयोग व्यवहारिक रूप से कर सकें। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन और डीन ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट प्रो. नीलम श्रीवास्तव के नेतृत्व में विश्वविद्यालय अपने छात्रों के लिए कई तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करा रहा है। प्रो. नीलम श्रीवास्तव के अनुसार हैकथान के जरिये छात्र नई तकनीकी को सीखेंगे।

### कल होगा आईटीआई में रोजगार मेला का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** आईटीआई अलीगंज में कल गुरुवार को रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। इस मेले में सुजुकी मोटर कार्प, हीरो मोटर कार्प समेत कुल 6 कंपनियां भर्ती अभियान चलाएंगी। प्रधानाचार्य राजकुमार यादव और ट्रेनिंग और प्लेसमेंट सेल के एमए खान ने अधिक से अधिक छात्रों को प्रतिभाग करने का आहवान किया है। एमए खान ने कहा है कि छात्रों को मोटर कंपनियों में नौकरी मिलती है तो ये नामी कंपनियां सुविधाएं और अच्छी सैलरी देती है। साथ ही छात्रों की प्रोफाईल अच्छी हो जाती है जिससे वह अन्य कंपनियों में जाते हैं तो अच्छा ऑफर मिलता है।

## मेधावियों को किया सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर स्थित महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल में मंगलवार को मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मीडिया प्रभारी सुधीश गर्ग ने बताया कि समारोह में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं,आलिया परवीन, तूबा खान, रूद्र गुप्ता, इशिता अग्रवाल, हर्षित राज, पलक मिश्रा, प्रज्ञान त्रिपाठी और शिवांगी तिवारी को ट्रॉली बैग और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, 80 से 90 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाले अन्य मेधावी विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। मेधावियों को मुख्यअतिथि लारी कार्डियोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. ऋषि सेठी ने सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सचिव राजीव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, प्रधानाचार्य डॉ. नीरा इमैनुएल तथा उप प्रधानाचार्या शालू श्रीवास्तव सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

असम्यगुपयुक्तं हि ज्ञानं सुकुशलैरपि।
उपलभ्यं चाविदितं विदितं चाननुष्ठितम्॥

वह ज्ञान बेकार है, जिससे कर्तव्य का बोध न हो और वह कर्तव्य भी बेकार है, जिसकी कोई सार्थकता न हों।

## संपादकीय

# महत्व और चुनौतियां

देश के कई हिस्सों में प्री-मानसून की सक्रियता बढ़ गई है। मानसून भारत की कृषि और अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। मानसून वार्षिक वर्षा में 70 प्रतिशत से अधिक योगदान देता है। मानसून के कारण देश में जल संसाधनों का पुनर्भरण होता है, जिससे जल विद्युत उत्पादन और जल संसाधन प्रबंधन को बढ़ावा मिलता है। परंतु मानसून राहत के साथ कुछ चुनौतियां भी लेकर आता है। इस बार सामान्य से ज्यादा बारिश से कैसे हालात पैदा होंगे, इसका सहज ही अंदाज लगाया जा सकता है। दक्षिण-पूर्व मानसून का आगमन मूसलाधार बारिश के साथ हुआ है और अनुमान के मुताबिक ही उसने तबाही मचाई है। मानसून के आगमन से पहले विभिन्न राज्यों में भारी बारिश से जान-माल का बड़ा नुकसान हुआ। असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। राज्य में 5.35 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। उत्तर, पूर्वी और मध्य भारत में भी बारिश का दौर जारी है। उत्तर सिक्किम में, लगातार बारिश से सड़कें बाधित होने के साथ ही भूस्खलनों के चलते लगभग सैकड़ों पर्यटक फंसे हुए हैं। त्रिपुरा में भी सप्ताहांत के दौरान कई जिलों में भारी बारिश हुई और लगभग पूरे सप्ताह अत्यधिक वर्षा होने का अनुमान है।

आधिकारिक आकलनों के मुताबिक, बारिश के चलते भू-स्खलन, बाढ़, औचक बाढ़ और बिजली गिरने से पूर्वोत्तर क्षेत्र में 29 मई तक 30 जानें गईं और 31 मई को 22 लोगों ने अपनी जान गंवाई। एक बस उफनाती तीस्ता नदी में गिर गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और बाकी यात्री लापता हैं। खबरें हैं कि आने वाले समय में कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। अभी तो जून की शुरुआत ही है और मानसून 15 जुलाई के आसपास पूरे देश को कवर करता है। मानसून के सामान्य से अधिक रहने के अनुमान को देखते हुए आपदाओं की बाढ़ का अनुमान स्वाभाविक माना जाएगा। जब तक बाढ़ और जल प्रबंधन की प्रक्रिया सतत जारी रखने की परंपरा विकसित नहीं होगी, चुनौतियों से पार नहीं पाया जा सकता। जल निकासी प्रणाली में सुधार न होने से बड़े शहरों में बारिश के दौरान जगह-जगह जलभराव के हालात पैदा हो जाते हैं। चिंता की बात है कि जलाशयों का रास्ता नहीं मिलने से बारिश का पानी व्यर्थ बह जाता है। मानसून की बारिश को नुकसान के बजाय अधिकाधिक लाभ में बदला जाना चाहिए। इस दिशा में भी दीर्घकालीन नीतियों बनाने की जरूरत है। दरअसल देश को मजबूत मानसून प्रबंधन तंत्र की जरूरत है।

# तीसरे विकल्प के रूप में बढ़ रही प्रचंड की स्वीकार्यता



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

यही हाल ओली के समर्थक दल नेपाली कांग्रेस का भी है। नकली भूटानी शरणार्थी के मामले में दोनों ही दलों के कई बड़े नेता जेल की हवा खा चुके हैं या अभी जेल में ही हैं।

नेपाल में राज संस्था और हिन्दू राष्ट्र की बहाली की तेज होती मांग के बीच नेपाली जनता तीसरे विकल्प की तलाश में है। जन चर्चाओं पर गौर करें तो लोगों में पूर्व पीएम व माओवादी नेता प्रचंड की स्वीकार्यता बढ़ रही है। बता दें कि राज संस्था की मांग को लेकर राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी तथा राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी नेपाल एक साथ हो लिए हैं। दोनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रमशः राजेंद्र लिंगदेन और पूर्व गृहमंत्री कमल थापा के बीच पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र की पंचायत में सहमति बनी है। इसके पहले भले ही मंजिल एक हो, लेकिन दोनों के रास्ते अलग थे। दोनों ही हिंदूवादी नेता और राजशाही के समर्थक हैं। हाल ही 29 मई से राज संस्था की बहाली की मांग को लेकर शुरू किए गए राप्रपा के आंदोलन में राप्रपा नेपाल भी शामिल हुआ है। नेपाल में विभिन्न नामों से सक्रिय हिंदूवादी संगठन भी राज संस्था व हिन्दू राष्ट्र की मांग के समर्थन में इनके साथ आ गए हैं। नेपाल में राप्रपा और राप्रपा नेपाल के मुकाबले हिंदू संगठनों की स्थिति बहुत मजबूत है। लिहाजा राप्रपा के नेतृत्व में शुरू हुआ राज संस्था की मांग को लेकर तीसरा आंदोलन संख्या बल के हिसाब से काफी सशक्त था। ओली सरकार इसे देख घबरा गई। अंततः हिंसा की संभावना का बहाना बताकर सरकार ने आंदोलन के चौथे दिन यानी एक जून को इस आंदोलन को बैन कर दिया।

दरअसल एक जून को स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी, क्योंकि राप्रपा नेपाल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल थापा के नेतृत्व में आंदोलनकारी बालुआटार प्रधानमंत्री आवास परिसर में ज़बरदस्ती प्रवेश करना चाहते थे। आंदोलनकारियों के जबरन प्रवेश पर पुलिस ने सख्ती की, कमल थापा से हाथापाई हुई, वे जमीन पर गिर पड़े। राजेंद्र लिंगदेन ने इसे आंदोलन कुचलने की ओली सरकार की साजिश करार देते हुए आंदोलन और उग्र करने की धमकी दी। इसी के बाद ओली सरकार ने किसी भी प्रकार के आंदोलन प्रदर्शन को अगले दो महीने तक के लिए प्रतिबंधित कर दिया, लेकिन आंदोलनकारी काठमांडू में कुछ चिन्हित स्थान पर प्रदर्शन कर सकते हैं। ओली सरकार के इस आदेश के बाद भी काठमांडू वैली में हिंदू वादी संगठन तथा राप्रपा के कार्यकर्ता अलग-अलग ठिकानों पर जमे हुए हैं। राज संस्था व हिन्दू राष्ट्र की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच एक मैसेज यह गया कि ओली सरकार नकारा है। उसके नेता और मंत्री भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हुए हैं।

> प्रधानमंत्री के रूप में एक बार छोड़कर प्रचंड ने अपने विदेशी दौरों में भारत को पहली प्राथमिकता देकर भारत और नेपाल के बीच संबंधों की प्रगाढ़ता पर बल दिया है। प्रचंड की भारत की भारत यात्रा ओली को कभी रास नहीं आई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी प्रचंड को भरोसा दिया था कि नेपाल के विकास में सरहद कोई बाधा नहीं बन सकता।

यही हाल ओली के समर्थक दल नेपाली कांग्रेस का भी है। नकली भूटानी शरणार्थी के मामले में दोनों ही दलों के कई बड़े नेता जेल की हवा खा चुके हैं या अभी जेल में ही हैं। नेपाल में दोनों दलों की मिलीजुली साझा सरकार भले ही है, लेकिन ये जनता में स्वीकार्य नहीं हैं। दोनों के शीर्ष नेताओं की आलोचना नेपाल में पहाड़ से लेकर मैदानी इलाकों तक खूब हो रही है, लेकिन एक सच यह है कि नेपाली जनता राजशाही और मौजूदा सरकार के इतर तीसरे विकल्प की तलाश में है। ऐसे में लोगों की जुबान पर प्रचंड के नाम की चर्चा है। प्रचंड भी कट्टर माओवादी नेता हैं और तीन बार नेपाल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। वे लंबे समय तक चले राजशाही के खिलाफ जनयुद्ध के नायक हैं।

अन्य राजनीतिक दलों और नेताओं की अपेक्षा उनकी छवि इमानदार व सिद्धांतवादी नेता की है। 2008 में जब वे पहली बार प्रधानमंत्री चुने गए थे, तो ठीक नौ महीने बाद तत्कालीन राष्ट्रपति से सेना के एक अफसर की नियुक्ति के मामले में उत्पन्न मतभेद के चलते उन्होंने प्रधानमंत्री पद त्याग दिया था। प्रचंड के इस कदम की चर्चा आज नेपाल में खूब है। हाल ही ओली के समर्थन से वे तीसरी बार प्रधानमंत्री बने थे। इस बार भ्रष्टाचार की जांच को लेकर ओली ने समर्थन वापस लेकर प्रचंड को पदच्युत कर दिया और नेपाली कांग्रेस के समर्थन से खुद प्रधानमंत्री बन गए। भ्रष्टाचार की जांच हो पाती तो ओली की पार्टी एमाले और नेपाली कांग्रेस के कई बड़े नेताओं पर गाज गिरना तय था। ऐसे समय ओली ने प्रचंड सरकार से समर्थन वापस लेकर, उन्हें भले ही सत्ता से बेदखल कर दिया, लेकिन प्रचंड की छवि नेपाल में हीरो की उभरी है।

एक यह बात भी गौर करने लायक है कि आने वाले दिनों में नेपाल के प्रतिनिधि सभा का चुनाव तराई बनाम पहाड़ होगा। यानी तराई को इग्नोर कर कोई पार्टी सत्ता में नहीं पंहुच सकती। इसलिए सभी राजनीतिक दलों ने तराई में संगठन विस्तार और लोगों तक पंहुच बनाने में ज्यादा जोर देना शुरू कर दिया है। तराई के 20 जिलों की आबादी करीब 18 लाख है। यहां माइनॉरिटी की संख्या भी चुनाव परिणाम की दृष्टि से निर्णायक है। मजे की बात यह है कि नेपाल के तराई का यह वोटर जो कभी नेपाली कांग्रेस का हुआ करता था अब, एमाले और माओवादी केंद्र में बंट गया है। हिंदू राष्ट्र की मांग का उन पर गहरा असर पड़ा है। तराई जिसे मधेश भी कहा जाता है, यहां राजशाही समाप्त होने के बाद मधेशी दलों का वर्चस्व बढ़ा था। चूंकि मधेशी दल कई पार्टियों में बंटे हुए हैं, इसलिए बड़ी पार्टियां इनका इस्तेमाल केवल सरकार बनाने के लिए करती रही हैं। इनका वजूद बस इतना था कि पद पाकर किसी भी नेतृत्व की सरकार को समर्थन देते रहें। आज भी इनका यही वजूद है, लेकिन तराई में इन दलों के पास अभी भी कुछ न कुछ वोट बचा है। प्रचंड का कहना है कि आगामी चुनाव वे अकेले लड़ेंगे, लेकिन अंदर खाने मधेशी दलों के साथ भी उनकी खिचड़ी पक रही है।

प्रचंड के राजनीतिक सफर पर गौर करें तो निस्संदेह उनकी भी छवि भारत विरोधी ही रही है, लेकिन इनमें खास यह है कि ये राजनीतिक रूप से अन्य नेपाली नेताओं की अपेक्षा समझदार हैं। कब क्या फैसला लेना है, यह समझ इनमें है। ओली उत्तराखंड के लिपुलेख, लिंपियाधुरा और काला पानी क्षेत्र को मुद्दा बनाकर भारत के खिलाफ रहते हैं। वहीं प्रचंड इस मुद्दे को दोनों देशों के बीच बातचीत से हल करना वाजिब मानते हैं। वे इसके बदले दार्जिलिंग में जमीन की मांग करते हैं। वे यह जानते हैं कि यह आसान नहीं है, लेकिन कम से कम बातचीत का माहौल तो बनाए रखना चाहते हैं।

प्रचंड नेपाल के लिए चीन के महत्व को नकारते नहीं हैं, लेकिन भारत को दरकिनार कर चीन की गोद में बैठ जाना भी नेपाल के हित में नहीं मानते। बीते कुछ महीनों में भारत के प्रति प्रचंड के नजरिए में आश्चर्यजनक बदलाव आया है। वे साफ कहते हैं कि भारत के बिना नेपाल अधूरा है। भारत का भी प्रचंड के प्रति नजरिया बदला है। प्रचंड इस बात को लेकर मुत्मइन हैं कि भारत चूंकि स्वयं को लोकतंत्र की जननी कहता है इसलिए नेपाली लोकतंत्र के खिलाफ कोई कदम नहीं उठा सकता और न ही लोकतंत्र विरोधियों को शह दे सकता है। बेशक भारत के हिंदूवादी संगठन चाहते हैं कि नेपाल हिंदू राष्ट्र फिर बन जाए या राज संस्था की बहाली हो जाए, लेकिन ऐसा भारत भी चाहता हो यह जरूरी नहीं, क्योंकि वह जानता है कि नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र अब राजा लायक नहीं रह गए। हां आज यदि स्वर्गीय वीरेंद्र शाह का कोई वंश बचा होता तो हिन्दू राष्ट्र और राज संस्था दोनों की बहाली आसान होती।

प्रधानमंत्री के रूप में एक बार छोड़कर प्रचंड ने अपने विदेशी दौरों में भारत को पहली प्राथमिकता देकर भारत और नेपाल के बीच संबंधों की प्रगाढ़ता पर बल दिया है। प्रचंड की भारत की भारत यात्रा ओली को कभी रास नहीं आई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी प्रचंड को भरोसा दिया था कि नेपाल के विकास में सरहद कोई बाधा नहीं बन सकता। प्रचंड यह भलीभांति जानते हैं कि उनके प्रधानमंत्री बनने में भारत की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। भारत भी भारत के लिए नेपाल की राजनीति में प्रचंड को जरूरी मान रहा हो, यह जरूरी नहीं, लेकिन नेपाल के राजनीतिक विश्लेषकों का मत है कि नेपाल की राजनीतिक परिस्थितियां देखते हुए भारत को अपना हित ध्यान में रखते हुए प्रचंड पर दांव लगाने पर सोचना चाहिए।

## प्रसंगवश

# शहरीकरण की बेरहम कहानी



वीरेंद्र कुमार
स्वतंत्र लेखक

शहरों के फैलते नक्शे में सबसे पहले मिटने वाला स्थान अक्सर तालाब होता है। कभी गांव - कस्बों के मध्य में बने तालाब जीवन का केंद्र हुआ करते थे- पूजा, विवाह, तीज-त्योहार, खेलकूद, पानी भरना, जानवरों को नहलाना सबकुछ इन्हीं के चारों ओर होता था, लेकिन आज वही तालाब कंक्रीट की बस्तियों के नीचे दब रहे हैं। नगरों के शहरी विकास ने पारंपरिक जल-संरचनाओं की अहमियत को भुला दिया है।

भूमाफिया और रियल एस्टेट लॉबी ने इन्हें जमीन के खाली टुकड़े मान लिया है और जब शासन-प्रशासन की चुप्पी या मिलीभगत हो, तो ये तालाब धीरे-धीरे नक्शे से भी गायब हो जाते हैं। पहले पाटे जाते हैं, फिर रेत और मलबे से भरे जाते हैं, और अंततः प्लॉटिंग कर दी जाती है। यही प्लॉट कुछ वर्षों में दुकान, मकान या शॉपिंग मॉल में बदल जाता है। पानी, जो कभी वहां का आधार था, अब वहां से भटककर बस्तियों में घुस आता है। इस अतिक्रमण से भूजल स्तर गिरता है, बारिश का जल ठहरता नहीं और शहर जलजमाव से कराहते हैं। तालाब का मरना केवल एक प्राकृतिक संसाधन का अंत नहीं, एक सांस्कृतिक मृत्यु भी है और विडंबना यह है कि यह मृत्यु हमारी आंखों के सामने, हमारी सहमति से हो रही है। अतिक्रमण की इस कहानी के उदाहरण देशभर में बिखरे पड़े हैं, जिनमें प्रशासन की लापरवाही और स्थानीय दबाव साफ दिखते हैं। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में सुंदरवल गांव का मामला सामने आया, जहां सरकारी तालाब की भूमि पर दिनदहाड़े दुकानें बना दी गईं। स्थानीय लोगों ने विरोध किया, लेकिन राजस्व विभाग मौन रहा।

अयोध्या के मीरापुर मोहल्ले में स्थित एक ऐतिहासिक तालाब लगभग पूरी तरह पाट दिया गया। 90 प्रतिशत हिस्से में अब निर्माण हो चुका है। बिजनौर जिले के नहटौर कस्बे में 120 बीघा तालाब पर वर्षों से अवैध कब्जा था, जिसे प्रशासन ने हाल ही में मुक्त कराया। ये घटनाएं बताती हैं कि अतिक्रमण केवल गरीबों की जरूरत से नहीं, बल्कि पैसे और सिफारिश की ताकत से होता है। कहीं तालाब को स्कूल बनाने के बहाने कब्जाया जाता है, तो कहीं पार्क का नाम देकर दीवार खड़ी कर दी जाती है। फिर वो दीवार साल-दर-साल पक्के निर्माण में बदल जाती है। अफसोस की बात है कि जिन दस्तावेजों में तालाब दर्ज हैं, वहां भी प्रशासनिक रिकॉर्ड को नकार दिया जाता है। इससे यह साबित होता है कि कागज की लड़ाई सिर्फ ईमानदार नागरिक ही हारते हैं, भूमाफिया नहीं। प्रशासन की चुप्पी इस संकट की सबसे खतरनाक परत है। जब शिकायतें दर्ज होती हैं, तो उन्हें 'पुराना मामला' या 'न्यायालय में लंबित' कहकर टाल दिया जाता है। फाइलें महीनों चलती हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं होती। कई बार तो सरकारी रिकॉर्ड से तालाब की पहचान ही मिटा दी जाती है या तो उसे 'खाली भूमि' दर्ज कर दिया जाता है या 'अराजी' घोषित कर दिया जाता है। यही वह प्रशासनिक चाल है, जिससे जमीन का मालिकाना बदल जाता है। स्थानीय नेताओं और अफसरों की मिलीभगत से तालाब पाटे जाते हैं और जमीन का नक्शा बदल जाता है। यही कारण है कि भारत के अधिकांश शहरों और कस्बों में आज के तालाब केवल 'कहानी' रह गए हैं। बच्चे पूछते हैं: "तालाब क्या होता है?" और हम तस्वीर दिखाकर बताते हैं। यह एक सांस्कृतिक शून्यता है, जो चुपचाप हमारे चारों ओर पनप रही है। इसलिए प्रश्न अब केवल प्रशासन से नहीं, हम सब से भी है कि हम क्या खो रहे हैं?

अंततः, तालाबों का संरक्षण केवल जल प्रबंधन का सवाल नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, विरासत और भावी पीढ़ियों के अधिकार का सवाल है। यह अतिक्रमण केवल भूमि हथियाने की कहानी नहीं, बल्कि एक सभ्यता के स्मृति-चिन्हों को मिटाने की साज़िश है। अगर हमने अब भी नहीं चेता, तो आने वाले वर्षों में बच्चों को तालाब केवल किताबों में मिलेंगे जैसे आज सिंधु घाटी की सभ्यता मिलती है। हमें यह समझना होगा कि तालाब केवल पानी का स्रोत नहीं, सामाजिक एकता, परंपरा और पर्यावरण का बुनियादी आधार हैं। प्रशासन को सख्त नीति अपनानी होगी, तालाबों का डिजिटल नक्शा तैयार कर सार्वजनिक करना होगा और प्रत्येक अवैध निर्माण पर सज़ा तय करनी होगी। साथ ही हमें शिक्षा, संवाद और सामूहिक प्रयासों के जरिए यह चेतना फैलानी होगी कि "तालाब बचाओ" केवल नारा नहीं, आवश्यकता है। यदि हम सच में एक जीवंत समाज की कल्पना करते हैं, तो हमें उसके 'जल स्रोत' को नहीं, 'जल चेतना' को पुनर्जीवित करना होगा।

# समुद्री सीमा पर मंडराता प्रदूषण का खतरा



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

> भारत के दक्षिणी समुद्री तट पर मंडरा रहा यह संकट पर्यावरण के साथ-साथ लाखों लोगों की रोजी-रोटी से भी जुड़ा है।

लाइबेरियाई कंटेनर जहाज केरल के अलपुजा तट पर थोतापल्ली से कोई 14.6 समुद्री मील दूर समुद्र में डूबने के बाद सारे क्षेत्र में गंभीर पर्यावरणीय संकट खड़ा हो गया है। यह शनिवार 24 मई को एक तरफ झुकना शुरू हुआ और रविवार 25 मई की सुबह लगभग 7.50 बजे पूरी तरह से डूब गया। भारतीय तटरक्षक दल ने तो तत्परता से जहाज पर सवार सभी लोगों को सुरक्षित बचा लिया, लेकिन समुद्र कैसे बचे, इसके लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। जहाज में भरा तेल और भट्टी में जलाने के काम आने वाला तेल तो सागर के जैविक संसार के लिए खतरनाक है ही, उसमें लदे कंटेनर में भरे रासायनिक पदार्थ लंबे समय तक तबाही का कारण बन सकते हैं। इस जहाज में कुल 640 कंटेनर लदे थे। इस लेख को लिखे जाने तक कम-से-कम 54 कंटेनर कोल्लम (43), तिरुवनंतपुरम (9) और अलप्पुझा (2) के समुद्र तटों पर बहकर आए हैं। इसके बावजूद, केरल के तट के पास उच्च समुद्र की लहरों से क्षतिग्रस्त कंटेनरों का मलबा केरल के दक्षिणी समुद्र तटों पर आ सकता है। तिरुवनंतपुरम के तट पर छोटे-छोटे प्लास्टिक और पॉलीथीन के दाने बहकर आए हैं, जो लंबे समय तक माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण का खतरा बन सकते हैं। अधिकारियों का कहना है कि रबर सॉल्यूशन समुद्र के पानी के साथ प्रतिक्रिया कर चुका है, जिसके कारण प्लास्टिक के ये दाने पाए जा रहे हैं। अभी तक इनके सुरक्षित तरीके से निपटाने का कोई स्पष्ट समाधान नहीं है।

राज्य सरकार ने इसे प्रादेशिक स्तर की आपदा घोषित कर स्वयंसेवकों की मदद से समुद्र तट की सफाई शुरू की है। कैल्शियम कार्बाइड वाले पांच कंटेनर, जो एक और प्रदूषण का खतरा हैं, समुद्र के तल पर पड़े हैं और इन्हें सुरक्षित तरीके से निपटाना आवश्यक है ताकि वे नुकसान न करें। मुख्य चिंता यह है कि जो चीजें लदी थीं, उनमें से 13 को "खतरनाक कार्गो" के रूप में वर्गीकृत किया गया था और 12 में कैल्शियम कार्बाइड था। इसके अलावा, जहाज में 84.44 मीट्रिक टन डीजल और 367.1 मीट्रिक टन फर्नेस तेल भी है। ये कंटेनर कोई तीन किलोमीटर की गति से समुद्र में बह रहे हैं और कहा नहीं जा सकता कि कौन-सा कंटेनर किस दिशा में कहां जाए और क्या-क्या नुकसान करे। केरल सरकार ने भी नुकसान कम करने, इसका आकलन करने की दिशा में कुछ फौरी कदम उठाए हैं। 20 समुद्री मील की दूरी तक मछली पकड़ने पर रोक लगा दी गई है। ड्रोन से निगरानी करने के साथ सफाई करने के ख्याल से हर 100 मीटर पर वॉलिंटियर लगाए गए हैं।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नेतृत्व में रैपिड रेस्पॉन्स टीम तैनात करने के अलावा तेल रिसाव की स्थिति पर नजर रखी जा रही। केन्द्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान (सीएमएफआरआई) ने समुद्री पर्यावरण पर जहाज दुर्घटना के प्रभाव का आकलन करने के लिए एक अध्ययन शुरू किया है। दरअसल मानसून समय से पहले आ गया है और मुख्य चिंता यह है कि यह समय समुद्री जीवों, खासकर मछलियों का प्रजनन काल होता है। ऐसे में तेल और खतरनाक रसायन का रिसाव समुद्री उत्पादकता को नुकसान पहुंच सकता है। ज्यादा और गंभीर रिसाव होने पर समुद्री जीवों का दम घुट सकता है, जिससे दूरगामी नुकसान की आशंका है। शुरुआती आकलन यह है कि इस जहाज में लदे कैल्शियम कार्बाइड से भरे कंटेनरों से सबसे भयावह नुकसान की आशंका है। जहाज की ईंधन टंकी में रखे डीजल की बड़ी मात्रा का रिसाव भी समुद्र के लिए घातक है। तेल अगर समुद्र तटों, मैंग्रोव जंगलों और दलदली भूमि पर जमा हो गया, तो यह संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्रों को दीर्घकालिक नुकसान पहुंचा सकता है। जहाज में लदा फर्नेस तेल वेरी लो सल्फर फ्यूल ऑयल (वीएलएसएफओ) कहलाता है। पेट्रोलियम के इस उत्पाद का उपयोग जहाजों के इंजन में ईंधन के रूप में किया जाता है। इसमें गंधक की मात्रा कम होती है, लेकिन कुप्रभाव डीजल की तरह ही होता है।

भारत के दक्षिणी समुद्री तट पर मंडरा रहा यह संकट पर्यावरण के साथ-साथ लाखों लोगों की रोजी-रोटी से भी जुड़ा है। केरल में मत्स्यपालन क्षेत्र राज्य की कुल आबादी के लगभग 2.98 प्रतिशत को आजीविका प्रदान करता है। इनमें से 8 लाख मछुआरे मछली पकड़ते हैं। राज्य में मछली उत्पादों की वार्षिक घरेलू बिक्री लगभग 600 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। केन्द्र सरकार भारतीय जल क्षेत्रों में संचालित जहाजों की उम्र तय करने पर विचार कर रही हैं। जलयान विभाग के महानिदेशक श्याम जगन्नाथन के मुताबिक, जहाज की उम्र अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अंतर्गत कोई बंधन नहीं हैं, लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता है कि भारतीय जल क्षेत्रों में संचालित जहाज समुद्री मानदंडों का पालन करें।

## सोशल फोरम

# इतिहास का एक सबक



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

बांग्लादेश देश बनने के बाद से पाकिस्तान ने 'हजार घाव देकर भारत का खून बहाते रहने' की नीति अपना ली, जिसे वह निरंतर आतंकी हमलों के माध्यम से अंजाम देता रहा है। लिहाजा दोनों के बीच लगातार छद्मयुद्ध जारी है। 22 मई 2025 को पहलगाम में हुए नृशंस हत्याकांड को इस दीर्घ सिलसिले की अंतिम कड़ी कहने की तीव्र इच्छा होने के बावजूद, निश्चित रूप से इसे अंतिम कहना कठिन है।

इतिहास गवाह है कि विभाजन के बावजूद भारत की हिन्दू-मुस्लिम समस्या का हल नहीं हुआ। दोनों देशों में रह गए अल्पसंख्यकों का सवाल किसी ने नहीं उठाया। कांग्रेस ही उठा सकती थी, किंतु वह पाकिस्तान प्रस्ताव को स्वीकार कर लेने के बावजूद अपने इतिहास से, एक राष्ट्र सिद्धांत से बंधी हुई थी। लिहाजा पश्चिमी पाकिस्तान से अल्पसंख्यकों का लगभग सफाया हो गया। पूर्वी पाकिस्तान में यह काम किस्तों में हुआ। विभाजन के समय, फिर 1950 में, जो नेहरू लियाकत पैक्ट की पृष्ठभूमि बना। फिर बांग्लादेश युद्ध के पूर्व और उसके दौरान। फिर शेख हसीना के तख्तापलट के पहले और उसके बाद। भारत में भी अल्पसंख्यकों की स्थिति सामान्य नहीं है। चीन ने 1963 से ही पाकिस्तान से होकर अरब सागर में ग्वादर तक 3000 किमी लंबा चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के निर्माण की योजना पर काम करना शुरू कर दिया था।

इस गलियारे की काफी दूरी पाकिस्तान अधिकृत (गिलगित-बाल्टिस्तान के) तथा चीन-अधिकृत (शक्सगाम घाटी के) भारतीय भूक्षेत्र से होकर गुजरती है। हमारे दोनों शत्रु नाभिकीय अस्त्रों से संपन्न हैं। दोनों देशों के इस सामरिक और आर्थिक गठजोड़ ने भारत की सुरक्षात्मक स्थिति को बेहद नाजुक बना दिया है। देश का विरोधी पक्ष युद्ध विराम के लिए सरकार को लगातार कोस रहा है। सरकार भी, शायद फेससेविंग के तहत, पाकिस्तान को लगातार ललकार रही है। बस भूलकर भी चीन का नाम नहीं लेती। जैसे किसी यूटोपिया में जी रही हो।

**-फेसबुक वॉल से**

# कोविड संक्रमण से बचने के लिए चमगादड़ों पर अध्ययन



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> ऑर्गेनोइड्स एवं प्रयोगशाला में विषाणुओं के प्रजनन के बारे में एक पर्चा –बैट ऑर्गेनोइड्स रिवील एंटीवायरल रेस्पोंसेस एट एपिथेलियल सर्फेसेस, नेचर पत्रिका के 21 मई 2025 के अंक में भी प्रकाशित हुआ है।

कोविड-19 विषाणु के संक्रमण से फैली महामारी से छुटकारा मिला ही था कि इस विषाणु के दो नए विभेदों (वेरिएन्ट्स) ने फिर से दुनिया में खतरा पैदा कर दिया है। ये दोनों वेरिएन्ट्स अत्यधिक सक्रियता दिखा रहे हैं, लेकिन अधिक खतरनाक नहीं है। भारत में इस समय सार्स कॉव-2 के दो वेरिएन्ट्स एलएफ़. 7और एनबी.1.8.1 सक्रिय हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और कोविड-19 वैक्सीन संरचना पर इसका तकनीकी सलाहकार समूह (टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप-कोविड-वैक्सीन) नियमित रूप से कोविड-19 वैक्सीन के उक्त वेरिएन्ट्स पर असर का आकलन करना जारी रखता है ताकि वैक्सीन संरचना के अपडेट पर निर्णय लेने में मदद मिल सके।

15 मई 2025 को प्रकाशित नवीनतम अनुशंसा में तकनीकी सलाहकार समूह ने सलाह दी कि कोविड-19 वैक्सीन के लिए जेएन.1 या केपी.2 रेकॉम्बिनेंट/मोनोवैलेंट एंटीजन असरदार बने रहेंगे। मोनोवैलेंट एलपी.8.1 एक उपयुक्त वैकल्पिक वैक्सीन एंटीजन है। भारत में अभी उक्त वेरिएन्ट्स से 4000 से अधिक व्यक्ति प्रभावित हो चुके हैं और कम से कम 32 व्यक्तियों की मौत भी हो चुकी है। स्थिति पर भारत सरकार का डिपार्टमेंट ऑफ़ हेल्थ रिसर्च एवं आईसीएमआर और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल पूरी तरह से नज़र रखे हुए हैं। गत शनिवार 31 मई 2025 को इस बाबत बैठक हो चुकी है। प्रांतीय सरकारों के स्वस्थ्य विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। कोरोना विषाणु की बायोलॉजी, जूनॉटिक्स, एपिडेमियोलॉजी, विषाणु और संक्रमित व्यक्ति के संबंधों (होस्ट-पैथोजन रिलेशनशिप), विषाणुओं के व्यवहार और इनके रिजर्वायर (चमगादड़) के अलावा इनकी किस्मों के बारे में अध्ययन के अलावा टीका विकसित करने के लिए विषाणुओं की जरूरत और टीका का विकास के बारे में सोचें तो वैज्ञानिकों का सबसे पहला ध्यान चमगादड़ पर ही जाता है। लंबे समय से दुनिया के वैज्ञानिक दुनिया के अनेक हिस्सों में रहने वाले चमगादड़ों के शरीर में निवास करने और पलने वाले अनेक किस्म के विषाणुओं का अध्ययन कर चुके हैं, लेकिन इन्हें प्रयोगशाला में उत्पन्न करने और टीका विकास में इनका इस्तेमाल करने में कामयाब नहीं हो पा रहे थे। मौजूदा समय में जो दर्जनभर टीके दुनिया में माइक्रो-रायिबोन्यूक्लिक (एम-आरएनए) टेक्नोलॉजी और पुराने तरीके से विषाणु को कमज़ोर करके (एटेन्युएटेड एवं किल्ड वायरस) इस्तेमाल से शरीर में एंटीबाडीज विकसित करने के लिए किए गए हैं। उनके लिए विषाणु को संक्रमित मनुष्यों से ही प्राप्त किया गया था। इस प्रकार प्राप्त विषाणुओं के करैक्टरायिज़ेशन और प्रोटीन संरचना को समझ कर टीका विकसित किया गया ताकि वायरल प्रोटीन के विरुद्ध एक इच्छित स्तर तक प्रतिपिंड बना सके।

साइंस पत्रिका के 15 मई सन् 2015 के अंक में प्रकाशित लेख -एक्स्पैन्डेड यूटिलिटी बेल्ट फॉर टैक्लिंग बैट वायरसेस के माध्यम से मालूम हुआ है कि वैज्ञानिकों को चमगादड़ों से प्राप्त ऊतकों में कोरोना वायरस को विकसित करने में सफलता मिली है। इससे टीका विकास में सटीकता आएगी। चमगादड़ों में वायरस की एक बड़ी और विविध श्रृंखला होती है, जिसमें उन वायरस के रिश्तेदार भी शामिल हैं, जिनकी वजह से मनुष्यों में गंभीर तीव्र श्वसन सिंड्रोम (एसएआरएस), मध्य-पूर्व देशों में देखे गए श्वसन सिंड्रोम (एमईआरएस) और कोविड-19 महामारी का प्रकोप हुआ था। फिर भी इन वायरस को ले जाने वाले चमगादड़ों में बीमारी के न्यूनतम लक्षण दिखाई देते हैं।

ऑर्गेनोइड्स एवं प्रयोगशाला में विषाणुओं के प्रजनन के बारे में एक पर्चा -बैट ऑर्गेनोइड्स रिवील एंटीवायरल रेस्पोंसेस एट एपिथेलियल सर्फेसेस, नेचर पत्रिका के 21 मई 2025 के अंक में भी प्रकाशित हुआ है। इसके लिए वैज्ञानिकों ने रूसेट्टस इजीप्टियाकस चमगादड़ के फेफड़ों और आंत की भीतरी झिल्ली के ऊतकों का इस्तेमाल किया। चमगादड़ की यह किस्म मिस्र देश में होती है और फलों को खाती है। चमगादड़ की यह किस्म अफ्रीका, मध्य-पूर्व के देशों, भूमध्य सागर के निकट के देशों और भारत में भी पाई जाती है, जिसकी छह प्रजातियां हैं। सन् 1810 से इस चमगादड़ पर अध्ययन किए जा रहे हैं और सतत निगरानी भी रखी गई है। ये चमगादड़ ईरानी बकैण, जंगली खजूर, संतरा, केला, लोकाट और गूलर के फल खाते हैं। इनके शिकारी पक्षी जब इन चमगादड़ों को खाते हैं, तो इनके शरीर में भी वायरस और परजीवी प्रवेश करते हैं। संक्रमित पक्षियों से भी मनुष्य में संक्रमण प्रवेश कर सकता है। जानकार हैरानी हो सकती है कि संसार में चमगादड़ों की 1400 किस्मों के शरीर में अब तक 8176 प्रकार के विषाणुओं के बारे में मालूमात दर्ज की गई हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### सीएमएस छात्र को मिली 33वीं रैंक

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के एक और छात्र श्रद्धेश चन्द्रा ने ऑल इण्डिया 33वीं रैंक के साथ इण्डियन फॉरेस्ट सर्विस (आईएफएस) में चयनित होकर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित परीक्षा के परिणाम अभी हाल ही में घोषित किये गये हैं, जिसमें सीएमएस छात्र मोहम्मद आदिल (119वीं रैंक) भी चयनित हुए हैं। यह जानकारी सीएमएस के कम्युनिकेशन्स हेड ऋषि खन्ना ने दी है।

### अवैध खनन करते पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली की जब्त

**अमृत विचार, हरदोई :** कोतवाली सण्डीला क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन को लेकर पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की। कार्रवाई के दौरान एक सोनालीका ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके से पकड़ा गया और मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत उसका चालान किया गया। पुलिस की कार्रवाई की भनक लगते ही अवैध खनन में संलिप्त लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि अवैध खनन की सूचना मिलने पर तत्काल टीम गठित कर छापेमारी की गई। मौके पर मौजूद खनन माफिया पुलिस को देखकर भाग निकले। पकड़े गए वाहन के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# आंखें नम कर गया बूढ़ी काकी का दर्द

## गोमतीनगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में तीन दिवसीय नाट्य समारोह आयोजित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** नाट्य संस्था कशिश आर्टस एंड वेल्फेयर सोसाइटी की ओर से आयोजित तीन दिवसीय नाट्य समारोह (प्रेमचन्द रंगोत्सव) की दूसरी संध्या में कशिश आर्टस एण्ड वेलफेयर सोसाइटी ने मुंशी प्रेमचन्द द्वारा लिखित नाट्यकृति बूढ़ी काकी का मंचन किया। नाटक का निर्देशन रत्ना अग्रवाल ने किया। नाट्य समारोह गोमतीनगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में किया जा रहा है।


गोमतीनगर के यूपी दर्शन पार्क में समर कार्निवाल के सांस्कृति मंच पर नृत्य करते प्रतिभागी। अमृत विचार

नाटक में कथा का केन्द्र बिंदु बूढ़ी काकी हैं। काकी के पति एवं बच्चों की असमय मृत्यु हो जाती है। अथाह सम्पत्ति की मालकिन काकी को उनका भतीजा बुद्धिराम सहारा देता है। पहले तो बुद्धिराम और उसकी पत्नी रूपा काकी की सेवा सत्कार में लगे रहते हैं, फिर एक दिन शहरी मैडम से मिल कर काकी की सारी सम्पत्ति बेच देते हैं। बुद्धिराम की लाडली जो दादी का एक मात्र सहारा है। उसे अपने माता पिता का दादी के साथ किया गया व्यवहार अच्छा नहीं लगता, काकी को घर में एक-एक रोटी के लिए तरसा दिया जाता है। जब बुद्धिराम के बेटे सुखराम का तिलक होता है तो बुद्धिराम और उसकी पत्नी रूपा पूरे गांव को न्योता देती है, लेकिन वह बूढ़ी काकी के साथ बुरा व्यवहार करती है एवं दुत्कारती है।

रूपा का भाई राधे उसका साथ देता है। तिलक के बाद बुद्धिराम अपनी पत्नी से कहता है कि शहरी मैडम आने वाली हैं। अब हमें घर खाली करना पड़ेगा, इतने में शहरी मैडम आ जाती हैं और कहती हैं कि बुद्धिराम तुम मुझे पहचान नहीं पाये, मैं गांव के ही गरीब मोची की बेटी हूं। मुझे काकी ने ही पढ़ाया लिखाया, आज मैं इतनी बड़ी अधिकारी बनी इसीलिए मैंने तुमसे काकी का मकान-दुकान एवं जमीन खरीद ली। शहरी मैडम काकी से कहती है कि आप काका की यादों के साथ घर में रहिये ये घर आप का ही है, सदैव आपका ही रहेगा। ये सुनने से पहले ही काकी के प्राण निकल जाते हैं, और यहीं कहानी का समापन हो जाता है। नाटक में बूढ़ी काकी की भूमिका में रत्ना अग्रवाल ने जीवंत अभिनय किया। अन्य कलाकारों में दिशा धमेजा का अभिनय सराहनीय रहा।

## धोखाधड़ी कर एटीएम से 47 हजार निकाले

**अमृत विचार, अमेठी:** 27 मई ग्राम राजापुर निवासी साहिल खान के साथ एटीएम के माध्यम से 47,000 रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इसकी लिखित शिकायत पुलिस अधीक्षक अमेठी को सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

साहिल खान के अनुसार, वह अपने चाचा मेराज खान और चाची कैसर जहाँ की अनुमति से उनके भारतीय स्टेट बैंक, शाखा अहोरवा भवानी के संयुक्त खाते से पैसे निकालने राजाफत्तेहपुर स्थित इंडिया वन एटीएम गया था। जब वह 27 मई को दोपहर लगभग 3 बजे एटीएम से पैसे निकालने की कोशिश कर रहा था, तभी दो अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंचे और धोखे से एटीएम कार्ड बदल दिया। थोड़ी देर बाद मेराज खान के मोबाइल पर 47,000 रुपये की निकासी का संदेश आया। पूरी घटना एटीएम परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है प्रार्थी ने बैंक स्टेटमेंट और संबंधित दस्तावेजों के साथ थाना इन्हौना में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है।

# माहौल संभालकर ही विरासत बच सकती है

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ बायोस्कोप ने मंगलवार को कैसरबाग स्थित सनतकदा में क़िस्से आवाम के नाम से कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें लखनऊ की विरासत और बायोस्कोप के एक साल का जश्न मनाया गया।

किस्से आवाम के में माधवी कुकरेजा की आदित्य चक्रवर्ती, अरशाना अजमत, चकल्लास की टीम, हरकिरत सिंह, मारूफ कुलमेन, परी फातिमा और तक़ी अब्बास के साथ विस्तार से बातचीत हुई। कार्यक्रम की शुरुआत मरियम इमरान ने की। मरियम संस्था में विरासत की अच्छी जानकार हैं। सनतकदा की संस्थापक माधवी कुकरेजा ने लोगों को बायोस्कोप की गूगल आर्ट्स एंड कल्चर पर मौजूदगी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कम्युनिटी और साथ रहने की अहमियत पर ज़ोर दिया। तक़ी अब्बास ने संस्कृति की बातें करने और लगातार काम करने की सलाह दी। मारूफ उमर ने सोशल मीडिया पर अपनी राय रखी और कहा कि हमें सोशल मीडिया को समझना चाहिए। उन्होंने ये भी कहा कि अपनी अलग पहचान बनाना बहुत जरूरी है और कंटेंट हमेशा सही होना चाहिए। फैज़ यूनुस ने कहा कि हमारी कोशिश है कि लखनऊ की कहानी दिलचस्प तरीके से लोगों तक पहुंचाएं और उन्हें हमारे कार्यक्रम चकल्लस में बुलाएं।

मारूफ कुलमेन ने कहा कि मेरा मकसद है कि वो कहानियां सुनाऊं जो हमारे घरों में सालों से चलती आ रही हैं। मैं लखनऊ से जुड़े स्टीरियोटाइप्स तोड़ना चाहता हूं और अलग-अलग नजरिए से शहर को दिखाना चाहता हूं। हरकिरत सिंह ने कहा कि मैं बाकी कल्चर को भी सामने लाना चाहता हूं। मैं लोगों को बताना चाहता हूं कि लखनऊ में सिर्फ मुस्लिम कम्युनिटी ही नहीं, बल्कि पंजाबी, बंगाली और कई हिंदू कम्युनिटी भी हैं। आदित्य चक्रवर्ती ने पुराने घरों से एक अलग जुड़ाव की बात कही, उन्होंने कहा कि विरासत और माहौल का गहरा रिश्ता है। परी फातिमा ने बतया कि मैं अपने बिजनेस से जुड़े कारीगरों की ज़िंदगी को डॉक्युमेंट करती हूं।

# फावड़े से काटकर किसान की हत्या

## एसपी, एएसपी और सीओ ने मौके पर पहुंचकर लिया जायजा

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार:** खेत पर गए किसान की दिनदहाड़े फावड़ा से काटकर निर्मम हत्या कर दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी डॉ यशवीर सिंह ने फारेंसिक टीम, एडिशनल एसपी संजीव कुमार सिन्हा व सलोन सीओ यादवेंद्र पाल के साथ घटनास्थल का मौका मुआयना किया व निर्देश दिए।

मामला महाराजगंज थाना इलाके के कपूरपुर मजरे जमुरावां गांव के पास का है। मंगलवार सुबह करीब आठ बजे हलोर गांव निवासी तेज बहादुर वर्मा (47) पुत्र माता प्रसाद अपने छोटे भाई प्रदीप कुमार के साथ कपूरपुर गांव के पास स्थित अपने ट्यूबवेल के पास मेंथा की तैयार फसल की पेराई के लिए टंकी बैठाने गए थे। टंकी बैठाने में सहयोग के लिए कपूरपुर गांव के लवकुश और अखिलेश को भी बुला लिया। मृतक के छोटे भाई प्रदीप ने बताया कि टंकी बैठाने के बाद करीब 9:30 बजे उसके भाई तेज बहादुर वर्मा ने उसे जानवरों के लिए हरा चारा लाने भेज दिया। साथ ही अन्य गांव के दोनों सहयोगी भी उसके भाई को ट्यूबवेल पर अकेला छोड़ कर चले गए। कुछ देर बाद ही खेत गई महिलाओं ने तेजबहादुर को खून में लथपथ पड़ा देखा तो होश उड़ गए। महिलाएं चीखते चिल्लाते भागने लगी। तेज बहादुर के ट्यूबवेल से कुछ ही दूरी पर उनके पड़ोसी राम मनोहर का भी ट्यूबवेल है। महिलाओं ने उसे घटना की जानकारी दी। राममनोहर वर्मा ने हलोर प्रधान रिंकू चौधरी को सूचना दी। प्रधान ने मृतक के परिजनों व पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की बैरीकेडिंग करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी होते ही फारेंसिक टीम के साथ पहुंचे एसपी डॉ यशवीर सिंह, एडिशनल एसपी संजीव कुमार सिन्हा व सीओ यादवेंद्र घटनास्थल का जायजा लिया। एडिशनल एसपी संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि घटना के अनावरण के लिए पुलिस टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


घटनास्थल की जांच करते एसपी डॉ. यशवीर सिंह। अमृत विचार

# मिट्टी की खुदाई में निकला हैंड ग्रेनेड, जांच शुरू

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार:** निजी स्कूल में भराव के लिए मिट्टी खोदी जा रही थी। उसी में बम जैसी एक संदिग्ध वस्तु मिली। वहां खेल रहे बच्चे उसे स्कूल में उठा ले गए। बच्चों के हाथ में बम जैसी वस्तु देखकर वहां काम कर रहे मजदूरों ने तुरंत उसे दूर रखवा दिया, इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने हैंड ग्रेनेड जैसी दिखने वाली वस्तु को अपने कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरु कर दी है। शुरुआती जांच में वह बम जैसी चीज़ हैंड ग्रेनेड निकली। मिट्टी की खुदाई में हैंड ग्रेनेड के मिलने से पुलिस अलर्ट हो गई है। लखनऊ से बम निरोधक दस्ता बुलाया गया है, लेकिन तब तक पूरे इलाके की कड़ी निगरानी की जा रही है, वहां आने-जाने पर रोक लगा दी गई है।

फत्तेपुर चौंगवां के एक निजी स्कूल में मिट्टी का भराव होरहा है,उसी इलाके के बाबटमऊ के रास्ते से मिट्टी खोदी जा रही है। मंगलवार को वहां खुदाई हो रही थी। पास में कुछ बच्चे भी खेल रहे थे। उसी दौरान खुदाई में मिट्टी के अंदर से बम जैसी चीज बाहर आई, उसे वहां खेल रहे बच्चे स्कूल उठा ले गए और खेलने लगे। जैसा कि बताते है कि उसे देखते ही वहां काम कर रहे मजदूरों का गला सूख गया। इसका पता होते है स्कूल के मैनेजर ब्रजेंद्र सिंह पहुंच गए,उन्होंने देखते ही पहचान लिया कि वह हैंड ग्रेनेड है, ऐसी खबर जंगल में लगी आग की तरह फैल गई।


बरामद किया गया हैंड ग्रेनेड।

**पुलिस ने हैंड ग्रेनेड को कब्जे में लेकर जांच के लिए लखनऊ से बुलाया बम निरोधक दस्ता**

# चक्कर आने पर साइकिल से गिरा ग्रामीण, मौत

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के रनुआपुर और सिकंदरपुर गांव के बीच में मंगलवार की दोपहर आसपास साइकिल से जा रहा एक ग्रामीण चक्कर आने के कारण गिर गया। सूचना पर 108 एम्बुलेंस ग्रामीण को सीएचसी लाई जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि ग्रामीण को हार्ट अटैक होने की उम्मीद है।

शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तड़ेर निवासी शीशराम 45 वर्ष पुत्र चतुरी मंगलवार को सुबह आठ बजे घर से पानी पीने के लिए निशौली डामर गांव गया था। निशौली डामर गांव में एक कुएं पर कुत्ता काटने वाले लोगों को पानी पिलाया जाता है। पानी पीकर शीशराम मंगलवार की दोपहर 1:30 के लगभग वापस अपने घर आ रहा था। वह जैसे ही रनुआपुर और सिकंदरपुर गांव के बीच पहुंचा। अचानक चक्कर आने की वजह से गिर पड़ा। राहगीरों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस के माध्यम से शीशराम को सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अनुमान जताया जा रहा है कि साइकिल चलाते वक्त शीशराम को हार्ट अटैक पड़ा होगा। परिजन एक्सीडेंट बता रहे हैं जब कि शीशराम के शरीर पर चोट का एक भी निशान नहीं है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### युवक को पीटने वाले आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, हरदोई :** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम कुंवरा पुर मजरा मोदीपुर में एक युवक को मारपीट कर घायल करने वाले आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की गई है। पीड़िता माधुरी पत्नी मिट्ठूलाल के अनुसार 29 मई की रात उसका पुत्र अनिल गांव की गौशाला में चारा डालने गया था। गांव निवासी रामदयाल ने उसके पुत्र को शराब के नशे में गाली गलौज किया। मना करने पर लाठी से मारपीट कर घायल कर दिया। विपक्षी ने पुत्र का इलाज कराने की बात कही थी। अब वह इलाज के लिए भी मना कर रहा है। पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है।


**प्रकाशन हेतु**

बाराबंकी : आप सभी जनमानस को अवगत कराना है कि माननीय न्यायालय श्रीमान विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (कस्टम) लखनऊ के आदेश के क्रम में दिनांक 30.05.2025 को निर्गत गिरफ्तारी का अधिपत्र व अन्तर्गत धारा 82 सी0आर0 पी0सी0 अभियुक्त व्यक्ति की उपसंजाति के लिए अपेक्षा करने वाली उद्घोषना वाद संख्या 3110/96 मु0अ0सं0 344/94 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना गाजीपुर लखनऊ से सम्बन्धित अभियुक्त किशोर कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 महेश प्रसाद गुप्ता निवासी गढिया बिल्डिंग रेलवे स्टेशन थाना कोतवाली बाराबंकी के सम्बन्ध में यदि किसी जनमानस को कोई जानकारी मिलती है तो थाना गाजीपुर जनपद लखनऊ मो0नं0 7839860995 व उ0नि0 शिव शंकर मो0नं0 7985131418 पर सम्पर्क कर अवगत कराने की कृपा करें।

**सूचना**

मैं MAHESH BATESHWAR GIRI पिता BATESHWAR GIRI, एस-468, संस्कृति एन्क्लेव, एल्डिको उद्यान-2, रायबरेली रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226025 निवासी, ने अपना नाम बदलकर MAHESH GIRI रख लिया है। शपथ पत्र IN-UP 71621879058518X दिनांक 03.06.25

**सूचना**

हम इस्लाम अली पुत्र इकराम अली व श्रीमती किश्वर जहां, पत्नी इस्लाम अली, निवासी 426/317, मोअज्जम नगर, अंबरगंज, सआदतगंज, लखनऊ हम दोनों अपने पुत्र रिजवान अली व उसकी पत्नी सूफिया के कुआचरण व गलत व्यवहार से परेशान होकर उनसे संबंध विच्छेद करके अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके किसी भी कृत्य व लेनदेन की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी, वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।


# मेडिकल स्टोर संचालक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार:** कन्नौज बाईपास तिराहे पर मेडिकल स्टोर चलाने वाले युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी।



मंगलवार दोपहर मेडिकल स्टोर संचालक शिवम (27) की मां संतोषी उसे खाना देने दुकान पहुंची। वहां मेडिकल स्टोर के पीछे बने कमरे में शिवम को पंखे से लटका देखा। मां की चीख सुनकर आसपास के लोग दौड़े और शिवम को फंदे से उतारा। उसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शिवम अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। करीब ढाई साल पहले उसकी शादी कानपुर की रहने वाली शिवानी से हुई थी। दंपति का डेढ़ साल का बेटा भी है। घटना के समय शिवम की पत्नी मायके में थी। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# युवक को तेज रफ्तार डंपर ने कुचला, मौत

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार :** मंगलवार को दोपहर लगभग दो बजे कस्बा के शास्त्रीनगर में ब्लाक मुख्यालय के पास एक बाइक सवार युवक तेज रफ्तार डंपर ने कुचल दिया। दुर्घटना कर भाग रहे डंपर चालक को कस्बा खीरों के मुख्य चौराहे पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने रोक कर हिरासत में ले लिया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने युवक को सीएचसी खीरों पहुंचाया तो डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। के लिए भेज दिया है।

रनापुर पहरौली निवासी दीपांशु सिंह (26) पुत्र जगत बहादुर सिंह मजदूरी करता है। मंगलवार की दोपहर लगभग दो बजे वह अपने ही गांव के अपने साथी शिवाकांत मिश्रा (25) पुत्र नमोशंकर मिश्रा की बाइक से दोनों लोग किसी काम से खीरों गए थे। दीपांशु सिंह बाइक चला रहा था। दीपांशु सिंह बाइक लेकर अपने साथी शिवाकांत मिश्रा के साथ सेमरी-खीरों-रायबरेली मार्ग पर कस्बा खीरों के शास्त्रीनगर में स्थित ब्लाक मुख्यालय के पास पहुंचे। तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंफर के चालक ने उसकी बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दीपांशु सिंह सड़क पर गिर गया और डंपर उसे कुचलता हुआ भाग गया। इससे दीपांशु सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। फिर भी स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को देते हुए उसे सीएचसी खीरों पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना कर भाग रहे डंफर चालक को कस्बा खीरों के मुख्य चौराहे पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने रोक कर हिरासत में ले लिया और थाने पहुंचाया।







अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### सांसद संजय सिंह की डिस्चार्ज अर्जी खारिज, बयान दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** आचार संहिता उल्लंघन के मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह सहित 13 सह-आरोपियों की डिस्चार्ज अर्जी एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने खारिज कर दी। मंगलवार को सांसद संजय सिंह अपने वकील रुद्र प्रताप सिंह मदन के साथ कोर्ट में हाजिर हुए। कोर्ट ने सांसद संजय सिंह समेत 11 आरोपियों का बयान दर्ज किया गया। वहीं, आरोपी अब्दुल हई व सलीम के गैरहाजिर रहने पर उनका बयान नहीं दर्ज हो सका। आरोपियों ने लगाए गए आरोपों से इंकार करते हुए विचारण की मांग की। कोर्ट ने बयान दर्ज कर अभियोजन साक्ष्य के लिए पांच जुलाई की तारीख नियत की है।

### पूर्व विधायक सफदर रजा के केस में नहीं पूरी हुई बहस

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** वर्ष 1996 के विधानसभा चुनाव के दौरान पीपरपुर थाने के देहली मुबारकपुर गांव स्थित मतदान केंद्र से मतपत्र गायब होने के मामले में चांदा के पूर्व बसपा विधायक सफदर रज़ा समेत तीन आरोपियों के खिलाफ चल रहे मुकदमे में मंगलवार को बचाव पक्ष ने बहस की। बचाव पक्ष के वकील हसन अली व रामअवध यदव ने बताया बहस पूरी न होने के कारण कोर्ट ने शेष बहस के लिए 20 जून की तारीख तय की है। 6 अक्टूबर 1996 को हुए विधानसभा चुनाव में मतपत्र गायब होने की घटना को लेकर उप निर्वाचन अधिकारी विमल चंद्र श्रीवास्तव द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया था।

### पेट्रोल पंप चलाने के नाम पर धोखाधड़ी, केस दर्ज

**सीतापुर, अमृत विचार :** पेट्रोल पंप लाइसेंस बनने के बाद उसे चलवाने के नाम पर एक महिला ने सीतापुर के भाजपा नेता, उनकी पत्नी और पुत्रों के नाम पर धोखाधड़ी का आरोप लगाकर केस दर्ज कराया है। लखनऊ के जानकीपुरम विस्तार निवासिनी सुलक्षणा मिश्रा पत्नी सुधीर मिश्रा ने जानकीपुरम थाने में भाजपा नेता रामनारायण त्रिवेदी, इनकी पत्नी सुनैना, पुत्र अभिषेक और आशीष के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

# गोंडा : मां बेटे समेत पांच लोगों की थमी सांसें

## मोतीगंज व करनैलगंज थाना क्षेत्रों में हादसे, पुलिस दोनों घटनाओं की जांच में जुटी

संवाददाता, गोंडा


मनोज वर्मा।


मीना यादव।


रंजीत यादव। (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** सड़क हादसों में लोगों की मौत का सिलसिला थम नहीं रहा। बीते सोमवार की सुबह बाराबंकी के रामनगर थाना क्षेत्र में हुए भीषण हादसे में गोंडा जिले के चार लोगों की मौत के अगले दिन फिर सड़क पर मौत का तांडव दिखा। तेज रफ्तार के कहर ने मंगलवार को मां-बेटे समेत पांच लोगों की जिंदगी छीन ली। हादसे दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए।

पहली घटना मोतीगंज थाना क्षेत्र के महेवा गोपाल गांव के समीप मंगलवार की सुबह दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में मां बेटे समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तीनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

क्षेत्र के सोठिया गांव का रहने वाला रंजीत यादव (18) मंगलवार की सुबह अपनी मां मीना यादव (45) व पड़ोस की रहने वाली बिंदू पांडेय (45) को बाइक से लेकर कोल्हमपुर स्थित मंदिर गया था। मंदिर में दर्शन करने के बाद तीनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे। दर्जीकुंआ मनकापुर मार्ग पर महिला गोपाल गांव के समीप पहुंचने पर उनकी बाइक विपरीत दिशा से आ रहे मनोज वर्मा (25) की बाइक से टकरा गयी। हादसा इतना जबरदस्त था कि दोनों बाइक सवार बीच सड़क पर गिर गए जिससे उनके सिर में गंभीर चोट लग गयी। सभी को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां रंजीत यादव, मीना यादव व मनोज वर्मा निवासी गढ़ी थाना मोतीगंज की मौत हो गयी। गंभीर रूप से बिंदू पांडेय को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की खबर पाकर परिवार के लोग जिला अस्पताल पहुंचे, वहां एक साथ तीन तीन शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। साथ आए लोगों ने रोती बिलखती महिलाओं को संभाला। मोतीगंज प्रभारी निरीक्षक अनीता यादव ने बताया कि हादसे में दोनों बाइक सवार युवकों की मौत हो गयी है।

### दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत


श्रवण व मुन्नू की फाइल फोटो।

**करनैलगंज, गोंडा :** गोंडा-लखनऊ मार्ग भंभुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत अहरौरा मोड़ पर हुए हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। कोतवाली करनैलगंज के पचमरी गांव निवासी मन्नू (28) पुत्र रामसूरत व श्रवण (25) पुत्र कल्लू किसी कार्य से बाइक से निकले थे। अहरौरा मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही भंभुआ चौकी प्रभारी अंकित सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है। परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है।

# अब तुम अच्छी नहीं लगती... कहकर दे दिया तीन तलाक

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:

**अमृत विचार :** बाराबंकी में महिला उत्पीड़न के मामले बढ़ते जा रहे हैं। विवाहिताओं ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न, मारपीट और धमकी देने के आरोप लगाए हैं। एक मामले में विवाहिता को तीन तलाक कहकर घर से निकाल दिया गया।

बदोसरांय थाना क्षेत्र के ग्राम किन्तूर की नगमा पुत्री असलम का निकाह शहर कोतवाली क्षेत्र के दशहराबाग निवासी मोहम्मद हसीब से हुआ था। विवाह के बाद से ही दहेज में बाइक के लिए प्रताड़ित की जा रही नगमा को 5 मार्च को इस कदर पीटा गया कि पांच माह की गर्भवती नगमा गंभीर रूप से घायल हो गई, उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। आरोप है कि इसके बाद 13 मार्च को पति मोहसीब ने उसे कथित रूप से कहा कि तुम अब अच्छी नहीं लगती कहकर तीन बार तलाक बोलकर घर से निकालने के साथ ही उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया गया। स्थानीय पुलिस चौकी द्वारा डक्टरी परीक्षण व रिपोर्ट दर्ज करने से इनकार करने पर पीड़िता ने एसपी से गुहार लगाई, तब जाकर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

इसी थाना क्षेत्र के ग्राम कतुरी खुर्द निवासी अजरूद्दीन की पत्नी सहरीन बानो ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी तीन वर्ष पूर्व अजरुद्दीन से हुई थी। दहेज में कार की मांग को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित किया गया। 23 मई को ससुराल पक्ष के 6 लोगों ने मिलकर उसे मारा-पीटा और 8 माह की बच्ची सहित घर से निकाल दिया। उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई।

# उन्नाव : जेल में विचाराधीन कैदी की अचानक तबियत बिगड़ी, मौत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** करीब ढाई साल से गोकशी के मामले में जिला जेल में बंद विचाराधीन बंदी की मंगलवार सुबह अचानक हालत खराब हो गई। इससे वह बाथरूम में गश खाकर गिर गया। इस पर जेल प्रशासन ने उसे पहले जेल अस्पताल फिर जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। जेल अधीक्षक ने ब्लड प्रेशर बढ़ने से बंदी की मौत होने की बात कही है।


कमाल की फाइल फोटो।

बता दें कि दही थानाक्षेत्र के जमुनाखेड़ा गांव निवासी कमाल (31) उर्फ टहलू को पुलिस ने बीती 26 सितंबर-2022 को गोकशी के मामले में जेल भेजा था। उस पर गैंगस्टर, आर्म्स एक्ट व चोरी समेत कई अन्य मामले दर्ज हैं। इससे वह करीब ढाई साल से जेल में बंद था। जेल अधीक्षक पंकज सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह वह पूरी तरह से ठीक था। सुबह उठकर उसने चने खाए और बाद में टायलेट गया। तभी बाथरूम में वह अचानक वहीं गश खाकर गिर गया। अन्य बंदियों ने उसे बेहोश देख इसकी सूचना जेल प्रशासन को दी। इस पर उसे पहले जेल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

ब्लड प्रेशर अधिक होने पर उसे जेल के डॉक्टर ने जिला अस्पताल भेज दिया। वहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के साथ पुलिस व उच्चाधिकारियों को इसकी सूचना देकर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। साथ ही इसकी रिपोर्ट बनाकर कोर्ट में भी भेजी जाएगी।

## तीनों आरोपियों को दी जाए फांसी की सजा : सोनिया

**कानपुर, अमृत विचार।** चर्चित कुशाग्र हत्याकांड की सुनवाई एडीजे 11 की कोर्ट में जारी है। मंगलवार को हुई सुनवाई में कुशाग्र की मां सोनिया अदालत में फूट फूट कर रोने लगी। सोनिया कनौडिया ने अपनी गवाही में कोर्ट से कहा कि जिस तरह मेरे बच्चे को मारा गया, इन तीनों को भी फांसी की सजा दी जाए। उन्होंने अदालत को कई महत्वपूर्ण बातें बताई। अब मामले की अगली सुनवाई 9 जून को होगी। इससे पहले पिछली सुनवाई में आरोपी ट्यूशन टीचर की ओर से चौकीदार से जिरह करने के लिए फिर से समय मांगे जाने की अर्जी को एडीजे 11 की कोर्ट ने खारिज कर दी थी। बता दें कि कानपुर के कपड़ा कारोबारी मनीष कनोडिया के बेटे कुशाग्र की 30 अक्तूबर 2023 को बेरहमी से अपहरण करके हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने ट्यूशन टीचर रचिता वत्स, प्रभात शुक्ला और शिवा गुप्ता को दोषी मानकर उनको जेल भेजा था।

# सीतापुर में तेज बुखार से एक ही गांव के छात्र सहित तीन की मौत, दहशत

संवाददाता कमलापुर, सीतापुर

**अमृत विचार :** विकास खण्ड कसमण्डा क्षेत्र की ग्राम पंचायत हमीरपुर में तेज बुखार आने के बाद बालक, छात्र और बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। परिवार के लोगों का कहना है कि तेज बुखार के बाद हालत बिगड़ गई, फिर रात में मौत हो गई।

हाईवे के करीब स्थित ब्लॉक क्षेत्र कसमण्डा में संक्रमण तेजी से फैल रहा है। ग्राम पंचायत हमीरपुर में बीए प्रथम वर्ष के छात्र 19 वर्षीय अमरेंद्र को तेज बुखार आ गया। पिता कन्हई की मानें तो रात में आए बुखार पुत्र को दवा दी लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ा। जब तक अस्पताल ले जाते उसकी मौत हो गई। इसी गांव के मजरे कुसमौरा का 12 वर्षीय राहुल भी तेज बुखार और शरीर के दर्द से पीड़ित था। पिता मस्तराम का कहना है कि एक दिन पहले आए तेज बुखार के बाद कस्बे से जाकर दवा भी दिलाई थी लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। देर रात घर पर ही उसने दम तोड़ दिया। संक्रमण की चपेट में इसी गांव की 70 वर्ष से अधिक बुजुर्ग महिला कमला भी आ गई। तेज बुखार से वृद्धा ने भी दम तोड़ दिया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विद्याधर पाण्डेय का कहना है कि ग्राम पंचायत हमीरपुर में एक ही रात में तीन परिवारों में तेज बुखार आने के बाद तीन लोगों की जान चली गई है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश वर्मा का कहना है कि सूचना मिली है, सीएचसी प्रभारी डॉ. वर्मा को बताया जा चुका है, गांव में टीम भेजी जा रही है। कारणों की जांच के बाद ही मौत के कारणों का पता लग सकेगा।


अमरेंद्र।


कमला।

# बाराबंकी : पुल निर्माण के दौरान श्रमिकों पर गिरा सरिया का बंडल, एक की मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर पटेल तिराहे के निकट नए जमुरिया पुल निर्माण के दौरान जाल बांधते समय सरिया का बंडल दो मजदूरों पर गिर गया। बचाव कार्य होने तक बंडल के नीचे दबकर एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि एक अन्य को घायल अवस्था में जिला अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद हड़कंप मच गया, पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौके से जिला अस्पताल पहुंचे।

बताते चलें कि नेशनल हाईवे 28 पर पटेल तिराहे के निकट अंग्रेजों के जमाने का बना पुल ढहाकर नए पुल का निर्माण शुरू किया गया है। निर्माण कार्य चल ही रहा था, इसी बीच मंगलवार की शाम सरिया का जाल बांधा जाने लगा, इस कार्य में बिना सुरक्षा उपकरणों के मजदूर जुटाए गए थे। अचानक जाल बांधने के दौरान सरिया का बंडल नीचे जा गिरा। अन्य मजदूरों ने शोर मचाया लेकिन दो श्रमिक उसके नीचे दब गए। अन्य मजदूरों व राहगीरों ने सरिया का बंडल हटाया। जब तक दोनों मजदूरों को निकाला जाता तब तक नीचे दबे रमेश (36) पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम व थाना मछेहटा जिला सीतापुर की मौत हो गई, वहीं एक अन्य मजदूर बदलू निवासी वजीरगनर थाना रामपुर जिला सीतापुर को जिला अस्पताल भेजा गया। घायल मजदूरों को निकालने में कई साथी मजदूरों को भी चोटें आईं। घटना की खबर मिलते ही एसडीएम नवाबगंज आनंद तिवारी सहित प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची।

## अवध विवि की कुलपति का इस्तीफा

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने अस्वस्थ पिता की देखभाल के लिए न सिर्फ कुलपति की कुर्सी छोड़ दी। त्याग पत्र देकर बड़ा मास्टर स्ट्रोक खेल दिया। एक ओर जहां उन्होंने हटाए जाने की अटकलों पर विराम लगा दिया। वहीं दूसरी ओर विवि की पहली महिला कुलपति के रूप में नियुक्त होने के बाद इतिहास में इस्तीफा देने वाली भी पहली कुलपति भी बन गईं। यही कारण रहा कि कुलाधिपति राज्यपाल को प्रो. प्रतिभा गोयल का इस्तीफा स्वीकार करने में आठ दिन लगे।

# जमीन के विवाद में युवक की हत्या

**अयोध्या, अमृत विचार :** कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के सुगन राय का पुरवा पटेल नगर में युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। हत्यारों ने शव के छह टुकड़े कर दिए। हत्या का कारण भूमि विवाद बताया जा रहा है। मृतक के बड़े भाई की तहरीर पर सगे चाचा, चाची सहित चार पर नामजद केस दर्जकर दो को हिरासत में ले लिया है।



बीकापुर क्षेत्र में सोमवार शाम आंधी पानी के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी। दिनेश कुमार वर्मा (24) पुत्र राजकुमार वर्मा घर के बाहर छप्पर में सो रहा था। रात करीब दो बजे खटपट की आवाज सुनकर उसकी मां और बहन बाहर आईं तो घर के पीछे कुछ लोगों को भागते देखा। उसके बाद छप्पर में पहुंची तो देखा कि छप्पर के अंदर और चारपाई के नीचे चारों तरफ खून बिखरा हुआ था। बिस्तर भी खून से भीग गया था, दिनेश का शव कई टुकड़ों में जमीन पर पड़ा हुआ था। परिजनों की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए। बीकापुर सीओ पीयूष, प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। रात में ही शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी भी मंगलवार सुबह घटनास्थल पर पहुंचे व निरीक्षण किया। मृतक के शरीर पर धारदार हथियार से गहरे घाव थे। हाथ-पैर कटे हुए थे, सिर भी धड़ से अलग था। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य संकलित किया और नमूना लिया। डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया। एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बताया कि मृतक के बड़े भाई विनोद कुमार वर्मा ने आरोपियों के खिलाफ हत्या की तहरीर दी है।

## राम वन गमन पर विशेष डाक आवरण जारी

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर हरे कृष्ण यादव, अयोध्या प्रधान डाकघर के सीनियर पोस्टमास्टर अनुज कुमार सिंह व प्रयाग फिलेटलिक सोसायटी के अध्यक्ष प्रमोद कुमार बंसल ने प्रधान डाकघर अयोध्या में मंगलवार को राम वन गमन पर विशेष डाक आवरण जारी किया। प्रवर अधीक्षक ने कहा कि श्री राम को त्याग का प्रतीक माना जाता है। उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम कहा गया है। राम वन गमन के विशेष आवरण से ज्ञान का प्रकाश संचार सम्भव है।

## सीतापुर में हुए सड़क हादसे में लखीमपुर के परियोजना अधिकारी की मौत

**सीतापुर, अमृत विचार :** सीतापुर-लखीमपुर मार्ग पर हरगांव इलाके में अनियंत्रित होकर कार पलटने से सवार लखीमपुर के परियोजना अधिकारी की मौत हो गई। बताते हैं कि हादसे की खबर से क्षुब्ध होकर पत्नी ने भी आत्महत्या का प्रयास किया गया। लखीमपुर खीरी में तैनात परियोजना अधिकारी डॉ. अजय कुमार सिंह मंगलवार सुबह कार से लखीमपुर जा रहे थे। बताते हैं कि उनके साथ सहयोगी नीतीश कुमार भी थे। सीतापुर-लखीमपुर मार्ग पर कार सवार परियोजना अधिकारी हरगांव थानाक्षेत्र के काली माता मंदिर के नजदीक पहुंचकर अनियंत्रित हो गई। पलक झपकते ही कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार सवार परियोजना अधिकारी डॉ. अजय कुमार सिंह और उनके सहयोगी बुरी तरह से घायल हो गए। आनन-फानन में राहगीरों की मदद से दोनों को क्षतिग्रस्त वाहन से बाहर निकाला गया। इसी दौरान हरगांव पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनों लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरगांव ले जाया गया। बिगड़ती हालत देख चिकित्सकों ने दोनों को पड़ोसी जनपद लखीमपुर खीरी स्थित ओयल अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही डॉ. अजय कुमार सिंह ने दम तोड़ दिया। नीतीश कुमार की हालत गंभीर है। उनका इलाज हो रहा है।

# 16वें केंद्रीय वित्त आयोग की टीम ने देखी मंदिर निर्माण की लघु प्रस्तुति

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** 16वें केन्द्रीय वित्त आयोग के चेयरमैन डॉ. अरविन्द पनगढ़िया के नेतृत्व में अयोध्या पहुंची टीम ने मंगलवार को श्री राम मंदिर निर्माण की लघु नाटिका को देखा। अयोध्या विजन-2047 के विकास कार्यों की समीक्षा की। 15 वें वित्त आयोग से कराए गए कार्य का निरीक्षण किया।

टीम के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचने पर कमिश्नर गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, डीएम निखिल टीकाराम फुंडे, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह आदि ने सदस्यों को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। समिति में चेयरमैन डॉ. अरविन्द पनगढ़िया के साथ सदस्य एनी जार्ज मैथ्यू, डॉ. मनोज पांडा, डॉ. सौम्या कांत घोष, सेक्रेटरी ऋतिविक पांडेय, ज्वाइंट सेक्रेटरी राहुल जैन, ज्वाइंट सेक्रेटरी राघवेन्द्र सिंह, डिप्टी डारेक्टर आशुतोष अवस्थी व निकिता जैन, असिस्टेंट सेक्रेटरी राजेश, पीएस चेयरमैन कुमार विवेक व ओएसडी अभय मित्तल थे। एयरपोर्ट से एक होटल और इसके बाद अयोध्या पहुंच सभी ने हनुमानजी श्री राम मंदिर में राम लला का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।


## वर्ग पहेली- 451

**बाएं से दाएं**

1. शुक्रवार।
2. 1. जो योनि से उत्पन्न न हुआ हो, जो गर्भ से पैदा न हुआ हो, अजन्मा 2. नित्य।
5. वायुमंडल के जल के हिम बनने के कारण बरफ़ का धरती पर गिरना, ओले गिरना, पाले का पड़ना।
7. 1. दुर्गा, पार्वती 2. तांत्रिकों के अनुसार एक देवी 3. चामुंडा नामक देवी 4. संगीत में एक रागिनी।, भैरव संबंधी।
8. 1. कली का फूल के रूप में विकसित होना 2. भला या सुंदर लगना, फबना 3. भूनने पर चावल का फूल या फट जाना (खील या मुरमुरा बनना) 4. किसी सुखद समाचार से प्रसन्न होना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. पलाश की लकड़ी का बना हुआ एक प्रकार का अर्धचंद्राकार यज्ञ-पात्र 2. पूर्व दिशा।
2. 1. निरंतर या बिना रुके चलने वाला पाठ 2. अनुष्ठानपूर्वक चलने वाला चौबीस घंटे का पाठ।
3. 1. जिसमें किसी के प्रति दया या प्रेम न हो 2. निष्ठुर, निर्दय।
4. 1. एक विश्वप्रसिद्ध हीरा जो भारत की मुगल सल्तनत से नादिरशाह के पास गया और अब ब्रिटिश सम्राट के ताज में जड़ा है, कोहेनूर; कोहिनूर 2. आभा या रोशनी का पर्वत।
6. 1. आंख की पलकों का बंद होना, समाप्त होना 2. बंद होना 3. तिरोहित होना, छिपना।



### वर्ग पहेली -450 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 नी | ■ | 2 दा | ■ | 3 नौ |
| 4 त | र | हे | ल | ■ | ब |
| ■ | स | ■ | द | ■ | त |
| ■ | ता | ■ | लि | ■ | ख़ा |
| ■ | ■ | 5 भ | या | व | ना |
| 6 डं | ब | र | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 7 म | न | मै | ला |

## सुडोकू -175

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | | | | |
| | | | | 5 | | | | |
| | | | | | | | 8 | |
| 2 | | | | | | | | |
| | | | 7 | | | | | |
| | 8 | | | | | | 4 | |
| | | | | 6 | | | | |
| 1 | | | | | | | | 4 |
| | | | | | 9 | | | |

### सुडोकू - 174 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 |
| 4 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 8 | 3 | 1 |
| 3 | 7 | 9 | 8 | 6 | 1 | 4 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 6 | 7 |
| 1 | 3 | 6 | 5 | 7 | 4 | 9 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 | 1 | 4 |
| 5 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 7 | 4 | 6 |
| 6 | 8 | 7 | 4 | 3 | 2 | 1 | 9 | 5 |
| 9 | 4 | 1 | 7 | 5 | 6 | 2 | 8 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 जून, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- नवमी 23 .54 तक तत्पश्चात दशमी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर। **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।

ताराबल- भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र- उत्तराफाल्गुनी 5 जून 03 .35 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष** — आज पिछले काफी समय से जिस कार्य में फंसे थे, वो पूर्ण हो सकता है। कारोबार में महत्वपूर्ण समझौते कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको भाग-दौड़ी करनी पड़ेगी। एकांत में आपको समय अवश्य बिताना चाहिए। पिता के कार्यों में आप सहयोग देंगे।

**वृष** — आज आपको अपनी प्रबंधन क्षमताओं को दुरुस्त करना होगा। ऑनलाइन शॉपिंग में छूट का लाभ उठा सकते हैं। किसी दूसरे व्यक्ति की सलाह को अधिक महत्व न दें, लेकिन लोग आपकी सलाह से लाभान्वित होंगे।

**मिथुन** — आज मन में उलझनों का अंबार रहेगा। क्रोध में आकर प्रतिक्रिया देने से बचें। परिजनों के साथ डिनर पर जा सकते हैं। तकनीक शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को पढ़ाई में समस्या होगी। काम को लेकर यात्रा करनी पड़ सकती है।

**कर्क** — आज बेरोजगार लोग यदि प्रयास करें तो जॉब मिल सकती है। वैवाहिक जीवन में आपसी सामंजस्य बढ़ेगा। परिवार में एकता का वातावरण रहेगा। आप नए कार्यों में अत्यधिक रुचि ले सकते हैं। सरकारी अधिकारियों को पदोन्नति मिल सकती है।

**सिंह** — आज संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। महिलाओं को शॉपिंग करते समय अत्यंत सावधानी रखनी होगी। अचानक खर्चे बढ़ सकते हैं। सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को थोड़ी समस्या हो सकती है। गैस और कब्जियत की शिकायत होने की संभावना है।

**कन्या** — आज व्यापार की समस्याओं का निवारण होगा। अनुभवी लोगों से आपको मार्गदर्शन मिलेगा। प्रियजनों के साथ मौज-मस्ती भरा समय बिताएंगे। आपके काम की सर्वत्र प्रशंसा होगी। व्यवहार में नरमी और सौम्यता का भाव रखें।

**तुला** — आज आपको किसी से झूठ नहीं बोलना चाहिए। पैरों में सूजन और दर्द की शिकायत हो सकती है। अपनी गलतियों को ढकने से बचें। कानूनी मामलों में थोड़ी परेशानी हो सकती है। किसी को उधार देने से बचें।

**वृश्चिक** — आज व्यापार में बड़े अनुबंध और ऑर्डर मिलने की प्रबल संभावना है। दूसरों के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। घर का वातावरण बहुत ही शांत रहेगा। छात्र अपनी पढ़ाई पर काफी ध्यान देंगे। समय पर सारे कार्य पूर्ण हो जाएंगे।

**धनु** — आज कारोबार में बढ़ोतरी होने के योग बन रहे हैं। कला की ओर आप आकर्षित रहेंगे। रुके हुए कार्य पुन: प्रारंभ होंगे। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। स्वभाव में चंचलता का भाव रहेगा। शुभ कार्यों में अधिक धन खर्च कर सकते हैं।

**मकर** — आज जॉब में अचानक ट्रांसफर होने की संभावना बन रही है। कार्यक्षेत्र के वातावरण में थोड़ी कड़वाहट हो सकती है। छात्रों को शिक्षा में थोड़ी अड़चनों का सामना करना पड़ सकता है। रचनात्मक कार्यों में आपका मन लगेगा।

**कुंभ** — आज अनैतिक कार्यों से धन कमाने का प्रयास न करें। बातचीत के दौरान सही शब्दों का चयन करें। धार्मिक यात्रा के दौरान कठिनाई हो सकती है। सहकर्मियों के साथ व्यवहार खराब न करें। किसी पारिवारिक सदस्य से झगड़ा हो सकता है।

**मीन** — आज अधिकारियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। पूरी एकाग्रता से साथ सभी कार्य करें। वैवाहिक जीवन सुखद रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ बहुत अच्छा समय बिताएंगे। मेहनत का लाभ मिलने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

## एक नजर

### दो अवैध कॉलोनियों पर बीडीए का चला बुलडोजर

**बरेली :** बरेली विकास प्राधिकरण की टीम ने मंगलवार को दो जगहों पर बिना मानचित्र के बसाई जा रहीं कॉलोनियों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। दोपहर में प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम थाना इज्जत नगर ग्राम मुड़िया अहमद नगर पहुंची, जहां पर अश्वनी शर्मा की ओर से करीब 2000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बिना विकास प्राधिकरण की स्वीकृति के सड़क, बाउंड्रीवाल, भूखंडों का चिन्हांकन कर अवैध कॉलोनी का निर्माण निर्माण किया जा रहा था। नवनीत अग्रवाल की ओर से ग्राम मुड़िया अहमद नगर के नकटिया नदी के किनारे करीब 6000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध कॉलोनी बसाई जा रही थी। इस पर टीम ने अवैध कॉलोनियों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। इस दौरान अवर अभियंता अजीत कुमार, सीताराम, बौद्धमणि गौतम, संयुक्त सचिव, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

### शिकायतों के निस्तारण में बरेली फिर प्रथम

**बरेली :** आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में बरेली रेंज ने पूरे प्रदेश में मई माह में एक बार फिर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बरेली रेंज लगातार 10 माह से प्रदेश में टॉप पर है। अगस्त 2024 से मई 2025 तक हर महीने बरेली रेंज नंबर वन बना हुआ है। पिछले महीने की रैंकिंग में परिक्षेत्र के पीलीभीत ने प्रदेश में पहला, शाहजहांपुर ने 13वां, बरेली ने 22 वां और बदायूं ने 25 वां स्थान प्राप्त किया है। डीआईजी रेंज अजय कुमार साहनी ने बताया कि आईजीआरएस सेल में तैनात दरोगा शालू कंप्यूटर ऑपरेटर अमरेन्द्र कुमार और सिपाही सलिल सक्सेना को उनके काम के लिए इनाम और प्रशंसा पत्र दिया जाएगा। वहीं, जिन थानों और जिलों का प्रदर्शन ठीक नहीं रहा, उनके काम की जांच होगी और सुधार के निर्देश दिए जाएंगे।

# पति ने बांके से वार कर की विवाहिता की हत्या

## घुंघचिहाई थाना क्षेत्र के ग्राम जल्लूपुर में हुई वारदात, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता, घुंघचिहाई (पीलीभीत)


हत्यारोपी अखिलेश मिश्रा के मकान के बाहर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

**अमृत विचार :** पति से हुए विवाद के बाद अपनी मां के साथ मायके जा रही विवाहिता की हत्या कर दी गई। आरोप है कि पति और देवर ने रास्ते में घेरकर बांके से वार कर वारदात को अंजाम दिया और मौके से भाग निकले। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। परिवार से कार्रवाई के लिए तहरीर मांगी गई है।

मूल रूप से बरखेड़ा थाना क्षेत्र के पतरसिया गांव की रहने वाली नन्ही देवी (38) की शादी घुंघचिहाई थाना क्षेत्र के ग्राम जल्लूपुर निवासी अखिलेश मिश्रा से 17 साल पहले हुई थी। उसके चार बच्चे काजल (16), दामिनी (15), आनंद (12) और आदेश (10) हैं। बताते हैं कि सोमवार को दंपती के बीच झगड़ा हो गया था, जिसके बाद विवाहिता ने मायके वालों को कॉल कर दी थी। जिस पर मंगलवार को विवाहिता नन्ही देवी की मां अनीता उसकी सुसराल पहुंची और बातचीत की, लेकिन दंपती के बीच सुलह नहीं हो सकी। इस पर नन्हीं देवी अपनी मां अनीता के साथ मायके जा रही थी।

आरोप है कि पीछे से पति और देवर आ गए। इसके बाद धारदार हथियार से नन्हीं देवी पर ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे वह लहूलुहान होकर मौके पर ही बेसुध होकर गिर गई। उसे मरा समझकर दोनों आरोपी भाग गए। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां मृत घोषित कर दिया गया।

> एक महिला की हत्या का मामला संज्ञान में आया है। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच चल रही है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई कराई जाएगी।
> –प्रकाश सिंह, इंस्पेक्टर, घुंघचिहाई

# पूर्व बसपा जिलाध्यक्ष के बेटे ने की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


अश्वनी सिंह

▸▸ पिता की लाइसेंसी रिवॉल्वर से मारी गोली, दिल्ली में सीए की पढ़ाई कर रहा था अश्वनी

**अमृत विचार :** बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष के बेटे ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त अश्वनी घर पर अकेला था। बसपा नेता अपनी पत्नी व बेटी के साथ मेरठ दवाई लेने गए थे। पुलिस अधिकारियों ने मौका मुआयना किया। रिवॉल्वर के अलावा अश्वनी का लैपटॉप और मोबाइल सील कर शव को पोस्टमार्टम को भेजा है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी प्रथम निवासी बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राम अवतार सिंह वर्तमान में मुरादाबाद मंडल के मुख्य सेक्टर प्रभारी हैं। उनकी बेटी शिवानी और बेटा अश्वनी दिल्ली में रहकर पढ़ाई करते थे। सीए कर रहे अश्वनी का इस साल फाइनल था। फिलहाल दोनों भाई- बहन घर आए थे। राम अवतार सिंह और उनकी पत्नी किरन लता तबीयत खराब होने के चलते सोमवार की दोपहर बेटी शिवानी के साथ दवाई लेने मेरठ गए थे। अश्वनी घर पर अकेला था। रात करीब 10:30 बजे वे घर लौटे तो गेट भीतर से बंद था। दूसरी चाबी का इस्तेमाल करके सभी लोग घर की दूसरी मंजिल पर चले गए।

शिवानी प्रथम तल पर बने कमरे में पहुंची तो अश्वनी का खून से लथपथ शव देख चीख पड़ी। उसके पास राम अवतार की लाइसेंसी रिवाल्वर पड़ी थी। दाईं कनपटी से सटाकर मारी गोली सिर के पार हो गई। बेटी की चीखें सुनकर राम अवतार सिंह और किरन लता भी नीचे आ गए। बेटे का शव देख बदहवास हो गए। सूचना मिलते ही सीओ सिटी शक्ति सिंह, इंस्पेक्टर पंकज तोमर मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। एएसपी एके भदौरिया ने भी मुआयना किया। फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट की टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने रिवाल्वर, अश्विनी का मोबाइल फोन और लैपटॉप कब्जे में ले लिया। आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 6 जून को यूपी पुलिस को मिलेंगे 34 नए डीएसपी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ बुधवार को सभी की कराई जाएगी फुल ड्रेस रिहर्सल

**अमृत विचार :** यूपी पुलिस को 6 जून को 34 नए डीएसपी मिल जाएंगे। डॉ. भीमराव आंबेकडर पुलिस अकादमी में एक साल 15 दिन के कठिन प्रशिक्षण के बाद शुक्रवार को इनकी पासिंग आउट परेड होगी। जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने की भी संभावना है। उनके न आने पर डीजी ट्रेनिंग तिलोत्पमा वर्मा दीक्षांत परेड की सलामी लेंगी।

सिविल लाइंस स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी आगामी शुक्रवार को डीएसपी की पासिंग आउट परेड कराने जा रही है। एडीजी अकादमी राजीव संभरवाल ने बताया कि भर्ती परीक्षा 2023 में चयनित हुए अभ्यर्थियों में से 36 को ट्रेनिंग के लिए अकादमी भेजा गया था। इनमें से दो अभ्यर्थी किसी कारण से बाद में ट्रेनिंग शुरू किए थे। शेष 34 डीएसपी 12 माह 15 दिन का प्रशिक्षण पूरा कर लिए हैं। इसमें 9 महिला और 18 पुरुष अभ्यर्थी शामिल हैं। इन्हें आतंरिक और बाह्य विषयों को बारीकी से पढ़ाया गया। परीक्षा कराने के बाद गौरव उपाध्याय को सर्वांग सर्वोत्तम चुना गया है। जबकि आकांक्षा गौतम इनडोर और अवनीश कुमार सिंह आउट डोर टॉपर बने हैं।

# अधिवक्ता पर अवमानना कार्यवाही के निर्देश

विधि संवाददाता, प्रयागराज



▸▸ कोर्ट पर लगाया था पक्षपात का आरोप

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक अधिवक्ता के खिलाफ अदालत की रजिस्ट्री को अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का आदेश देते हुए कहा कि वह एक सप्ताह के भीतर न्यायालय की अवमानना अधिनियम की धारा 15 के अनुसार अधिवक्ता के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करने के लिए इस मामले का रिकॉर्ड उपयुक्त अदालत के समक्ष रखे। क्योंकि उसने जमानत याचिका की सुनवाई के दौरान एक न्यायाधीश को पक्षपाती और बेईमान कहा था।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ की एकलपीठ ने अधिवक्ता हरीश चंद्र शुक्ला के खिलाफ अवमानना कार्यवाही के निर्देश देते हुए पारित किया, साथ ही उत्तर प्रदेश बार काउंसिल को अधिवक्ता के आचरण पर विचार करने और यह तय करने का भी निर्देश दिया कि क्या यह अधिवक्ताओं के लिए निर्धारित आचरण के अनुरूप है।

मामले के अनुसार अधिवक्ता शुक्ला एक हत्या के मामले में आरोपी की जमानत याचिका में शिकायतकर्ता का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। 16 मई को उन्होंने आरोपी का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता द्वारा दी गई दलीलों का जवाब देने के लिए कानूनी और संवैधानिक प्रस्तुतियां देने के लिए स्थगन की मांग की। कोर्ट ने अनुरोध को अस्वीकार करते हुए कहा कि शिकायतकर्ता के अनुरोध पर मामले में पहले ही कई स्थगन दिए जा चुके हैं। अधिवक्ता ने एक दिन बाद दाखिल अपनी लिखित प्रस्तुतियों में उन्होंने न्यायालय पर पक्षपात का आरोप लगाया। अधिवक्ता ने आरोप लगाया कि न्यायालय का पूरा दृष्टिकोण पक्षपातपूर्ण और ईमानदार नहीं था, जिसमें माननीय न्यायाधीश भी शामिल हैं। कोर्ट ने अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त लिखित प्रस्तुतियों पर आपत्ति जताते हुए कहा कि अधिवक्ता ने अपने तर्कों के समर्थन में कोई विशिष्ट उत्तर नहीं दिया है बल्कि उन्होंने न्यायालय पर ही आरोप लगाया कि अदालत पक्षपाती और बेईमान है।

# बालों की चोटी से गला कसकर महिला की हत्या

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर/ मैगलगंज

▸▸ अर्धनग्न अवस्था में पड़ा मिला था शव, दुष्कर्म की आशंका

**अमृत विचार :** थाना मैगलगंज क्षेत्र में सोमवार देर रात शौच करने गई एक महिला (28) का अर्द्धनग्न अवस्था में शव गन्ने के खेत में मिला। महिला की गर्दन उसके बालों की चोटी व कुर्ते से कसी हुई थी। नाक पर चोट के गहरे निशान थे। दुष्कर्म के बाद महिला की हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। सीओ ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस जांच कर रही है।

थाना मैगलगंज क्षेत्र की महिला सोमवार रात करीब 10:30 बजे घर से शौच करने की बात कहकर निकली थी, लेकिन जब देर तक घर नहीं पहुंची तो परिवार वालों ने उसकी खोजबीन शुरू की। मंगलवार की सुबह 6 बजे ग्रामीणों को गांव से करीब दो किलोमीटर दूर एक गन्ने के खेत में उसका शव अर्द्धनग्न अवस्था में पड़ा देखा गया। नाक और चेहरे पर चोटों के गहरे निशान थे। कान से भी खून निकल रहा था। गले में उसके ही बालों की चोटी और कुर्ती की पट्टी कसी थी। प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस हर पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह पता चल सकेगी।

# नौकरानी की आत्महत्या मामले में सपा विधायक को राहत

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ विधायक की पत्नी और बेटे की भी जमानत अर्जी मंजूर

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नाबालिग नौकरानी की आत्महत्या मामले में भदोही से समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक जाहिद बेग और उनके परिवार को बड़ी राहत देते हुए उनकी जमानत अर्जी स्वीकार कर ली है। अब विधायक का जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया, साथ ही विधायक की पत्नी सीमा बेग की अग्रिम जमानत अर्जी और बेटे जईम बेग उर्फ सैफी की भी जमानत अर्जी मंजूर कर ली गई है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने जाहिद बेग व दो अन्य की याचिका पर पारित किया। मालूम हो कि 14 सितंबर 2024 को भदोही थाने में एसआई हरदत्त पांडेय की तहरीर पर सपा विधायक जाहिद बेग और उनकी पत्नी और बेटे के खिलाफ नाबालिग किशोरी से मजदूरी कराने और नाबालिग को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया था। 9 सितंबर 2024 को विधायक के घर में नाबालिग नौकरानी मृत पाई गई थी। इसके बाद भदोही पुलिस ने विधायक के बेटे जईम को गिरफ्तार किया था और विधायक जाहिद बेग ने कोर्ट में सरेंडर किया था। विधायक की पत्नी सीमा बेग अब तक फरार चल रही थीं।

# वैष्णो देवी-गुवाहाटी समर स्पेशल के संचालन में विस्तार

**मुरादाबाद :** गर्मियों में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने समर स्पेशल ट्रेनों के संचालन में विस्तार करने का निर्णय लिया है। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि माता वैष्णो देवी कटड़ा-गुवाहाटी स्पेशल ट्रेन और इसके रिवर्स रूट पर चलने वाली गाड़ी के फेरों में बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने बताया कि ट्रेन संख्या 04606 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से गुवाहाटी स्पेशल ट्रेन का संचालन 30 मई तक प्रस्तावित था, जिसे अब बढ़ाकर 6 जून से 11 जुलाई तक कर दिया गया है। इस अवधि में यह ट्रेन हर शुक्रवार को श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से चलेगी।

# फर्जी कस्टम इंस्पेक्टर बनकर रचाया ब्याह, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ पुलिस ने यूट्यूबर को हिरासत में लेकर शुरू की पूछताछ, वर्दी की तलाश

**अमृत विचार :** बारादरी पुलिस ने फर्जी कस्टम इंस्पेक्टर बनकर गांव की ही युवती से ब्याह रचाने वाले यूट्यूबर को मंगलवार को हिरासत में लिया है। दहेज की मांग और फर्जी सीजीएसटी इंस्पेक्टर की हकीकत सामने आने पर पीड़िता ने थाना बारादरी में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

हाफिजगंज निवासी शहजाद अमहद यूट्यूबर है। उसने वर्दी पहनकर लोगों को बताना शुरू कर दिया कि वह कस्टम इंस्पेक्टर है। गांव के लोग भी उसकी बातों पर यकीन करने लगे। इसी दौरान उसने गांव की ही युवती इकरा से निकाह कर लिया। निकाह के बाद आरोपी शहजाद और उसकी मां शहनाज दहेज की मांग करते हुए इकरा का उत्पीड़न करने लगे। इसी बीच शहजाद जब दो माह तक ड्यूटी पर नहीं गया तो इकरा के भाई को शक हुआ। इसी दौरान आरोपी ने दहेज की मांग करते हुए इकरा को तीन तलाक की धमकी देकर घर से निकाल दिया। तब इकरा ने एसएसपी से मामले की शिकायत की। इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय ने बताया कि अपने कस्टम इंस्पेक्टर बताने वाले आरोपी को हिरासत में लिया गया है।




प्रदर्शन

प्रयागराज में उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के कार्यालय के बाहर भर्ती की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन करते शिक्षण अभ्यर्थी। ● एजेंसी

# दो आईएएस समेत 12 अधिकारी निलंबित

मुख्य संवाददाता, देहरादून

▸▸ हरिद्वार नगर निगम जमीन घोटाले में मुख्यमंत्री का सख्त रुख, प्रदेश में बड़ी कार्रवाई

**अमृत विचार :** धामी सरकार ने भ्रष्टाचार पर एक और कड़ा प्रहार किया है। नगर निगम हरिद्वार में कूड़े की जमीन करोड़ों रुपये में खरीदने के आरोपों की जांच के बाद मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर दो आईएएस (भारतीय प्रशासनिक सेवा) अधिकारी और एक पीसीएस (प्रांतीय सिविल सेवा) अधिकारी समेत सात अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया।

निलंबित अधिकारियों में हरिद्वार के वर्तमान जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह भी शामिल हैं। इस मामले में तीन अधिकारी पूर्व में ही निलंबित हो चुके हैं, जबकि दो की सेवाएं समाप्त की जा चुकी हैं। इस प्रकरण में अब तक 12 अधिकारियों और कार्मिकों पर कार्रवाई हो चुकी है। इस भूमि का विक्रय पत्र निरस्त करते हुए घोटाले की विजिलेंस जांच के साथ ही ऑडिट और रिकवरी भी कराई जाएगी। मामले के अनुसार, हरिद्वार नगर निगम द्वारा ग्राम सराय में कूड़े के ढेर के पास स्थित अनुपयुक्त 2.3070 हेक्टेयर भूमि को करोड़ों रुपये में खरीदने पर सवाल उठने के बाद मुख्यमंत्री ने इस प्रकरण की जांच के आदेश दिए थे, जिसके बाद सचिव रणवीर सिंह चौहान ने मामले की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट 29 मई को ही शासन को सौंपी थी। इसी जांच रिपोर्ट के आधार पर मुख्यमंत्री ने कार्मिक विभाग को दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे, जिस पर मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद कार्मिक एवं सतर्कता विभाग ने मंगलवार को सात आरोपी अधिकारियों हरिद्वार नगर निगम के तत्कालीन प्रशासक और हरिद्वार के मौजूदा जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह, तत्कालीन नगर आयुक्त वरुण चौधरी, तत्कालीन एसडीएम अजयवीर सिंह, वरिष्ठ वित्त अधिकारी निकिता बिष्ट, वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक विक्की, रजिस्ट्रार कानूनगो राजेश कुमार और मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कमलदास को निलंबित कर दिया।

### इन पर हो चुकी कार्रवाई

रविंद्र दयाल– प्रभारी सहायक नगर आयुक्त (**सेवा समाप्त**), वेदपाल– सम्पत्ति लिपिक (**सेवा विस्तार समाप्त**), आनंद सिंह मिश्रवाण– प्रभारी अधिशासी अभियंता (**निलंबित**), लक्ष्मी कांत भट्ट– कर एवं राजस्व अधीक्षक (**निलंबित**), दिनेश चंद्र कांडपाल– अवर अभियंता (**निलंबित**)

# जवानों के वेतन भत्ते के मामलों का त्वरित निस्तारण होगा

**बरेली :** कैंट स्थित जाट रेजिमेंटल सेंटर के निकट निर्मित वेतन लेखा कार्यालय (अन्य श्रेणी) के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन मंगलवार को रक्षा लेखा महानियंत्रक (आईडीएएस) डॉ. मयंक शर्मा ने किया। उन्होंने जवानों के वेतन एवं भत्तों के त्वरित निस्तारण के लिए कर्मचारियों से कार्य की गुणवत्ता बढ़ाने का आह्वान किया। रक्षा लेखा नियंत्रक (सेना) मेरठ आईडीएएस तरुण कुमार जाजोरिया ने आधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस भवन में पर्याप्त कार्यालय कक्ष, कामकाजी महिलाओं के लिए आराम गृह, बच्चों के लिए क्रेच, आधुनिक तकनीक से सुसज्जित सम्मेलन कक्ष का निर्माण किया गया है।

# छह लड़कियां यमुना में डूबीं, 4 की मौत

आगरा, एजेंसी

आगरा जिले में मंगलवार की सुबह हुए एक बड़े हादसे में यमुना नदी में नहाने गईं छह लड़कियां डूब गईं। इनमें से दो लड़कियों को बचा लिया गया जबकि चार अन्य की डूबने से मौत हो गई।

यह हादसा थाना सिकंदरा क्षेत्र के ग्राम नगला नाथू में हुआ। मृत लड़कियों की आयु नौ से 18 साल के बीच बताई गई है। सभी एक ही परिवार के भाइयों की संतानें थीं। मृतकों में तीन सगी और एक चचेरी बहन थी। स्थानीय गोताखोरों ने उन्हें नदी से निकाला। बचाई गई दो लड़कियों की हालत गंभीर है, उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### रास्ता खराब होने से नहीं पहुंच सकी एंबुलेंस

सूचना पर जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी और एडीशनल पुलिस आयुक्त राम बदन सिंह, नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। जिन दो लड़कियों को बचाया गया, उन्हें प्रभा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। गांव का रास्ता ठीक न होने के कारण एंबुलेंस घटनास्थल तक नहीं पहुंच सकी। लोगों को निजी बाइक से ही लड़कियों को अस्पताल ले जाना पड़ा।

▸▸ मंगलवार को आगरा जिले के थाना सिकंदरा क्षेत्र में हुआ हादसा

▸▸ मृतकों में तीन सगी और एक चचेरी बहन, दो की हालत गंभीर

हादसे से पूरा गांव शोकाकुल है।

बताया गया है कि थाना सिकंदरा के गांव नगला नाथू की 7-8 लड़कियां सुबह 10 बजे के करीब यमुना नदी में नहाने पहुंच गईं। यह गांव नदी से बमुश्किल आठ सौ मीटर दूर है। लड़कियों ने नदी किनारे मोबाइल फोन से रीलें भी बनाई। नदी में नहाने के दौरान लड़कियां गहरे पानी में डूबने लगीं, उनका शोर सुनकर थोड़ी दूर स्थित खेतों मे काम कर रहे किसान नदी की ओर दौड़ पड़े। गांव के ही कुछ गोताखोरों ने लड़कियों को बचाने की कोशिश की। काफी मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला, तब तक चार की सांसें थम चुकी थीं। मृत लड़कियां एक ही परिवार के भाइयों की बेटियां थीं और आपस में चचेरी बहनें थीं।

# जीआरपी हेड कांस्टेबल की ट्रेन से कटकर मौत

**बरेली :** जीआरपी के हेड कांस्टेबल की मंगलवार को भोर में बेगमपुरा एक्सप्रेस से ड्यूटी से लौटते समय ट्रेन से कटकर मौत हो गई। जीआरपी इंस्पेक्टर परवेज अली के अनुसार जीआरपी बरेली में तैनात हेड कांस्टेबल विनीत कुमार यादव (27) मूलतः फर्रुखाबाद जिले के थाना क्षेत्र कंपिल के गांव बलीपुर गढ़ी निवासी थे। वह सोमवार को स्क्वायड ड्यूटी पर मुरादाबाद गए थे और मंगलवार को भोर में 4 बजे बरेली लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि वह गेट पर खड़े थे। जंक्शन से कुछ दूर पहले सुभाषनगर थाना के सामने ट्रेन पहुंची थी कि इसी दौरान वह ट्रेन से नीचे गिर गए। गंभीर हालत में विनीत को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी।

# महिला मित्र को लेकर बहस के बाद युवक की गोली मारकर हत्या

मुख्य संवाददाता, देहरादून

▸▸ मुजफ्फरनगर के युवक ने गर्दन पर मारी गोली

**अमृत विचार :** देहरादून के प्रेम नगर क्षेत्र के भाऊवाला में सोमवार आधी रात महिला मित्र को लेकर मोबाइल पर बहस होने के बाद एक युवक की गर्दन में गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या में मुजफ्फरनगर निवासी युवक और उसका साथी बताया गया। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

सेलाकुई निवासी रोहित नेगी (22) क्षेत्र में ही प्रॉपर्टी डीलिंग करता था और भाजपा का पूर्व मंडल अध्यक्ष था। रोहित के दोस्त सेलाकुई निवासी अभिषेक बर्तवाल ने थाना प्रेम नगर पर दी तहरीर में बताया कि सोमवार आधी रात 2:30 बजे वह अपने दोस्तों के साथ बोलेरो से पीपल चौक मांडुवाला आया था, जहां बाइक से दो युवक आए। इनमें से एक युवक ने उसके दोस्त रोहित नेगी की गर्दन में गोली मार दी। अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने हत्या की धारा में अभियोग दर्ज कर लिया।

थानाध्यक्ष मोहन सिंह के अनुसार, प्रारंभिक जांच में हत्या में मुजफ्फरनगर निवासी अजहर मलिक का सामने आया है। रोहित के एक दोस्त की महिला मित्र से अजहर की भी जान पहचान है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि इस घटना की जांच की जा रही है।

# अनुष्ठान का श्रीगणेश, देव प्रतिमाओं का किया गया शुद्धिकरण

## राम मंदिर : प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दूसरे चरण के पहले दिन विधि-विधान से हुआ पूजन, प्रथम तल की तस्वीरें आईं सामने

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार :** राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय चरण में प्रथम तल पर राम दरबार समेत परकोटा के छह देव स्थलों पर मंगलवार को अनुष्ठान शुरू हुआ। मुख्य विद्वान जयप्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में 101 वैदिक आचार्यों ने सभी देव पीठ स्थलों पर सुबह 6:30 से विधि-विधान पूर्वक पूजन शुरू किया, जो पांच जून को सुबह 11 बजे तक होगा। इसके बाद प्राण प्रतिष्ठा होगी।


ट्रस्ट की ओर से मंगलवार को जारी की गई राममंदिर के प्रथम तल की तस्वीर।

राम मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित राम दरबार पर मुख्य यजमान के रूप में राम मंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने वैदिक आचार्यों के साथ पूजन कराया। अलग-अलग देवालायों में गर्भगृह को वैदिक आचार्यों ने पवित्र जल समर्पित कर मूर्तियों का शुद्धिकरण कर अनुष्ठान प्रारंभ किया। पहले दिन यज्ञशाला में 51 वैदिक आचार्य के द्वारा वेदी पूजन, षोडश मात्रिका व सप्त मात्रिका पूजन, योगिनी पूजन, वास्तु पूजन, क्षेत्र पाल पूजन, सर्वतोभद्र पूजन, नवग्रह पूजन, यज्ञकुंड संस्कार, अरणि मंथन व 1975 मंत्रोच्चारण से यज्ञकुंड में अग्नि स्थापन, कुश कंडिका, प्रणिता प्रोक्षनी स्थापन, अग्नि सिंचन के बाद पंच वारुणी हवन से पूजन किया जा रहा है। इसके बाद पीठ स्थापित देवताओं का आह्वान व पूजन किया जाएगा, फिर मूर्तियों के संस्कार की विधि शुरू होगी।

### ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय बोले-प्राण प्रतिष्ठा शब्द सुनकर अयोध्या न आएं

श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि जहां एक ओर श्रीराम अपने दरबार सहित मंदिर में विराजेंगे, वहीं उसी दिन मुख्यमंत्री योगी का जन्मदिवस भी है। इस विशेष अवसर पर ट्रस्ट की ओर से उन्हें आमंत्रित किया गया है, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। चंपत राय ने कहा कि तीन, चार, पांच जून को किसी को आमंत्रित नहीं किया गया है। कोई भी प्राण प्रतिष्ठा शब्द सुनकर अयोध्या न आए। दर्शन करने को ही आएं।

### अनुष्ठान स्थल पर मोबाइल फोन ले जाना रहा वर्जित

राम मंदिर परिसर में आयोजित द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। कर्मकांड आचार्य से लेकर इस अनुष्ठान को संपन्न कराने में लगे कर्मचारियों तक को मोबाइल व अन्य किसी भी प्रकार का समान ले जाना वर्जित किया गया है। सीसीटीवी कैमरे से पूरे अनुष्ठान पर निगरानी रखी जा रही है।

## एक नजर

### पीएनबी ने शिक्षा ऋण पर ब्याज दर 0.2% घटाई

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक ने विद्या लक्ष्मी योजना के तहत शिक्षा ऋण पर ब्याज दर में 0.2 प्रतिशत की मंगलवार को कटौती की। बैंक ने बयान में कहा कि यह पहल शिक्षा की सुलभता बढ़ाने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। इसमें कहा गया, यह पहल उन अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध है जो समूचे भारत में 860 चिन्हित गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों में मेरिट के आधार पर प्रवेश प्राप्त करते हैं।

### भारत में कर व्यवस्था को और भरोसेमंद बनाएं

**नई दिल्ली।** वैश्विक विमानन कंपनियों के समूह आईएटीए ने कहा कि भारत की कर प्रणाली को और भरोसेमंद बनाने की जरूरत है। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक है। और बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए एयरलाइन कंपनियां अपने बेड़े और नेटवर्क का विस्तार कर रही है। अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) के महानिदेशक विली वॉल्श ने कहा कि भारत के विमानन बाजार में वृद्धि दर चीन से अधिक होगी।

# जवाबी शुल्क पर दोहरी रणनीति अपनाएं

## नीति आयोग ने एक रिपोर्ट में अमेरिकी शुल्क के संबंध में भारत को दी सलाह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका के जवाबी शुल्क लगाए जाने के बाद भारत को दोहरी नीति अपनानी चाहिए। इसके तहत अमेरिका से आयातित गैरसंवेदनशील कृषि वस्तुओं पर चुनिंदा रूप से उच्च शुल्क कम करने के साथ घरेलू आपूर्ति में कमी को पूरा करने के लिए रणनीतिक रूप से रियायतें भी देनी चाहिए। नीति आयोग ने अपनी एक रिपोर्ट यह कहा है।

आयोग ने 'नई अमेरिकी व्यापार व्यवस्था के तहत भारत-अमेरिका कृषि व्यापार को बढ़ावा' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के कृषि क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अत्यधिक अस्थिरता की स्थिति से निपटने को लेकर उत्पादकों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए मूल्य



● अमेरिका से आयातित गैर संवेदनशील कृषि वस्तुओं पर उच्च शुल्क कम करने का सुझाव

स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है। इसमें कहा गया, अब दोहरी नीति अपनाना आवश्यक है। अल्पावधि में भारत को गैर-संवेदनशील आयात पर चुनिंदा रूप से उच्च शुल्क कम करने और पॉल्ट्री जैसे कमजोर माने जाने वाले क्षेत्रों पर गैर-शुल्क रक्षोपाय कदमों पर बातचीत करने पर विचार करना चाहिए।

रिपोर्ट के अनुसार जनवरी, 2025 में डोनाल्ड ट्रंप के फिर से अमेरिका के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद अमेरिकी निर्यात पर 'जवाबी शुल्क' की अचानक घोषणा और बाजार में पहुंच बढ़ाने से दुनियाभर में खासकर अमेरिका के व्यापारिक साझेदारों को झटका लगा। भारत जहां घरेलू आपूर्ति में अंतर है, उसमें रणनीतिक रूप से रियायतें दे सकता है। इनमें खाद्य तेल और बादाम, अखरोट आदि शामिल हैं।

भारत खाद्य तेल का सबसे बड़ा आयातक है और अमेरिका के पास सोयाबीन का बहुत बड़ा निर्यात अधिशेष है, जो जीन संवर्धित है। ऐसे में भारत अमेरिका को सोयाबीन तेल के आयात में कुछ रियायत दे सकता है ताकि उस देश में मांग पूरी की जा सके और घरेलू उत्पादन को नुकसान पहुंचाए बिना व्यापार असंतुलन को कम किया जा सके।

### अमेरिका से व्यापार समझौते पर सहमति की उम्मीद

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच निकट भविष्य में व्यापार समझौते होने की उम्मीद है क्योंकि दोनों देशों के बीच समझौते के प्रारूप को लेकर सहमति बन गई है। लुटनिक ने सोमवार को यहां अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) नेतृत्व शिखर सम्मेलन के आठवें संस्करण में अपने मुख्य भाषण में कहा कि जब दोनों ओर से सही लोग वार्ता के सामने आते है तो लगता है कि यह दोनों के लिए उचित होता है। उन्होंने कहा, आप निकट भविष्य में अमेरिका और भारत के बीच एक समझौते की उम्मीद कर सकते हैं। देशों के बीच समझौते के ऐसे प्रारूप को लेकर सहमति बन गई है जो दोनों के लिए हितकारी है।

## पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर का पैकेज

**इस्लामाबाद।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर के पैकेज को मंजूरी दी है। यह राशि राजकोषीय स्थिति को मजबूत करने और सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन में सुधार के लिए दी जा रही है।

वित्त मंत्री के सलाहकार खुर्रम शहजाद ने सोशल मीडिया पर एक संक्षिप्त बयान में इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि कुल राशि में 30 करोड़ डॉलर का नीति-आधारित ऋण और 50 करोड़ डॉलर की कार्यक्रम-आधारित गारंटी शामिल है। उन्होंने कहा, एडीबी ने संसाधन जुटाने के सुधार कार्यक्रम के तहत पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर के वित्त पोषण पैकेज को मंजूरी दी है। पाकिस्तान के लिए एडीबी की क्षेत्रीय निदेशक एम्मा फैन ने कहा, पाकिस्तान ने वृहद आर्थिक स्थितियों में सुधार लाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

## मेकमाईट्रिप ने शुरू की सीट उपलब्धता पूर्वानुमान सेवा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

यात्रा बुकिंग मंच मेकमाईट्रिप ने ट्रेनों में सीट उपलब्धता की जानकारी देने की सेवा शुरू की। इससे यात्रियों को किसी ट्रेन की टिकट कब तक उपलब्ध रहेगी, यह जानकारी मिलेगी ताकि वे समय पर अपनी टिकट बुक करा लें।

गुरुग्राम स्थित कंपनी ने सोमवार को यह सेवा पेश की। बयान के अनुसार, भारत में आरक्षित रेल टिकट की बुकिंग प्रस्थान तिथि से 60 दिन पहले शुरू होती है। हालांकि, अधिकतर यात्री अपनी योजना को प्रस्थान तिथि के बहुत करीब आने पर ही अंतिम रूप देते हैं।

अमेरिकी शेयर बाजार नैस्डैक में सूचीबद्ध कंपनी ने कहा, सप्ताह-दर-सप्ताह मांग में काफी बदलाव होने के कारण कन्फर्म बुकिंग की अवधि बदलती रहती है। अप्रैल में



● मिलेगी जानकारी कब तक उपलब्ध रहेगा टिकट, समय पर बुकिंग करा सकेंगे रेलयात्री

अधिकतर हाई-स्पीड ट्रेन की टिकट प्रस्थान तिथि से करीब 13 दिन पहले ही बिक जाती हैं। मई तक बढ़ती मांग के कारण, वे आमतौर पर प्रस्थान से 20 दिन पहले ही बुक हो जाती हैं।

बयान में कहा गया कि इससे यात्रियों को यह पता होता है कि उन्हें कौन सी ट्रेन की टिकट लेनी है लेकिन वे इस बात का अंदाजा नहीं लगा पाते कि आखिर ये टिकट कब तक उपलब्ध रहेगी। इससे समय पर योजना बनाना कठिन हो जाता है। यह सेवा मेकमाईट्रिप ऐप और वेबसाइट दोनों पर उपलब्ध है।

# भारत बनाएगा पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत

**ओस्लो, एजेंसी**

केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की मौजूदगी में मंगलवार को यहां कोलकाता की गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड और नॉर्वे की कंपनी कॉन्ग्सबर्ग के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता किया जिससे भारत को अपना पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत स्वदेश में बनाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

इस मौके पर सोनोवाल ने कहा, यह समझौता उम्मीद और प्रगति की एक किरण है, जो भारत की वैज्ञानिक उन्नति और सतत विकास



● नार्वे की कंपनी से हुआ समझौता स्वदेश में ही होगा निर्माण

के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हम सिर्फ एक पोत नहीं बना रहे, बल्कि नवाचार, खोज और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की एक विरासत बना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह समझौता भारत की वैज्ञानिक खोज, ध्रुवीय और समुद्री अनुसंधान में क्षमता वृद्धि और जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में योगदान का संकल्प है।

उन्होंने कहा कि यह पोत अत्याधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों से लैस होगा, जिससे शोधकर्ता समुद्र की गहराई, समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र का अध्ययन और ग्रह के अतीत, वर्तमान और भविष्य की जानकारी जुटा सकेंगे। यह भारत की जहाज निर्माण क्षमताओं का प्रमाण होगा, जो 'मेक इन इंडिया' पहल को और आगे बढ़ाएगा। उन्होंने सभी संबंधित पक्षों को उनकी प्रतिबद्धता के लिए बधाई देते हुये कहा मैं उस दिन का इंतजार कर रहा हूं जब यह ध्रुवीय अनुसंधान पोत रवाना होगा।

## भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात 10 माह के उच्चस्तर पर

**नई दिल्ली।** भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात मई में बढ़कर 10 महीने के उच्चस्तर 19.6 लाख बैरल प्रति दिन पर पहुंच गया है। वैश्विक बेंचमार्क कीमतों की तुलना में रूसी तेल पर लगातार मिलने वाली महत्वपूर्ण छूट इसकी मुख्य वजह रही। केप्लर के पोत परिवहन गतिविधियों से जुड़े आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आयातक है। यह विदेशों से करीब 51 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदता है जिससे रिफाइनरियों में पेट्रोल एवं डीजल जैसे ईंधन में बदला जाता है। भारत का तेल आपूर्तिकर्ताओं में रूस की सबसे बड़ी 38 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी है। वहीं इराक से भारत को प्रतिदिन 12 लाख बैरल कच्चा तेल मिलता है। इराक देश के लिए दूसरा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। सऊदी अरब ने 6,15,000 बैरल प्रति दिन का निर्यात किया, जबकि संयुक्त अरब अमीरात ने 4,90,000 बैरल प्रति दिन की आपूर्ति की।

# तीसरे दिन भी सेंसेक्स में 636 अंकों की गिरावट

**मुंबई, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को तीसरे दिन भी गिरावट जारी रही, जिससे सेंसेक्स 636 अंक और निफ्टी 174.10 अंक टूटकर नीचे आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता के बीच चौतरफा बिकवाली ने बाजार को काफी प्रभावित कर रखा है। घरेलू शेयर बाजार में तीसरे दिन ऊर्जा, वित्त और आईटी के शेयरों में बिकवाली देखने को मिली।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई का सेंसेक्स 636.24 अंक गिराकर 80,737.51 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 798.66 अंक तक टूटा



● विदेशी निवेशकों की निकासी और चौतरफा बिकवाली ने किया प्रभावित

● अदाणी ग्रुप की 11 सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में भी दर्ज की गई गिरावट

था। एनएसई का निफ्टी 174.10 अंक टूटकर 24,542.50 अंक पर बंद हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,266 शेयरों में गिरावट आई जबकि 1,731 शेयरों में तेजी रही। 147 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, मिले-जुले वैश्विक संकेतों, वैश्विक स्तर पर तनाव और कमजोर अमेरिकी डॉलर के साथ अस्थिर मुद्रा बाजार के बीच घरेलू बाजार में गिरावट रही। आरबीआई के नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद से रियल एस्टेट कंपनियों के शेयरों को छोड़कर सभी क्षेत्रों में मुनाफावसूली हुई। उन्होंने कहा कि बेहतर आय वृद्धि और मूल्यांकन में कमी से मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बड़ी कंपनियों की तुलना में अपेक्षाकृत कम गिरावट देखने को मिल रही है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में अडाणी पोर्ट्स में 2.42 प्रतिशत की गिरावट आई।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### लापता जवानों की तलाश के लिए छातेन पहुंची टीम

**गंगटोक।** छातेन में सेना के एक शिविर के भूस्खलन की चपेट में आने के बाद लापता हुए छह सैनिकों की तलाश के लिए मंगलवार को एनडीआरएफ के 23 कर्मियों का एक दल नार्थ सिक्किम के छातेन भेजा गया। एक अधिकारी ने बताया कि एनडीआरएफ का दल सैटेलाइट फोन और आवश्यक आपातकालीन उपकरणों से लैस है। टीम को लेकर एक हेलीकॉप्टर मंगलवार को पाकयोंग हवाई अड्डे से छातेन के लिए रवाना हुआ। छातेन में एक सैन्य शिविर के भूस्खलन की चपेट में आने के बाद तीन सैन्यकर्मियों की मौत हो गई और छह सैनिक लापता हो गए।

### कोरोना: पांच और की मौत सक्रिय मामले हुए 4026

**नई दिल्ली।** देशभर में कोराना संक्रमण के कुल सक्रिय मामलों की संख्या मंगलवार सुबह बढ़कर 4026 तक पहुंच गई। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से पांच और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 37 पहुंच गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार अब तक 2700 मरीजों को स्वस्थ्य होने पर अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और एक जनवरी से अब तक 37 लोगों की मौत हुई है। पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 65 सक्रिय मामले सामने आए हैं।

### कन्नड भाषा पर टिप्पणी के लिए हासन को फटकार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को अभिनेता कमल हासन को उनके हालिया विवादास्पद बयान (कन्नड़ भाषा तमिल से निकली है) को लेकर कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि इस टिप्पणी ने कन्नड़ लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। कोर्ट ने हासन से पूछा कि क्या वह इतिहासकार या भाषाविद् हैं, जो ऐसा दावा कर रहे हैं। हासन की फिल्म ठग लाइफ के सहनिर्माता राजकमल फिल्म्स इंटरनेशनल की याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने कहा कि हासन के माफी मांगने से मामला सुलझ जाएगा।

### क्षीर भवानी मेले में शामिल हुए कश्मीरी पंडित

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में गंदेरबल जिले के तुलमुल्ला में मंगलवार को बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडित वार्षिक क्षीर भवानी मेले में शामिल होने के लिए एकत्र हुए। यह मेला कश्मीरी पंडित समुदाय के लिए सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजनों में से एक है। पिछले साल 25,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना की थी। इस साल सुरक्षा चिंताओं के कारण भागीदारी प्रभावित हुई है, फिर भी काफी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे।

# संसद का विशेष सत्र बुलाएं प्रधानमंत्री

## पहलगाम हमले पर चर्चा के लिए विपक्ष के 16 दलों ने प्रधानमंत्री मोदी से किया आग्रह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस, सपा और तृणमूल कांग्रेस समेत विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के 16 घटक दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर पहलगाम आतंकी हमले, 'ऑपरेशन सिंदूर' और अमेरिका के संघर्ष विराम की घोषणा किए जाने से जुड़े मुद्दों चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया है। इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले नेताओं में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रमुख हैं।

मंगलवार को एक बैठक के बाद कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने संवाददाताओं से कहा, इंडिया गठबंधन के 16 राजनीतिक दलों ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा है कि संसद का विशेष सत्र बुलाया



● सशस्त्र बलों को धन्यवाद अदा करने और आगे की रणनीति पर चर्चा करने की जताई मंशा

जाना चाहिए। पहलगाम आतंकवादी हमले तथा भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष के दौरान, सभी विपक्षी दल हमारे सशस्त्र बलों और भारत सरकार के समर्थन में खड़े थे। जब अमेरिका ने संघर्षविराम की घोषणा की, तो हमने मांग की कि संसद का एक विशेष सत्र बुलाया जाए ताकि सभी दल हमारे सशस्त्र बलों को धन्यवाद दे सकें तथा सरकार बिंदुवार अपनी बात रखे।

हुड्डा ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले से लेकर 'ऑपरेशन सिंदूर' और अमेरिका के संघर्ष विराम का एलान किए जाने तक पर विभिन्न विषयों पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। आतंकवाद को कैसे खत्म किया जाए, इस पर और अपनी आगे की रणनीति पर भी संसद में हमें चर्चा करनी चाहिए। अब जब भारत सरकार दुनिया के सामने अपने विचार रख रही है तो मुझे लगता है कि सरकार को संसद में भी ऐसा ही करना चाहिए।

तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन ने कहा, सरकार संसद के प्रति उत्तरदायी है, संसद जनता के प्रति उत्तरदायी है। इसलिए हम संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं। सपा के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव ने कहा, हम सरकार से जानना चाहते हैं कि किन देशों ने हमारा समर्थन किया।

### राहुल गांधी ने कहा- ट्रंप' के आगे नरेंदर सरेंडर

**भोपाल।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के आगे सरेंडर करने का तीखा आरोप लगाया। राहुल यहां प्रदेश कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान की शुरूआत करने आए थे। उन्होंने कहा, बीजेपी आरएसएस वालों को मैं अच्छी तरह जानता हूं। इन पर थोड़ा सा दबाव डालो, थोड़ा सा धक्का मारो, डरके भाग जाते हैं ये लोग। जैसे उधर से ट्रंप ने एक इशारा किया, फोन उठाया, कहा मोदी जी, क्या कर रहे हो...'नरेंद्र सरेंडर'। और जी हुजूर करके, नरेंद्र मोदी जी ने, ट्रंप के इशारे का पालन किया। कांग्रेस नेता ने कहा, मोदी सरकार ने कांग्रेस के दबाव में जातिगत आधार पर जनगणना का फैसला लिया है, लेकिन वे खानापूर्ति करना चाहते हैं।

### महबूबा ने कहा- पंडितों के बिना कश्मीर अधूरा

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री तथा पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को कहा कि कश्मीरी पंडितों के बिना कश्मीर अधूरा है और किसी भी राजनीतिक प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए उन्हें अहम भूमिका निभानी होगी। महबूबा ज्येष्ठ अष्टमी के अवसर पर कश्मीरी पंडितों के समुदाय को बधाई देने गंदेरबल जिले के तुलमुला गई थीं। गंदेरबल में उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर पंडितों बिना अधूरा है। पीडीपी का मानना है कि जम्मू-कश्मीर मुद्दे को बंदूकों से नहीं सुलझाया जा सकता। इसका कोई सैन्य समाधान नहीं है और आतंकवादियों की बंदूक भी इसका समाधान नहीं है। इसके लिए राजनीतिक प्रक्रिया होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक कश्मीरी पंडित भाई-बहन कश्मीर में वापस नहीं लौटते, तब तक राजनीतिक प्रक्रिया संभव नहीं है।

## भगवंत मान के विवादित बयान पर भाजपा ने जताई आपत्ति

**चंडीगढ़, एजेंसी**

● पंजाब के सीएम ने कहा- क्या मोदी के नाम का सिंदूर लगाएंगी महिलाएं

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने घर-घर सिंदूर भेजने की भाजपा की कथित योजना को लेकर मंगलवार को विवादित टिप्पणी की। मान ने संवाददाताओं से बातचीत में भाजपा की घर-घर सिंदूर बांटने की कथित योजना पर पूछे गए सवाल पर कहा, क्या यह वन नेशन, वन हसबैंड योजना है।

उन्होंने कहा, भाजपा ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर वोट मांग रही है। इन लोगों ने 'सिंदूर' को मजाक में बदल दिया है। वे हर घर में सिंदूर भेज रहे हैं। क्या अब आप मोदी के नाम का 'सिंदूर' लगाएगे। पिछले दिनों मीडिया में ऐसी खबरें थीं कि पाकिस्तान के आतंकवादियों के खिलाफ सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के मद्देनजर भाजपा घर-घर सिंदूर भिजवाएगी, हालांकि भाजपा ऐसा कोई कार्यक्रम चलाने का पहले ही खंडन कर चुकी है।

मान की टिप्पणी की भाजपा नेता एवं हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा, पंजाब के मुख्यमंत्री पहले कॉमेडियन भी रहे हैं और राजनीति में भी ये कॉमेडी करना चाहते हैं।

### भविष्य के जांबाज



राष्ट्रीय एकता यात्रा के तहत द्रास (लद्दाख) के आर्मी गुडविल स्कूल छात्रों का एक समूह मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिला। राष्ट्रपति ने बातचीत के दौरान उनसे भविष्य के इरादों के बारे में पूछा। एजेंसी

## पंजाब: गुरुद्वारे में एसी कंप्रेसर फटने से महिला की मौत

**रूपनगर (पंजाब)।** रूपनगर में सतलुज नदी के किनारे एक गुरुद्वारे में मंगलवार को एसी का कंप्रेसर फटने से एक महिला की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए। यह घटना एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान हुई। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट का कारण तुरंत पता नहीं चल पाया है। विस्फोट के बाद गुरुद्वारे में मौजूद लोग भागने लगे। घायलों में ज्यादातर महिलाएं हैं, जो एसी के पास बैठी थीं। कुछ लोग इसके बाद हुई भगदड़ में घायल हो गए। मृत महिला की पहचान रूपनगर के हरगोबिंद नगर निवासी कश्मीर कौर के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को चंडीगढ़ स्थित पीजीआईएमईआर में रेफर कर दिया गया है।

## पॉक्सो मामले के आरोपी को सामुदायिक सेवा करने का दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) मामले के एक आरोपी को सरकारी अस्पताल में सामुदायिक सेवा करने और युद्ध हताहत सेना कल्याण कोष में 50,000 रुपये जमा करने का निर्देश दिया है। साथ ही अदालत ने उसके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द कर दिया।

न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने एक नाबालिग स्कूली छात्रा को पैसे की मांग पूरी न करने पर उसकी निजी तस्वीरें सार्वजनिक करने की धमकी देने वाले आरोपी के आचरण को अस्वीकार करते हुए कहा कि इस तरह का व्यवहार डिजिटल मंच के घोर दुरुपयोग और सहमति और निजी गरिमा के प्रति चिंताजनक अनादर को दर्शाता है। अदालत ने कहा कि आरोप निस्संदेह गंभीर हैं, जिसमें एक नाबालिग लड़की के उत्पीड़न और शोषण के आरोप शामिल हैं, जो सोशल मीडिया युग के नकारात्मक पहलुओं का प्रतीक है।

# संसद के अगले सत्र में न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ लाया जाएगा महाभियोग प्रस्ताव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार संसद के आगामी सत्र में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाएगी और कथित भ्रष्टाचार के मामले में आरोपों का सामना कर रहे इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के खिलाफ कार्रवाई के लिए सर्वदलीय सहमति बनाने का प्रयास करेगी।

सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू विभिन्न दलों के नेताओं से

● संसदीय कार्य मंत्री विभिन्न दलों के नेताओं से करेंगे बात

बात करेंगे ताकि उन्हें तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति की न्यायाधीश के खिलाफ सौंपी गई रिपोर्ट के बाद उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव के लिए राजी किया जा सके। इस वर्ष मार्च में राष्ट्रीय राजधानी स्थित न्यायमूर्ति वर्मा के आवास पर आग लगने की घटना हुई थी, जिसके बाद कथित तौर पर जली हुई नकदी बरामद हुई। उस समय न्यायमूर्ति वर्मा दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायाधीश थे। न्यायाधीश वर्मा ने खुद को निर्दोष बताया, लेकिन उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति ने उन्हें दोषी ठहराया। विवाद के दौरान इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित किए गए न्यायमूर्ति वर्मा को इस्तीफा देने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने इससे इनकार कर दिया। इसके बाद न्यायमूर्ति खन्ना ने न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखा।

## प. बंगाल: बजरंग दल के तीन कार्यकर्ता फिर पुलिस रिमांड पर

**सिलीगुड़ी।** पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी के माटीगाड़ा थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित मांस से लदे वाहन में आग लगाने के आरोप में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) से संबद्ध बजरंग दल के तीन कार्यकर्ता एक बार फिर से पुलिस रिमांड पर भेजे गए हैं। आरोपियों में कृष्णा साह (25), अमित कुमार गुप्ता (35) और मिथलेश उर्फ योगेश गौहर (29) शामिल हैं। इन तीनों कार्यकर्ताओं को माटीगाड़ा पुलिस ने पहले की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद सोमवार को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया। पुलिस ने कोर्ट से पुनः पांच दिनों की रिमांड की मांग की जबकि विहिप के लीगल सेल ने जमानत याचिका दाखिल की। सुनवाई के बाद अदालत ने तीन दिन की पुलिस रिमांड मंजूर कर दी। मामला माटीगाड़ा थाना कांड संख्या 350, दिनांक 30 मई 2025 के अंतर्गत दर्ज है, जिसमें भारतीय दंड संहिता की कई गंभीर धाराएं और बीओएफ अधिनियम व राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम की धाराएं लगाई गई हैं।

# जी-7 में प्रधानमंत्री का भाग न लेना एक और कूटनीतिक विफलता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● कांग्रेस ने किया दावा, कहा- पिछले छह सालों में पहली बार हो रहा है ऐसा

कांग्रेस ने मंगलवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जी7 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेना भारत-पाकिस्तान के बीच अमेरिका को मध्यस्थता करने देने के बाद एक और कूटनीतिक विफलता है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, अमेरिका और फ्रांस के राष्ट्रपतियों, ब्रिटेन, जापान, इटली और कनाडा के प्रधानमंत्रियों और जर्मनी के चांसलर का जी7 शिखर सम्मेलन 15 जून, 2025 से कनाडा के अल्बर्टा में हो रहा है। शिखर सम्मेलन में ब्राजील, मैक्सिको, दक्षिण अफ्रीका और यूक्रेन के राष्ट्रपति और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले जी7 कई वर्षों तक जी8 था क्योंकि इसमें रूस भी शामिल था। डॉ. मनमोहन सिंह को जी8 शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया जाता था जहां उनकी आवाज सुनी जाती थी। उन्होंने कहा, भारतीय प्रधानमंत्रियों को आमंत्रित करने की परंपरा 2014 के बाद भी जारी रही। लेकिन अब 6 साल में पहली बार 'विश्वगुरु' कनाडा सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। भले ही बातों को घुमाने का प्रयास किए जाए, तथ्य यह है कि यह एक और बड़ी कूटनीतिक विफलता है।




# आरसीबी ने पहली बार जीता आईपीएल खिताब

## पंजाब किंग्स को 6 रन से हराकर आईपीएल के आठवें चैंपियन बने रॉयल चैलेंजर्स



**अहमदाबाद, एजेंसी**

विराट कोहली और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18 साल की निराशाओं को आखिरकार भुलाते हुए पंजाब किंग्स को मंगलवार को 6 रन से हराकर पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग खिताब अपने नाम किया। जीत तय होते ही अपने आंसू पर काबू नहीं पा सके विराट मैदान पर घुटने के बल बैठकर रो पड़े। उनके साथ ही 18 साल से 'ई साला कप नामडे' का मंत्र जप रहे आरसीबी के प्रशंसकों की आंखें भी नम हो गई। अब तक तीन बार फाइनल में मिली नाकामी की यादें भी खुशी के इन आंसुओं में धुंधली हो गई।

बल्लेबाजी की मददगार पिच पर खेले गए फाइनल में आरसीबी ने दबाव का बखूबी सामना करते हुए जुझारूपन नहीं छोड़ा और जीतकर ही दम लिया। मैदान पर 'कोहली कोहली' और 'आरसीबी आरसीबी' के शोर के बीच आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 190 रन बनाये जिसमें कोहली ने 35 गेंद में 43 रन का योगदान दिया। 190 रन का स्कोर उतना बड़ा नहीं था लेकिन कृणाल पंड्या की अगुवाई में गेंदबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। पंड्या ने चार ओवर में 17 रन देकर दो विकेट लिये। वैसे मैच का निर्णायक पल रोमारियो शेफर्ड की गेंद पर पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर का विकेट था। आखिरी ओवर में पंजाब को 29 रन चाहिये थे और जोश हेजलवुड ने दूसरी डॉट गेंद डालकर जीत तय कर दी ।पंजाब के लिये शशांक सिंह (30 गेंद में 61 रन) के अलावा कोई बल्लेबाज नहीं चल सका। दूसरे क्वालीफायर में शानदार पारी खेलकर आये अय्यर एक रन बनाकर आउट हो गए। जोश इंगलिस ने 23 गेंद में 39 रन बनाये लेकिन पंड्या ने 13वें ओवर में उन्हें लांग आन पर लपकवाया। इसके बाद से हर डॉट गेंद पर 'आरसीबी आरसीबी' का शोर बढता गया। आरसीबी के लिये खेल चुके दक्षिण अफ्रीका के एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल भी खास तौर पर इस मैच के लिये यहां पहुंचे थे।

पंजाब के लिये प्रभसिमरन सिंह ने 22 गेंद में 26 रन बनाये। भुवनेश्वर सिंह ने नेहाल वढेरा (15) और मार्कस स्टोइनिस (छह) को तीन गेंद के भीतर 17वें ओवर में पवेलियन भेजा । इससे पहले अर्शदीप सिंह और काइल जैमीसन की अगुवाई में अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर पंजाब किंग्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को नौ विकेट पर 190 रन पर रोक दिया। आरसीबी के लिये कोहली 35 गेंद में 122.85 की स्ट्राइक रेट से 43 रन बनाकर आउट हो गए। कोहली ने अपनी पारी में सिर्फ तीन चौके लगाये। पावरप्ले में आरसीबी का स्कोर 1 विकेट पर 55 रन था लेकिन छठे से 11वें ओवर के बीच सिर्फ 42 रन बने।

फिल साल्ट (16) ने पहले ओवर में एक छक्का और एक चौका लगाया लेकिन अगले ओवर में विकेट गंवा बैठे। मिडआन पर खड़े पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने दस कदम से अधिक पीछे की ओर लेते हुए जैमीसन की गेंद पर शानदार ऊंचा कैच लपका। साल्ट के आउट होने का आरसीबी की पारी पर बड़ा असर पड़ा क्योंकि मयंक अग्रवाल (24), रजत पाटीदार (26) और लियाम लिविंगस्टोन (25) अच्छी शुरूआत के बावजूद बड़ी पारी नहीं खेल पाये। जैमीसन ने सटीक लैंग्थ और लाइन के साथ गेंदबाजी की और विविधता से बल्लेबाजों को उलझाये भी रखा। उन्होंने चार ओवर में 48 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि अर्शदीप ने चार ओवर में 40 रन देकर 3 विकेट चटकाये।

### रजत पाटीदार बोले- इस कप के हकदार कोहली



**अहमदाबाद।** जब आईपीएल चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के कप्तान रजत पाटीदार ने 18 साल के टीम के इंतजार के बाद कहा ' ई साला कप नामडू' (इस साल कप हमारा है) तो प्रशंसक खुशी से चीख उठे। लेकिन जब उन्होंने कहा, इसके सबसे ज्यादा हकदार विराट कोहली हैं तो शोर कई गुना बढ गया। पाटीदार ने कहा , मेरे लिये यह खास है, विराट कोहली और सभी प्रशंसकों के लिये। जिन्होंने इतने साल तक टीम का साथ दिया, वे सभी इसके हकदार हैं। मेरे लिये यह बड़ा मौका है और मैने बहुत कुछ सीखा है। इसके हकदार सबसे ज्यादा विराट कोहली हैं। उन्होंने 17 रन देकर दो विकेट लेने वाले कृणाल पंड्या की तारीफ करते हुए कहा, कृणाल विकेट लेने वाला गेंदबाज है। जब भी विकेट चाहिये होते हैं, मैं उसे गेंद सौंपता हूं। सुयश और बाकी गेंदबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। वहीं पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा, टीम के हर खिलाड़ी पर गर्व है। कई युवाओं का यह पहला सत्र था। उन्होंने बेखौफ खेला। अभी काम अधूरा है। हम अगले साल इसे जीतेंगे।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**190/9** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| फिल साल्ट का अय्यर बो जैमीसन | 16 |
| विराट कोहली का और बो उमरजइ | 43 |
| मयंक अग्रवाल का अर्शदीप बो चहल | 24 |
| रजत पाटीदार पगबाधा बो जैमीसन | 26 |
| लियाम लिविंगस्टोन पगबाधा बो जैमीसन | 25 |
| जितेश शर्मा बो विशाख | 24 |
| रोमारियो शेफर्ड पगबाधा बो अर्शदीप | 17 |
| कृणाल पंड्या का अय्यर बो अर्शदीप | 4 |
| भुवनेश्वर कुमार का आर्य बो अर्शदीप | 1 |
| यश दयाल नाबाद | 1 |

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-40-3, जैमीसन 4-0-48-3, उमरजइ 4-0-35-1, विशाख 4-0-30-1, चहल 4-0-37-1

### पंजाब किंग्स

**184/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| प्रियांश आर्य का साल्ट बो हेजलवुड | 24 |
| प्रभसिमरन सिंह का कुमार बो पंड्या | 26 |
| जोश इंगलिस का लिविंगस्टोन बो पंड्या | 39 |
| श्रेयस अय्यर का शर्मा बो शेफर्ड | 1 |
| नेहाल वढेरा का पंड्या बो कुमार | 15 |
| शशांक सिंह नाबाद | 61 |
| मार्कस स्टोइनिस का दयाल बो कुमार | 6 |
| अजमतुल्लाह उमरजइ का भंडागे बो दयाल | 1 |
| काइल जैमीसन नाबाद | 0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-38-2, दयाल 3-0-18-1, हेजलवुड 4-0-54-1, पंड्या 4-0-17-2, शर्मा 2-0-19-0, शेफर्ड 3-0-30-1

### खिलाडियों पर हुई पैसे की बरसात

| स्टेज | टीम | मिली राशि |
|---|---|---|
| चैंपियन | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 20 करोड़ रुपये |
| रनर-अप | पंजाब किंग्स | 12 .5 करोड़ रुपये |

| अवॉर्ड | इनामी राशि | विजेता |
|---|---|---|
| सुपर स्ट्राइकर ऑफ द मैच | एक लाख रुपये | जितेश शर्मा |
| फैंटसी किंग ऑफ द मैच | एक लाख रुपये | शशांक सिंह |
| सुपर सिक्सेस ऑफ द मैच | एक लाख रुपये | शशांक सिंह |
| ऑन द गो 4s ऑफ द मैच | एक लाख रुपये | प्रियांश आर्या |
| ग्रीन डॉट बॉल्स ऑफ द मैच | एक लाख रुपये | क्रुणाल पांड्या |
| प्लेयर ऑफ द मैच | 5 लाख रुपये | क्रुणाल पांड्या |
| इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन | 10 लाख रुपये | साई सुदर्शन |
| सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन | टाटा कर्व | वैभव सूर्यवंशी |
| फैंटसी किंग ऑफ द सीजन | 10 लाख रुपये | साई सुदर्शन |
| सुपर सिक्सेस ऑफ द सीजन | 10 लाख रुपये | निकोलस पूरन |
| ऑन द गो 4s ऑफ द सीजन | 10 लाख रुपये | साई सुदर्शन |
| ग्रीन डॉट बॉल्स ऑफ द सीजन | 10 लाख रुपये | मोहम्मद सिराज |
| कैच ऑफ द सीजन | 10 लाख रुपये | कामिंदु मेंडिस |
| फेयर प्ले अवॉर्ड | ट्रॉफी | चेन्नई सुपर किंग्स |
| पर्पल कैप | 10 लाख रुपये | प्रसिद्ध कृष्णा |
| ऑरेंज कैप | 10 लाख रुपये | साई सुदर्शन |
| मोस्ट वैलुएबल प्लेयर ऑफ द सीजन | 15 लाख रुपये | सूर्यकुमार यादव |
| पिच एंड ग्राउंड अवॉर्ड | 50 लाख रुपये | दिल्ली एसोसिएशन |



**आईपीएल ऑरेंज कैप :** यह अवॉर्ड पूरे आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज को दिया जाता है।

**फेयर प्ले अवॉर्ड :** यह अवॉर्ड उस टीम को दिया जाता है जिसने पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा अनुशासन के साथ खेला है ।

**मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर :** उस खिलाड़ी को यह अवॉर्ड दिया जाता है जो पूरे आईपीएल सीजन में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में बेहतरीन रहा हो।

**आईपीएल पर्पल कैप :** इस अवॉर्ड का विजेता वह गेंदबाज होता है जिसने पूरे सीजन में सबसे अधिक विकेट लिए हैं।

**इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन :** यह अवॉर्ड सीजन में उभरते सितारे को दिया जाता है। विजेता को 10 लाख रुपये का चेक दिया गया।

### बेंगलुरु की सड़कों पर उमड़ा 'लाल समंदर'

**बेंगलुरु।** जोश हेजलवुड ने जैसे ही मैच की आखिरी गेंद फेंकी, बेंगलुरु की सड़कों पर लाल जर्सी पहने रॉयल चैलेंजर्स के समर्थकों का मानो सैलाब उमड़ पड़ा और ' आरसीबी और कोहली ' के शोर से आसमान गूंज गया। बड़े-बड़े सितारों से सजी आरसीबी की टीम को पिछले 18 साल में यह मौका नहीं मिला था। कभी चेन्नई में जश्न मना तो कभी मुंबई में। कोलकाता, हैदराबाद और जयपुर में भी जीत का यह जश्न मनता आया, लेकिन बेंगलुरु में निराशा छाई रही। तीन जून को पहली बार बेंगलुरु के लोगों ने इसे अनुभव किया। 'ई साला कप नामडे (इस साल कप हमारा होगा) का नारा 'ई साला कप नामुडु (इस साल कप हमारा है) में बदल गया। कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने एक्स पर लिखा कि आपने कर्नाटक के हर व्यक्ति का सपना इस जीत से साकार कर दिया है। पूरी आरसीबी आर्मी के लिए यह भावुक पल। कर्नाटक को गर्व है। आरसीबी के पूर्व कप्तान और भारत के महान लेग स्पिनर अनिल कुंबले ने लिखा, आरसीबी को बधाई। इतने लंबे इंतजार के बाद शानदार जीत। सड़कों पर बाइक और कार पर लोग आरसीबी के बैनर और झंडे लेकर निकल पड़े।

### समापन समारोह में देशभक्ति से रहा सराबोर

**अहमदाबाद।** सबसे आगे होंगे हिंदुस्तानी और दुश्मन के छक्के छुड़ा दें , हम इंडिया वाले जैसे गाने आरसीबी और पंजाब किंग्स के बीच इंडियन प्रीमियर लीग फाइनल से पहले समापन समारोह में गूंजते रहे जिससे नरेंद्र मोदी स्टेडियम देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम पर सीमारेखा के पास मैच की जानकारी देने और विज्ञापनों के लिए इस्तेमाल होने वाले डिजिटल बोर्ड पर भारतीय सशस्त्र बलों का सम्मान, सशस्त्र बलों को सलाम और भारतीय सेना को धन्यवाद जैसे मैसेज चलते रहे। गायक शंकर महादेवन ने अपने बेटों सिद्धार्थ और शिवम के साथ दर्शकों का मनोरंजन किया। युद्ध पर बनी फिल्म लक्ष्य का टाइटल गीत कंधों से मिलते हैं कंधे और ऐ वतन मेरे आबाद रहे तू और वंदे मातरम जैसे गीत इस तिकड़ी ने गाए। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच दुनिया के सबसे बड़े टी-20 टूर्नामेंट के 18वें सत्र के फाइनल से पहले समापन समारोह आयोजित हुआ। आरसीबी टीम पहले वार्मअप के लिये मैदान पर उतरी।



## खेल डायरी

### विलियमसन ने फिर न्यूजीलैंड क्रिकेट का केंद्रीय अनुबंध ठुकराया

**वेलिंगटन।** पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ केंद्रीय अनुबंध को फिर से अस्वीकार कर दिया है और उनका अगले महीने जिंबॉब्वे के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला में खेलना संदिग्ध है। विलियमसन ने पिछले साल भी केंद्रीय अनुबंध को स्वीकार नहीं किया था ताकि वह टी-20 और दुनिया भर की अन्य लीगों में खेलने के लिए स्वतंत्र हो सकें। इसके बजाय उन्होंने पिछले साल एक अनौपचारिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए और 2024 में न्यूज़ीलैंड ने जो 13 टेस्ट मैच खेले उनमें से नौ मैच में हिस्सा लिया और 1,000 से अधिक रन बनाए।

### विंबलडन में चोटिल होने से नहीं खेल पाएंगे किर्गियोस

**लंदन।** विंबलडन में 2022 के उपविजेता निक किर्गियोस चोटिल होने से इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट और इस सत्र में ग्रास कोर्ट पर होने वाली अन्य प्रतियोगिताओं में नहीं खेल पाएंगे। यह 30 वर्षीय आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी कलाई और घुटने के ऑपरेशन सहित कई अन्य चोटों से जूझ रहा है। उन्होंने 2025 में केवल पांच एकल मैच खेले हैं, जिसमें उनका रिकॉर्ड 1-4 रहा है। उन्होंने मियामी ओपन में अंतिम टूर्नामेंट खेला था।

# सिंधु और सात्विक-चिराग की जोड़ी दूसरे दौर में

### इंडोनेशिया बैडमिंटन टूर्नामेंट

- लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पहले दौर में हारकर टूर्नामेंट से हुए बाहर

**जकार्ता, एजेंसी**





दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने मंगलवार को इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्रीक्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, लेकिन लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पहले दौर में हारकर बाहर हो गए।

सिंधु ने महिला एकल में जापान की नोजोमी ओकुहारा को रोमांचक मुकाबले में 22-20, 21-23, 21-15 से हराया। अब राउंड 16 में उनका सामना थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्णपावी चोचुवोंग से होगा। सिंधु ने मैच के बाद कहा, पहले दौर में जीत हासिल करना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे मेरा हौसला बढ़ेगा। मैं पहले दौर में हारती रही हूं, इसलिए मैच जीतना मेरे लिए बहुत उपयोगी और महत्वपूर्ण है। सेन को पुरुष एकल में चीन के शि यू क्यू से 11-21 22-20 15-21 से हार मिली। भारत के इस खिलाड़ी ने पीठ की चोट से उबरकर वापसी की। चोट के कारण वह पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन में मैच के बीच से हट गए थे लेकिन यहां उन्होंने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया। पहला गेम आसानी से गंवाने और दूसरे गेम में 11-17 से पीछे होने के बाद सेन ने जोरदार वापसी की। पुरुष एकल में एचएस प्रणय भी इस 1,450,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट से बाहर हो गए। उन्हें इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से 17-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा।

सात्विक और चिराग की पुरुष युगल जोड़ी ने इंडोनेशिया के लियो रॉली कार्नांडो और बागास मौलाना को पहले दौर के मुकाबले में 18-21 21-18 21-14 से हराकर राउंड 16 में जगह बनाई। सिंधू और ओकुहारा के बीच गलतियों से भरा मैच रोमांचक रहा, जिसमें काफी गेम प्वाइंट और मैच प्वाइंट मिले। वहीं, सिंधू महिला एकल के अगले दौर में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रही। अब उनका मुकाबला थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचिवोंग से होगा।

मालविका बंसोड़ इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी के खिलाफ महिला एकल मैच के बीच में ही रिटायर हो गईं। भारतीय खिलाड़ी जब 21-16 16-15 से आगे चल रही थीं तब वह कोर्ट पर फिसलने के कारण चोटिल हो गई और उन्हें कोर्ट छोड़ना पड़ा। अनुपमा उपाध्याय कोरिया की किम गा इयुन से सीधे गेम में 15-21, 9-21 से जबकि रक्षिता रामराज थाईलैंड की सुपानिडा से 21-14, 15-21, 12-21 से हार गईं।

# एरिगैसी को हराकर दूसरे स्थान पर पहुंचे गुकेश

### नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट

- गुकेश की टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दूसरे दौर में मिली हार का लिया बदला

**स्टावेंजर (नॉर्वे), एजेंसी**



भारत के मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने कुछ विपरीत परिस्थितियों से गुजरने के बाद हमवतन अर्जुन एरिगैसी को पहली बार क्लासिकल बाजी में हराया, जिससे वह नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए। गुकेश की टूर्नामेंट में यह लगातार दूसरी जीत है। उन्होंने पिछले दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया था। इस 19 वर्ष के खिलाड़ी ने इस जीत से एरिगैसी से दूसरे दौर में मिली हार का बदला चुकता भी किया। गुकेश के अब 11.5 अंक हो गए हैं और उन्होंने नॉर्वे के गत चैंपियन कार्लसन को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना 12.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं। उन्होंने चीन के वेई यी को हराया। कार्लसन एक अन्य अमेरिकी ग्रैंडमास्टर और विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ आर्मागेडन में जीत के बाद 11 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। नाकामुरा 8.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। गुकेश से हार के बाद एरिगैसी 7.5 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गए, जबकि वेई यी 6.5 अंकों के साथ छठे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट में अभी तीन दौर की बाजियां खेली जाने बाकी हैं। महिला वर्ग में, यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक ने आर्मागेडन टाई-ब्रेक में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी को हराया, जबकि भारत की एक अन्य खिलाड़ी आर वैशाली चीन की लेई टिंगजी से हार गई।

NORWAY CHESS

# भारत तभी पाकिस्तान से बात करेगा जब वह आतंक के खिलाफ ठोस कार्रवाई करे

- सांसद थरूर ने कहा- सभ्यता और शांति के लिए एक साझा दृष्टिकोण खोजने की जरूरत

ब्रासीलिया, एजेंसी

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ बातचीत करने में समस्या भाषा नहीं है, बल्कि सभ्यता और शांति के लिए एक साझा दृष्टिकोण खोजने की जरूरत है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अगर पाकिस्तान देश में मौजूद हर आतंकवादी बुनियादी ढांचे के खिलाफ उल्लेखनीय कार्रवाई करता है, तो भारत उससे बातचीत कर सकता है।

ब्राजील में एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे थरूर ने यह भी कहा कि उनकी टीम ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के संदेश को लातिन अमेरिकी देशों तक सफलतापूर्वक पहुंचाया, जिनमें वे देश भी शामिल हैं जिन्हें कुछ गलतफहमियां हो सकती हैं। थरूर ने कहा, हम अपने वार्ताकारों से यही कहते हैं कि अगर पाकिस्तान इतना ही निर्दोष है जितना वह दावा करता है, तो वह पनाह क्यों देता है।

## अरब लीग के महासचिव से मिला प्रतिनिधिमंडल



मिस्र में सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में भारत का बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल।

**काहिरा।** सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने मिस्र में अरब लीग के महासचिव अहमद अबुल गईत से मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख को रेखांकित किया। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ रुख को नयी दिल्ली और अरब लीग दोनों के लिए प्राथमिकता बताया। सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मिस्र की अरब लीग के महासचिव से मुलाकात की।



## एआई से बना रहे डीपफेक

**24** घंटे के भीतर शिकायत के बाद भारत में हटाना होगा वीडियो

**96%** गैर-सहमति वाली पोर्नोग्राफी समाज के लिए खतरा

एआई से डीपफेक तकनीक का इस्तेमाल झूठी जानकारी या प्रचार करके जनता को गुमराह करने के लिए किया जा रहा है। डीपफेक वीडियो में किसी विश्व नेता या सेलिब्रिटी को कुछ ऐसा कहते हुए दिखाया जा सकता है जो उन्होंने नहीं कहा है, जिसे फेक न्यूज़ भी कहा जाता है जो जनता की राय बदल देता है। साइबर अपराधी डीपफेक प्रौद्योगिकी का उपयोग घोटाले, झूठे दावे और झांसे बनाने के लिए कर सकते हैं जो संगठनों को कमजोर और अस्थिर करते हैं। उदाहरण के लिए, कोई हमलावर किसी वरिष्ठ अफसर का कोई झूठा वीडियो बना सकता है जिसमें वह वित्तीय अपराध जैसे आपराधिक कृत्य को स्वीकार कर रहा हो या संगठन की गतिविधि के बारे में झूठे दावे कर रहा हो। इसे गलत साबित करने में समय और पैसा खर्च करने के अलावा, इससे व्यवसाय के ब्रांड, सार्वजनिक प्रतिष्ठा और शेयर की कीमत पर बड़ा असर पड़ सकता है।

### भारत में चर्चित मामले

**प्रधानमंत्री मोदी:** एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें प्रधानमंत्री जैसा दिखने वाला व्यक्ति गरबा करते हुए दिखाई दिया था। तब मोदी ने कहा था कि डीपफेक अराजकता पैदा कर सकते हैं, नागरिकों व मीडिया से सतर्क रहने को कहा था।

**प्रियंका चोपड़ा:** दिसंबर 2023 में एक वीडियो में एक ब्रांड का प्रचार करते और अपनी वार्षिक आय का खुलासा करते हुए देखा गया। वीडियो में प्रियंका का चेहरा नहीं बदला गया था। उनकी आवाज व मूल वीडियो की लाइन के ऑडियो को नकली ब्रांड विज्ञापन से बदल दिया गया था।

### ज्यादातर सेलिब्रिटी बनते हैं निशाना

- डीपफेक से होने वाला एक बड़ा खतरा गैर-सहमति वाली पोर्नोग्राफी है, जो इंटरनेट पर 96% तक डीपफेक के लिए जिम्मेदार है। इनमें से ज्यादातर सेलिब्रिटी को निशाना बनाया जाता है। डीपफेक तकनीक का इस्तेमाल बदला लेने के लिए पोर्न बनाने के लिए भी किया जाता है। नवंबर 2024 में एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का डीपफेक वीडियो वायरल हुआ था।

### सांसद ने दिखाई एआई-जेनरेटेड न्यूड तस्वीर

- न्यूजीलैंड की महिला सांसद लॉरा मैक्लर ने 14 मई को संसद में अपनी एक एआई-जेनरेटेड न्यूड तस्वीर दिखाई। उनका मकसद लोगों को ये बताना था कि ऐसी फर्जी तस्वीरें बनाना कितना आसान है और खतरनाक हैं। कहा कि उन्होंने गूगल सर्च के जरिए वेबसाइट का इस्तेमाल करके कुछ ही मिनटों में डीपफेक तस्वीर बना ली।

### भारत में डीपफेक को लेकर नियम

- डीपफेक कंटेंट मिलते ही कोई भी एफआईआर करा सकता है। प्लेटफॉर्म यूजर्स से यह शपथ लेगा कि वह डीपफेक कंटेंट नहीं डालेगा। इस संबंध में अलर्ट मैसेज देंगे। सहमति के बाद ही यूजर अकाउंट एक्सेस कर सकेगा। डीपफेक कंटेंट को 24 घंटे में हटाना होगा। उसका अकाउंट बंद कर अन्य प्लेटफॉर्म को सूचना देनी होगी।

## एक नजर

### आतंकियों से संबंध रखने में तीन कर्मी बर्खास्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और हिज्ब-उल-मुजाहिदीन के साथ कथित संलिप्तता के लिए तीन सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया। एक पुलिस कांस्टेबल, एक स्कूल शिक्षक और सरकारी मेडिकल कॉलेज में एक जूनियर सहायक को संविधान के अनुच्छेद 311(2)(सी) के तहत बर्खास्त कर दिया गया। तीनों जेल में बंद हैं।

### पुलिस कार्रवाई से भारतवंशी व्यक्ति की हालत नाजुक

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में 42 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति को गिरफ्तारी के दौरान पुलिस द्वारा उसके गले पर कथित तौर पर घुटना रखने के बाद गंभीर हालत में जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया है। पुलिस अधिकारी को लगा कि व्यक्ति घरेलू हिंसा में शामिल है, जिसके बाद उसने यह कार्रवाई की। यह घटना पिछले सप्ताह एडिलेड के पूर्वी हिस्से में रॉयस्टन पार्क के पेनहैम रोड पर हुई थी।

### पद से हटाने के बाद मुनीर पत्नी बुशरा के खिलाफ हो गए

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर की प्रतिशोधी स्वभाव के बारे में बात करते हुए कहा कि इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के महानिदेशक के पद से हटाए जाने के बाद फील्ड मार्शल उनकी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ हो गए। खान ने कहा, जब मैंने प्रधानमंत्री के रूप में जनरल आसिम मुनीर को पद से हटाया, तो उन्होंने इस मामले पर चर्चा करने के लिए मध्यस्थों के माध्यम से मेरी पत्नी बुशरा बीबी से संपर्क करना चाहा। बुशरा ने स्पष्ट रूप से मना कर दिया और कहा कि उनका ऐसे मामलों से कोई लेना-देना नहीं है।

### इजराइल से टैंक विध्वंसक मिसाइल प्रणाली करार रद्द

**मैड्रिड।** स्पेन ने एक इजराइली कंपनी की सहायक फर्म के साथ टैंक विध्वंसक मिसाइल प्रणाली की खरीद से जुड़ा करार रद्द करने का फैसला किया है। स्पेन के रक्षा मंत्रालय ने खबरों की पुष्टि करते हुए यह जानकारी दी। स्पेन को 168 'स्पाइक एलआर2' टैंक विध्वंसक मिसाइल प्रणाली की खरीदारी करनी थी, जिनकी अनुमानित लागत 28.5 करोड़ यूरो थी, लेकिन अब इस करार को रद्द करने का फैसला किया गया है।

# असम में बाढ़ से 5.35 लाख प्रभावित प्रधानमंत्री ने मदद का दिया आश्वासन

## मोदी ने सीएम हिमंत से की बात, 20 जिलों में स्थिति गंभीर, भारी बारिश का पूर्वानुमान

गुवाहाटी, एजेंसी

असम में बाढ़ की स्थिति मंगलवार को भी गंभीर बनी रही और 20 से अधिक जिलों में 5.35 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में और बारिश का पूर्वानुमान जताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से फोन पर बात कर बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली और उन्हें केंद्र सरकार से पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

शर्मा दिन में कछार जिले का दौरा करेंगे, जो मौजूदा बाढ़ से राज्य के सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी), गुवाहाटी ने मंगलवार के लिए चार जिलों धुबरी, दक्षिण सलमारा मानकाचर, ग्वालपारा और कोकराझार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है और बाढ़ तथा भूस्खलन की घटना में मरने वालों की संख्या 11 हो गई है, जबकि दो अन्य लापता हैं। राज्य के 22 जिलों के 65 राजस्व मंडलों और 1,254 गांवों में 5.15 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। इसमें श्रीभूमि सबसे अधिक प्रभावित जिला है जहां 1,94,172 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। कुल 165 राहत शिविरों में 31,212 विस्थापित लोगों को आश्रय दिया गया है, जबकि 157 अन्य राहत वितरण केंद्र भी कार्यरत हैं। पिछले 24 घंटे में 12,610 हेक्टेयर क्षेत्र में लगी फसलें जलमग्न हो गई हैं, जबकि 94 जानवर बाढ़ के पानी में बह गए हैं। ब्रह्मपुत्र, बराक और कोपिली नदियां खतरे के स्तर से ऊपर बह रही हैं, जबकि सुबनसिरी, बूढ़ी दिहिंग, धनसिरी, रुकनी, धलेश्वरी, कटाखल और कुशियारा सहित अन्य नदियां भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।



भारतीय सेना के जवान मणिपुर के बाढ़ प्रभावित इलाके से लोगों को निकालते हुए।

### अरुणाचलः जान गंवाने वालों की संख्या 11 हुई

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले में दीवार गिरने की घटना में एक मजदूर की मौत हो गई। इससे राज्य में लगातार जारी बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 11 पर पहुंच गई है। बयान में कहा गया है कि 23 जिलों के 156 गांवों में बाढ़ से कुल 938 लोग प्रभावित हुए हैं।

### मिजोरम : पांच की मौत और 152 घर क्षतिग्रस्त

**आइजोल।** मिजोरम में पिछले दस दिनों में भारी बारिश के कारण भूस्खलन, मकान ढहने और अन्य घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई। भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ से मकान और दीवारें ढहने से चंफाई जिले में तीन और आइजोल तथा सेरछिप जिलों में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। भूस्खलन की 552 घटनाएं हुईं, जबकि बारिश से 152 मकान ढह गए।

## भारतीय अंतरिक्ष यात्री को आईएसएस ले जाने वाला मिशन 10 तक स्थगित

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) ले जाने वाला एक्सिओम स्पेस का मिशन 10 जून तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह घोषणा एक्सिओम-4 मिशन के चालक दल के सदस्यों के साथ ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन के दौरान की गई। चालक दल के सदस्य आईएसएस की यात्रा से पहले वर्तमान में पृथक-वास में हैं। यह मिशन फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित होगा। अब यह मिशन 10 को शाम 5:52 रवाना होगा। यह अंतरिक्ष उड़ान मूलतः 29 मई के लिए निर्धारित थी तथा बाद में इसे आठ जून के लिए पुनर्निर्धारित कर दिया गया।

## बेयरबॉक चुनी गईं संरा महासभा की अध्यक्ष

- रूस ने की गुप्त मतदान की मांग, 14 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने गुप्त मतदान की रूस की मांग के बीच जर्मनी की पूर्व विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक को 193 सदस्यीय विश्व निकाय का अगला प्रमुख चुना। बेयरबॉक को 167 वोट मिले जो कि जीत के लिए आवश्यक 88 वोटों से लगभग दोगुने हैं जबकि उच्च पदस्थ जर्मन राजनयिक हेल्गा श्मिड को लिखित रूप में सात वोट मिले वहीं 14 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया।

जर्मनी ने महासभा के अध्यक्ष पद के लिए श्मिड को नामित किया था, लेकिन हाल में हुए चुनाव में देश के विदेश मामलों के प्रमुख के पद से बैरबॉक की हार के बाद उन्हें ही नामित किया। इस निर्णय की जर्मनी में आलोचना भी की गई थी। जब 15 मई को बेयरबॉक अपनी उम्मीदवारी पर चर्चा करने के लिए महासभा के समक्ष उपस्थित हुईं तो संयुक्त राष्ट्र में रूस के उप राजदूत दिमित्री ने उन पर हमला बोलते हुए कहा था, बेयरबॉक ने बार-बार अपनी अक्षमता, अत्यधिक पूर्वाग्रह और कूटनीति के बुनियादी सिद्धांतों की समझ नहीं होना साबित किया है।



## द. कोरिया में वामपंथी ली जे-म्यांग बने राष्ट्रपति

सियोल, एजेंसी

- देश में कई महीनों से जारी राजनीतिक उथल-पुथल का अंत



दक्षिण कोरिया में विपक्षी उम्मीदवार ली जे-म्यांग मंगलवार देर रात को राष्ट्रपति निर्वाचित हो गए। यह जीत देश में कई महीनों से जारी राजनीतिक उथल-पुथल का अंत करेगी, जो अब अपदस्थ रूढ़िवादी नेता यून सुक येओल द्वारा मार्शल लॉ लागू करने के आश्चर्यजनक फैसले के कारण शुरू हुई थी।

यह स्पष्ट नहीं है कि ली के चुनाव से देश की विदेश नीति में कोई बड़ा व तात्कालिक बदलाव आएगा या नहीं। ली पर पहले आलोचकों द्वारा चीन व उत्तर कोरिया की ओर झुकाव और अमेरिका और जापान से दूर रहने का आरोप लगाया गया था। दक्षिण कोरिया के नये राष्ट्रपति के सामने सबसे कठिन बाहरी चुनौतियां अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की कर नीति और उत्तर कोरिया का बढ़ता परमाणु कार्यक्रम हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार ली 48.86 प्रतिशत मतों के साथ आगे थे। मुख्य रूढ़िवादी उम्मीदवार किम मून सू को 41.98 प्रतिशत मत मिले। किम ने ली को बधाई भी दी थी।

## पाकिस्तानः हिंदू व्यक्ति की पिटाई के मामले में मीडिया उद्यमी गिरफ्तार

**कराची।** पाकिस्तान के कराची में मामूली सड़क दुर्घटना के बाद अपने अंगरक्षकों के साथ मिलकर एक हिंदू व्यक्ति की पिटाई करने के आरोप में मीडिया क्षेत्र के एक उद्यमी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि एक हिंदू व्यक्ति की बेरहमी से पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद काफी आक्रोश फैल गया।

इसके बाद आरोपी सलमान फारूक और उसके साथियों को सोमवार देर रात कराची में गिरफ्तार कर लिया गया। इस सिलसिले में दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक यह घटना रविवार को डिफेंस सोसाइटी इत्तेहाद इलाके में हुई। सुधीर धुन राज ब्यूटी पार्लर में काम करने वाली अपनी बहन कल्पना को लेने आया था और इसके बाद वह अपनी सबसे छोटी बहन को लेने जा रहा था, तभी उसकी मोटरसाइकिल फारूक की कार से टकरा गई।

## यूक्रेन में रॉकेट हमले में चार की मौत रूस में कीव ने पुल किया क्षतिग्रस्त

- यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले की निंदा की

कीव, एजेंसी



रूस ने मंगलवार को यूक्रेन के शहर सुमी को निशाना बनाकर हमला किया जिसमें कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि यह इस बात को रेखांकित करता है कि मॉस्को का तीन साल से जारी युद्ध को रोकने का कोई इरादा नहीं है।

इस बीच, यूक्रेन की खुफिया एजेंसी ने कहा कि उसने रूस के अंदर फिर से हमला किया है। इसके दो दिन पहले यूक्रेन ने ड्रोन के जरिये रूस के अंदर घुसकर उसके हवाई अड्डों पर भीषण हमला किया था जिसमें कई विमान नष्ट हो गए थे। यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि तीन साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए प्रत्यक्ष शांति वार्ता में कोई प्रगति नहीं होने के एक दिन बाद उत्तर-पूर्वी शहर के केंद्र में स्थित इमारतों और एक अस्पताल पर रॉकेटों की बौछार कर दी गई।

जेलेंस्की ने कहा इस युद्ध को समाप्त करने से जुड़ी रूस की इच्छा के बारे में आपको बस इतना ही जानना चाहिए। यह स्पष्ट है कि वैश्विक दबाव के बिना, अमेरिका, यूरोप और दुनिया के सभी सत्तारूढ़ लोगों की निर्णायक कार्रवाई के बिना, (रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर) पुतिन युद्धविराम के लिए सहमत नहीं होंगे।

## भूकंप के बाद निकासी के दौरान पाकिस्तान की जेल से 200 कैदी भागे

**कराची।** पाकिस्तान में भूकंप के बाद एहतियात के तौर पर वहां की एक जेल से कैदियों को निकाले जाने के दौरान मची अफरा-तफरी के बाद कम से कम 216 कैदी जेल से भाग गए। मंगलवार को मीडिया में आई खबरों से यह जानकारी मिली। कराची की मलीर जेल में सोमवार रात हुई घटना में एक कैदी की मौत हो गई और अर्द्धसैनिक फ्रंटियर कोर के तीन जवान तथा एक जेल कर्मचारी घायल हो गया।

जेल अधिकारियों के अनुसार, 80 से अधिक कैदियों को फिर से पकड़ लिया गया। कराची में पिछले 24 घंटे में कई बार भूकंप के झटके आए। जेल अधीक्षक अरशद शाह ने कहा कि भूकंप के दौरान 600 से अधिक कैदियों को उनके बैरक से बाहर निकाला गया था। शाह के हवाले से खबर में कहा गया है, अफरा-तफरी के बीच 216 कैदी भाग निकले।

## राहत वितरण केंद्र जा रहे 27 की इजराइली सेना ने की हत्या

यूनिस (गाजा पट्टी), एजेंसी

फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि इजराइली सेना ने मंगलवार को एक राहत वितरण केंद्र की तरफ बढ़ रहे लोगों पर गोलीबारी करके कम से कम 27 लोगों की हत्या कर दी। यह तीन दिन में इस तरह की तीसरी घटना है।

इजराइली सेना ने कहा कि उसने कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के पास गोलीबारी की जो निर्धारित मार्ग से हटकर सेना की ओर बढ़े थे और उन्होंने इस दौरान दी गई चेतावनी की अनदेखी की थी। गोलीबारी उसी जगह पर हुई जहां एकदिन पूर्व इजराइली सुरक्षाबलों ने भीड़ पर गोली चलाई थी। ये भीड़ दक्षिणी गाजा में उस सहायता केंद्र की ओर जा रही थी, जिसे इजराइल और अमेरिका समर्थित 'गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन' संचालित कर रहा है।



गाजा में मौत पर विलाप करती महिला।

### गाजा में इजराइल के तीन सैनिक मारे गए

**खान यूनिस।** इजराइली सेना ने मंगलवार को कहा कि गाजा पट्टी में उसके तीन सैनिक मारे गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि मार्च में हमास के साथ युद्ध विराम समाप्त होने के बाद से इजराइली सेना पर यह सबसे घातक हमला है। सेना ने बताया कि तीनों सैनिक सोमवार को उत्तरी गाजा में लड़ाई के दौरान मारे गए।

## सिंगापुर में भारतीय पोत परिवहन क्षेत्र में अवसरों पर भारत ने की चर्चा

**पेरिस।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री गान किम योंग के साथ मंगलवार को बैठक की और आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने एवं भारतीय पोत परिवहन क्षेत्र के व्यापक अवसरों पर चर्चा की। गोयल व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने के लिए फ्रांस के नेताओं और कारोबारियों से मिलने यात्रा पर यहां पहुंचे हैं। मंत्री ने पिछले तीन दिन में बड़ी कंपनियों के सीईओ और मंत्रियों के साथ कई बैठकें की हैं।

उन्होंने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के कार्यकारी निदेशक फतिह बिरोल, नाइजीरिया के व्यापार मंत्री जुमोके ओडुवोले, फ्रांस के अर्थव्यवस्था एवं वित्त मंत्री एरिक लोम्बार्ड, मोटर वाहन आपूर्तिकर्ता कंपनी वेलियो ग्रुप के सीईओ क्रिस्टोफ पेरिलाट तथा लोरियल ग्रुप के सीईओ निकोलस हिरोनिमस के साथ मुलाकात की।

## पाकिस्तान के लिए जासूसी करते दो आरोपी गिरफ्तार

- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान संवेदनशील जानकारी साझा करने का आरोप

चंडीगढ़/ जयपुर, एजेंसी

पंजाब के तरनतारन जिले के एक व्यक्ति को 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सेना की तैनाती और रणनीतिक स्थानों के बारे में संवेदनशील जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों के साथ साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। वह कथित तौर पर पाकिस्तान स्थित खालिस्तान समर्थक नेता गोपाल सिंह चावला के संपर्क में भी था। वहीं, राजस्थान पुलिस ने जैसलमेर के रोजगार कार्यालय में कार्यरत सहायक प्रशासनिक अधिकारी (एएओ) शकूर खान को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया है।

पंजाब के डीजीपी ने बताया कि आरोपी की पहचान तरनतारन के मोहल्ला रोडूपुर, गली नजर सिंह वाली के निवासी गगनदीप सिंह उर्फ गगन के रूप में हुई है। उसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना की गतिविधियों से संबंधित संवेदनशील जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों के साथ साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### सहायक प्रशासनिक अधिकारी भी करता था जासूसी

राजस्थान पुलिस ने जैसलमेर के रोजगार कार्यालय में कार्यरत सहायक प्रशासनिक अधिकारी (एएओ) शकूर खान को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया है। शकूर पर भारत से जुड़ी सामरिक महत्व की गोपनीय सूचनाएं पाकिस्तान को भेजने का आरोप है।

## पाकिस्तान में टिकटॉक स्टार सना यूसुफ की गोली मारकर हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर किशोरी की उसके घर में कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। सोशल मीडिया मंच टिकटॉक और इंस्टाग्राम पर इस इन्फ्लुएंसर के 10 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं और पाकिस्तान में पिछले पांच माह के भीतर इस तरह का यह तीसरा मामला है। पुलिस ने बताया कि इस्लामाबाद में सुंबल पुलिस थाने के अंतर्गत सेक्टर जी-13/1 में सोमवार को सना यूसुफ (17) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपी उमर हयात उर्फ काका को फैसलाबाद से गिरफ्तार कर लिया। खबर में बताया गया कि हयात भी 'टिकटॉक' का इस्तेमाल करता है और उसने हत्या की बात कबूल कर ली है।

सम्मेलन | अमेरिका के उपराष्ट्रपति की पत्नी ने यूएसआईएसपीएफ नेतृत्व शिखर सम्मेलन के आठवें संस्करण को किया संबोधित

# भारत-अमेरिका संबंध मेरे लिए बहुत व्यक्तिगत हैं : उषा वेंस

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की पत्नी उषा वेंस ने भारत-अमेरिका संबंध को अपने लिए बेहद व्यक्तिगत बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत व अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंधों के लिए यह बहुत अच्छा अवसर है जो कई बार उतार-चढ़ाव से गुजरे हैं।

वेंस ने यहां अमेरिका-भारत रणनीतिक भागीदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) नेतृत्व शिखर सम्मेलन के आठवें संस्करण में कहा, यह एक बहुत ही व्यक्तिगत संबंध है, क्योंकि मेरे परिवार के सदस्य भारत में रहते हैं और परिवार के कई सदस्य यहां अमेरिका में भी रहते हैं। मैं बचपन से भारत आती जाती रही हूं तथा वहां अपने परिवार के सदस्यों से मिलती रही हूं और वे मेरे पास आते रहे हैं। उन्होंने कहा, यह हमेशा से एक ऐसा संबंध रहा है जिसे मैंने व्यक्तिगत रूप से बहुत महत्वपूर्ण माना है। कार्यक्रम में भारत और अमेरिका के प्रमुख सरकारी, व्यापारिक और समुदाय से जुड़े नेता उपस्थित थे। यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष व जेसी2 वेंचर्स के संस्थापक एवं सीईओ जॉन चैंबर्स द्वारा आयोजित अनौपचारिक बातचीत में दोनों देशों के बीच संबंधों के बारे में दृष्टिकोण को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में वेंस ने कहा, मैं इसके बारे में व्यापक रूप से सोचती हूं।



वाशिंगटन डीसी में यूएसआईएसपीएफ के आठवें संस्करण के दौरान उषा वेंस।

### वेंस ने कहा- यहां भारतीय-अमेरिकी समुदाय की एक स्थापित आबादी

उषा वेंस ने कहा, लेकिन वर्तमान में मुझे लगता है कि अगले चार वर्षों में और भविष्य में कई बड़े अवसर प्राप्त होने वाले हैं। यहां भारतीय-अमेरिकी समुदाय की एक स्थापित आबादी है और भारत में इतने सारे लोग हैं जो देश को जानते हैं और यहां के लोगों को जानते हैं जो बेहतरीन काम कर रहे हैं, बड़े अवसर प्राप्त कर रहे हैं। वेंस ने कहा, मुझे याद है कि जब मैं, उपराष्ट्रपति जेडी और हमारे तीन बच्चे अप्रैल में भारत यात्रा पर गए थे, तब मैं यह देखकर हैरान रह गई थी जब कई लोगों ने मुझे बताया कि उन्हें हमारा देश कितना पसंद है, वे किस तरह अपने परिवार से मिलने आते हैं, वे किस तरह सिर्फ मौज-मस्ती के लिए आते हैं, वे भविष्य में हमारे साथ एक करीबी रिश्ता बनाने की उम्मीद कर रहे हैं और मुझे लगता है कि इन व्यक्तिगत संबंधों का वास्तव में इससे कुछ लेना-देना है। नेतृत्व शिखर सम्मेलन में यूएसआईएसपीएफ ने आईबीएम के अध्यक्ष अरविंद कृष्णा, आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला और हिताची के कार्यकारी अध्यक्ष तोशियाकी हिगाशिहारा को अमेरिका-भारत-जापान आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 2025 वैश्विक